समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 59
लखनऊ, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

प्रदेश की शांति व सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश नहीं होगी सफल : केशव प्रसाद मौर्य 03

विश्व भारत की प्रतिभाओं का लाभ ले : एस जयशंकर 12

बहराइच में बिगड़े हालात, इंटरनेट सेवा निलंबित

सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति बनी तनावपूर्ण, आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े

अपर पुलिस महा निदेशक ने संभाला मोर्चा

समृद्धि न्यूज

अब तक 30 लोग लिए गए हिरासत में : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार को महसी के महाराजगंज क्षेत्र के मुस्लिम इलाके से मूर्ति विसर्जन के लिए दुर्गा प्रतिमा ले जाई जा रही थी। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गये। इसमें हिन्दू पक्ष से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई तो विभिन्न स्थानों पर मूर्ति विसर्जन को रोक दिया गया था। इसकी आड़ में अराजक तत्वों ने उपद्रव मचाया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर मूर्ति विसर्जन करवाया। मृतक के परिजनों को आश्वासन देकर अंतिम संस्कार कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल, पीएसी और आरएएफ की तैनाती की गई है। 30 लोग हिरासत में लिये गये हैं।

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हिंसा में मारे गए युवक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। उसी की आड़ में अराजक तत्व आगजनी की घटना और तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, दंगा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। क्षेत्र में पीएसी भी तैनात है।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। विधायक व प्रशासन केपरिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए मनाने के बाद अंतिम संस्कार हो सका। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ प्रभावित इलाकों में गश्त पर हैं। महाराजगंज में महसी इलाके में रविवार की शाम को दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। डीजे की धुन पर लोग ना गा रहे थे। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाने को बंद करने को कहा तो दोनों समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट, पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक युवक राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद लोग और आक्रोशित हो गये और बवाल बढ़ गया। बलवाइयों ने सरकारी सम्पत्ति, दुकानों, घरों और वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया।

बवाल बढ़ता देखकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आसपास के जिलों से अतिरिक्त फोर्स मंगवा ली। प्रशासन और पुलिस ने किसी तरह हालात को काबू में किया। राम गोपाल का शव पंचनामा के बाद उनके घर ले जाया गया तो परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक बार फिर शांतिपूर्ण माहौल तनावपूर्ण हो गया। लोग लाठी–डंडा लेकर सड़क पर उतर गये। सामने जो कुछ भी दिखता, उसे आग के हवाले कर दे रहे थे। घटना का संज्ञान लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सोमवार को सचिव (गृह) संजीव गुप्ता और अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश बहराइच जनपद पहुंचे। उन्होंने मोर्चा संभाला। उपद्रवियों को खदेड़ा। विधायक और प्रशासन के लोगों ने आश्वासन दिया कि रामगोपाल के गुनाहगारों को बख्शा नहीं जाएगा।

माहौल खराब करने वाले नहीं जाएंगे बख्शे : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी ने घटना का संज्ञान लेते हुए लखनऊ में जारी बयान में कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी को सुरक्षा की गारंटी, लेकिन उपद्रवियों और जिनकी लापरवाही से घटना घटी है, ऐसे लोगों को चिह्नित कर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रतिमा विसर्जन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''मूर्ति विसर्जन जारी रहना चाहिए। धार्मिक संगठनों से संवाद कर मूर्ति विसर्जन समय पर करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की सुरक्षा की गारंटी है। साथ ही उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने उन लोगों की पहचान करने को भी कहा जिनकी लापरवाही से यह घटना हुई है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कम से कम सात अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि जब महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे से रेहुआ मंसूर गांव तक मूर्ति विसर्जन जुलूस निकल रहा था तभी उस स्थान पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने डीजे बजाने को लेकर आपत्ति जताई, जिसके बाद विवाद बढ़ा तो पथराव और गोलीबारी शुरू हो गयी।

आजम खान को झटका, सरकारी जमीन मामले में याचिका हुई रद्द

एजेंसी

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर दिया गया था और उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता आजम खान की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में जिरह के दौरान उन्होंने कहा कि अभी स्कूल में 300 बच्चे पढ़ रहे हैं, लिहाजा उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट आदेश पर रोक लगाया जाए और प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा वाली पीठ ने यूपी सरकार को ये आदेश दिया कि राज्य सरकार ये सुनिश्चित करें वहां पढ़ रहे करीब 300 छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक

संस्थानों में हो सके। दरअसल, हाईकोर्ट ने रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को सरकारी जमीन का पट्टा मामले में सपा नेता खिलाफ फैसला सुनाया था। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति की तरफ से हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफसर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी, जिसको रद्द कर दिया गया। आजम खान मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। बता दें कि इससे पहले 28 अगस्त को आजम खान को एक अन्य मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। उनको 2019 में आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया था सबूतों के अभाव के चलते उन पर आचार संहिता का उल्लंघन नहीं पाया गया और वो इस केस से दोषमुक्त हो गए थे।

संक्षिप्त समाचार

उमर कल लेंगे जम्मू-कश्मीर के सीएम पद की शपथ

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज उन्हें सरकार बनाने और नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया है। उपराज्यपाल ने अब्दुल्ला को संबोधित एक पत्र में कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला से 11 अक्टूबर, 2024 को एक पत्र मिला है जिसमें बताया गया है कि उमर अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। उन्होंने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा, सीपीआईएम के सचिव जी.एन. मलिक, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता और निर्दलीय विधायकों प्यारे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, चौ. मोहम्मद अकरम, डॉ. रामेश्वर सिंह और मुजफ्फर इकबाल खान से भी एक पत्र मिला है जिसमें उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के गठन में समर्थन देने की पेशकश की गई है।

बिजली विभाग के जेई के निलम्बन आदेश पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर के निलम्बन आदेश पर रोक लगाते हुए वेतन सहित बहाल करने का आदेश दिया है और कहा है कि विभागीय कार्यवाही के लम्बित रहने के आधार पर किसी को अनिश्चित काल तक निलम्बित नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने राज्य सरकार से याचिका पर जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तिथि 17 नवम्बर नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने अनंत कुमार की याचिका पर दिया है। याची बिजली विभाग मवाना, मेरठ में जेई के पद कार्यरत हैं। मीटर रीडिंग नहीं लेने व अन्य आरोप लगाकर अधीक्षण अभियंता ने तीन मई 2024 को निलम्बित कर दिया, विभागीय जांच बैठा दी। इस आदेश को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि जो आरोप लगाया गया है, वह उसकी जिम्मेदारी मे नही आता। दूसरा यह कि लापरवाही के लिए उसे निलम्बित नहीं किया जा सकता।

उप्र में हल्की बौछारें पड़ने की संभावना, गिरेगा तापमान

कानपुर। उत्तर प्रदेश मानसून पूरी तरह से वापस हो गया है लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ रही है। ऐसे में तेज बारिश की संभावना तो फिलहाल नहीं है, पर स्थानीय स्तर पर बौछारें पड़नी की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों दक्षिण पश्चिम सर्द हवाओं का असर पड़ेगा, जिससे तापमान में गिरावट होगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि मानसून वापसी के बाद उत्तर प्रदेश का मौसम शुष्क हो गया है।

ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा : अमित शाह

एजेंसी



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हमारी युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से सुरक्षित कर एक नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति कटिबद्ध है।

एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। शाह ने दिल्ली पुलिस को कई ऑपरेशन्स के तहत 13 हज़ार करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स की ज़ब्ती के लिए बधाई दी। इसमें गुजरात पुलिस के साथ मिलकर 5 हज़ार करोड़ रुपये की कोकीन की बरामदगी भी शामिल है। ड्रग्स के व्यापार पर हालिया सख्ती के तहत दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस ने 13 अक्टूबर को गुजरात के अंकलेश्वर में एक कंपनी में छापेमारी कर 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5,000 करोड़ रुपये है। इससे पहले 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में एक गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान ये पता चला कि बरामद मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर से आया था। इस मामले में अब तक कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड की मारिजुआना बरामद हो चुकी है, जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये है।

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में उछल कर नौ माह के उच्चतम स्तर 5.49 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65 प्रतिशत थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत या उससे हद से हद दो प्रतिशत ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 प्रतिशत और 5.05 प्रतिशत रही।

सुप्रीम कोर्ट की नई बिल्डिंग का भूमि पूजन, मिलेंगी पांच सितारा सुविधाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के विस्तारित बिल्डिंग के लिए सोमवार को भूमि पूजन समारोह हुआ। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, दूसरे जजों और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और अर्जुन राम मेघवाल ने फावड़ा चलाकर और नारियल तोड़कर इस काम की शुरुआत की। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी हुई।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि न्यायपालिका हमारे लोकतंत्र का बड़ा स्तंभ है। आज सुप्रीम कोर्ट के विस्तारित बिल्डिंग का भूमि पूजन पृथ्वी स्वयं, नारियल का जल, दीपक की अग्नि, वायु और आकाश सभी की साक्षी में हुआ। मेघवाल ने कहा कि विधायिका का नया भवन संसद बना। कार्यपालिका के लिए नया भवन सेंट्रल विस्टा बन रहा है और अब न्यायालिका का सुप्रीम कोर्ट के लिए भी विस्तारित भवन का भूमि पूजन हो गया। नई इमारत में नए कोर्ट रूम और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि नई इमारत सुप्रीम कोर्ट के विकास के साथ साथ शक्ति का भी प्रतीक है।

एक जनवरी 2025 तक पटाखा निर्माण भंडारण, बिक्री व प्रयोग पर रहेगी रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने यहाँ सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि सर्वविदित है कि पटाखों के इस्तेमाल से हवा की गुणवत्ता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।

पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है।

सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। सरकार दिल्ली की जनता से प्रदूषण के खिलाफ इस सामूहिक लड़ाई में सहयोग और समर्थन की अपील करती है। दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी। यह पहल दिल्ली में वायु गुणवत्ता को सुधारने की दीर्घकालिक अवधि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महाराष्ट्र राज्य कौशल विवि का नाम रतन टाटा के नाम पर रखने की मंजूरी

मुंबई। महाराष्ट्र कैबिनेट ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कैबिनेट ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय (एमएसएसयू) का नाम दिवंगत रतन टाटा के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को उच्च कौशल युक्त कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। यह महाराष्ट्र का पहला कौशल विश्वविद्यालय है।जहां इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और आईटी समेत अन्य सेक्टर्स में रोजगार के लिए स्किल कोर्स कराए जाते हैं और स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग भी दी जाती है। इसका उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना भी है।

हादसे में चार इंजीनियरिंग छात्रों समेत पांच की मौत

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के संचेडी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में चार इंजीनियरिंग छात्रों समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पनकी भौती बाईपास के पास सुबह करीब नौ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार के आगे चल रहे एक डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिया और कार डंपर के पिछले भाग में जा घुसी, इस बीच कार के पीछे चल रहे सरिया लदे एक ट्रक ने कार को रौंद दिया और कार दो भारी वाहनों के बीच पिस गयी। उन्होने बताया कि इस हादसे में पीएसआईटी इंजीनियरिंग कालेज के तीन छात्र और एक छात्रा समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। क्षत विक्षत शवों को कार काट कर निकालना पड़ा।

नीरज सिंह बने उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन व अतुल अग्निहोत्री बने उपाध्यक्ष

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह को समन्वय समिति का चेयरमैन बनाया गया है। अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया, जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। इसके पश्चात सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा. रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए हैं। इसके अलावा गोरखपुर के राजेश नायक वरिष्ठ सह सचिव, मथुरा के मुकेश यादव व अलीगढ़ के ओम प्रकाश सह सचिव, मुजफ्फर नगर के विकास रूडकीवाल उपाध्यक्ष, बहराइच के अभिषेक धानुक व आगरा के पृथ्वीराज सदस्य मनोनीत किए गए हैं।

ईडी ने मंत्री मिथलेश ठाकुर के भाई, आईएएस सहित अन्य के ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी

अहम दस्तावेज-कागजात डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य सामान जब्त

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेयजल स्वच्छता विभाग में हुए घोटाले को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ सोमवार को छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता मामले में रांची के सदर थाने में दर्ज एक केस में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने झारखंड में एक साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, पीएस हरेंद्र कुमार, आईएएस अधिकारी और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मनीष रंजन एवं इंजीनियर तथा ठेकेदारों के 18 ठिकानों पर छापेमारी की।

छापेमारी में ईडी ने विभिन्न ठिकानों से बैंकिंग लेनदेन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों, जमीन के कागजात, डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य सामान जब्त किये है। डोरंडा के छप्पन सेट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार का आवास में ईडी के अधिकारी ताला तोड़कर घुसे। ईडी के अधिकारियों ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई। चाबी बनाने वाले को भी बुलाया और कई अन्य तालों को खोलकर जांच की।

परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से करें कार्यकर्ता : शिवराज

रांची। प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश कि जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें।भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है।

सुविधा

कुम्भ नगरी में बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में 10 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्रों की होगी स्थापना

कुम्भ क्षेत्र में भी 30 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्रों का होगा निर्माण

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज । जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे इस महाकुम्भ में 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं व पर्यटकों के यहां पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इन पर्यटकों को कुम्भ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर सम्पूर्ण जानकारी देने के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 में योगी सरकार के प्रयास से संगमनगरी में आयोजित दिव्य, भव्य और स्वच्छ कुम्भ के सफल आयोजन को पूरी दुनिया ने सराहा। यूनेस्को द्वारा इसे 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। आयोजन की भव्य सफलता के बाद अब कुम्भ नगरी महाकुम्भ का इंतजार कर रही है। महाकुम्भ में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को शहर और कुम्भ क्षेत्र में पर्यटन से जुड़ी जानकारी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। पर्यटन विभाग की तरफ से कुम्भ मेला क्षेत्र के बाहर 10 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्रों की स्थापना की जा रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि शहर के सभी रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अस्थाई बस स्टेशन में इनकी स्थापना की जा रही है। स्थापना हेतु एजेंसी का चयन करने के लिए ई निविदा पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रक्रियाधीन है।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से स्थापित किये जा रहे इन पर्यटन सूचना केंद्रों में प्रयागराज के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी पुस्तिका हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। डिजिटल फॉर्मेट में भी इसे उपलब्ध कराया जायेगा। सूचना केंद्र में एक गाइड बुक भी होगी। पर्यटकों को टूरिज्म की जानकारी देने के लिए यहां पर एक प्रशिक्षित गाइड की सूची उपलब्ध रहेगी। पर्यटकों के ठहरने की जानकारी देने के लिए यहां पर रजिस्टर्ड पेइंग गेस्ट हाउस की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। मेला क्षेत्र की टेंट सिटीज और टेंट कॉलोनी का ब्यौरा भी इन सूचना केंद्रों में रहेगा। पर्यटकों के लिए प्रशिक्षित गाइड की सूची इसमें रखी जाएगी। पर्यटक अगर किसी कारणवश या रेलवे स्टेशन या बस स्टेशन के पर्यटक सूचना केंद्रों से आवश्यक जानकारी नहीं ले पाते हैं तो मेला क्षेत्र में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र बनाए जाएंगे।

सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, दिये निर्देश

- डीएम बोलीं, सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में करे सुधार, दिखाये गंभीरता
- डीएम ने अफसरों से जाना कैसे बेहतर करेंगे रैंकिंग

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में *डीएम ने बेसिक शिक्षा, एनआरएलएम, समाज कल्याण, पर्यटन, उद्योग विभाग के कार्यो में अपेक्षित (संतोषजनक) प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरो का स्पष्टीकरण तलब किया*।

बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि इस माह की सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में 18 नंबर का सुधार करते हुए जिला 25 नंबर पर आया है। अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि रैंकिंग का खराब होना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही परिचायक होगा। जिन विभागों की प्रगति निम्न श्रेणी में है, उसे उच्च श्रेणी में लाया जाए। सुधार ना दिखाने वाले अफसरो से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुये अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी रैंकिंग पायी जायेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि सात योजनाओं में गत माह से चालू माह में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उच्च ग्रेड प्राप्त किया है। वही पीएम आवास (ग्रामीण)/ सीएम आवास (ग्रामीण) की प्रगति में कमी आई है। बेसिक शिक्षा, एनआरएलएम, समाज कल्याण, उद्योग विभाग के कार्यो में अपेक्षित (संतोषजनक) प्रगति न होने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट की।

डीएम ने की रुपए 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं की वर्किंग एजेंसी पर डीएम खफा, फटकारा
कामों की माइक्रोलेवल पर समीक्षा करे वर्किंग एजेंसी

रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली (सीएमआईएस डैश बोर्ड) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें तथा सभी कार्यदाई संस्थाएं अद्यतन प्रगति की सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंक प्रभावित न होने पायें। डीएम ने निर्देश दिए कि अफसर अंतर्विभागीय समन्वय, तालमेल बनाते हुए समस्या का समाधान करे। मीटिंग में उन्ही समस्या को रखे जो उनके स्तर से हल नहीं हो रही है। जिन परियोजनाओं में 90 फीसदी काम पूरा हो चुका और धनाभाव नहीं है। उन परियोजनाओं को इस माह के अंततक प्रत्येक दशा में संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए। प्रशासकीय विभागो व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लीडरशिप अप्रोच रखकर नियमित फील्ड विजिट करें, इससे काम की प्रगति बढ़ेगी। अपने स्तर पर माइक्रो लेवल पर भी नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता के साथ ससमय परियोजनाओं को पूर्ण कराए। समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि शतप्रतिशत धनराशि अवमुक्त होने के बाद 17 कार्यों में वर्किंग एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण न करने को गंभीरता से लिया। नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई। आठ कार्यों में चार माह से अत्यंत धीमी प्रगति को लेकर गहरी नाराजगी जताई। 14 पूर्ण कार्यों में इन्वेंटरी भेजने के बावजूद संबंधित विभाग को हस्तगत न कराए पर कारण जाना। निर्देश दिए कि यथाशीघ्र कार्य को हस्तगत कराया जाए।

एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान आयोजित

लखीमपुर खीरी। भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें अर्चना सिंह, असोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग ने मुख्य व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं एवं छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

300 मीटर लंबी सड़क और न. पं कार्यालय में कक्ष सुंदरीकरण कार्य का हुआ उद्घाटन

मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।

15 वे वित्त आयोग योजनांतर्गत कस्बे में लगभग 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित 300 मीटर लंबी सड़क और नगर पंचायत कार्यालय में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से कक्ष सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन सोमवार को राज्य मंत्री नगर विकास एवं शहरी समग्र विकास,नगरीय रोजगार एवं ग़रीबी उन्मूलन विभाग और सीतापुर विधायक राकेश राठौर द्वारा किया गया । आदर्श नगर पंचायत मैलानी में वार्ड नंबर 10 में नव निर्मित सड़क का सूबे के राज्य मंत्री सीतापुर विधायक राकेश राठौर ने सोमवार को फीता काटकर उद्घाटन किया ।यह सड़क 15वे वित्त आयोग योजना अंतर्गत मजूमदर मेडिकल स्टोर से छपरा स्कूल तक निर्माण कार्य आदर्श नगर पंचायत मैलानी द्वारा करवाया गया ।इसकी लागत 22 लाख रुपये है ।समारोह में राज्य मंत्री का नगर पंचायत चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुरेन्द्र मिश्रा,नगर पंचायत चैयरपर्सन पति भवानी शंकर माहेश्वरी,नगर पालिका अध्यक्ष पलिया के बी गुप्ता, हरिहरदत्त मिश्रा, विजय गुप्ता,प्रदीप शर्मा,मोहन अग्रवाल, अमित अरोड़ा, अनिल मित्तल,अभिषेक मिश्रा,संतोष भारद्वाज,सुभाष गोयल एवं पुलिस प्रशासन मौजूद था।

नम आंखों से मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

बांकेगंज खीरी। बांकेगंज खीरी में शोभा यात्रा निकालकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शारदा नहर में पुलिस की निगरानी में विसर्जन किया गया। बांकेगंज में स्थानीय श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रहे 36 वे दुर्गा पूजा समारोह में विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर 9 दिनों तक लगातार मां के विभिन्न स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर तथा जागरण का भी आयोजन किया गया। इसके बाद हवन पूजन समाप्त होने के बाद सोमवार को देवी भक्तों ने मां की प्रतिमा लेकर सोमवार को दोपहर 12 बजे मां भगवती की विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर बांकेगंज कस्बे के चक्कर लगाती हुई शारदा नहर के घाट पर पहुंची। मां भगवती की विशाल शोभायात्रा में भक्तों ने जय माता दी के जयकारे लगाते हुए रंग गुलाल उड़ाते नाचते थिरकते श्रद्धालु सैकड़ो की संख्या में नजर आए। श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा रानी की प्रतिमा का शारदा नहर में विसर्जन कर दिया। मां दुर्गा की विशाल शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं सहित नवयुवक व तमाम बांकेगंज के भक्तगण उपस्थित रहे।

सरजू सहकारी चीनी मिल के सामान्य निकाय चुनाव के संचालक पदों के पर्चों की हुई जांच

बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सरजू सहकारी चीनी मिल के सामान्य निकाय चुनाव में संचालक के 10 पदो के लिए शुक्रवार पर्चों की बिक्री व नामांकन हुआ था जिसकी जांच सोमवार को 3 से 4बजे तक होना था। जांच के बाद 18 प्रत्याशी मैदान में है नामांकन वापसी 14 को होगी उसके बाद 17 को चुनाव होगा। मिल समिति के 10 संचालक पदों के लिए शुक्रवार को चीनी मिल के गन्ना

विभाग कार्यालय में नामांकन पत्रों को किया गया था जिनकी जांच का समय सोमवार को 3 बजे से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच का समय था जिसके तहत मौके पर पहुचे आरओ भारत प्रसाद ने गन्ना कार्यालय पहुचकर नामांकन पत्रों की जांच के बाद जो लिस्ट लगाई गई उसके अनुसार 18 प्रत्याशी मैदान में है जिसमे खैरटिया से 2, गंगानगर 3,दुलही 1,निघासन 1,नौरंगाबाद 2, पचपेड़ा 2, मलबेहड़ 1,मोतीपुर 1,रकेहटी 2,लुधौरी 1,अन्य समिति 2 कुल 18 प्रत्याशी मैदान में है जिसमे से लुधौरी, मोतीपुर, मल्लबेहड़, निघासन, दुलही में निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। मंगलवार को नामांकन वापसी है उसके बाद कुल कितने प्रत्याशी मैदान में है उनका मतदान 17 तारीख को होगा 18 तारीख को उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन व चुनाव होगा।

खबरें एक नजर में

अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ महिला को दबंगों ने मारी गोली

मितौली खीरी। थाना क्षेत्र के ग्राम मडरिया में अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ महिला को दबंगों ने गोली मार दी। जानकारी के अनुसार ग्राम मडरिया निवासिनी राम जती पत्नी रामकुमार उम्र लगभग 42 वर्ष को गांव के ही शमशाद पुत्र साकिर अली दीपेंद्र पुत्र कल्लू यादव राजीव पुत्र गया प्रसाद यादव द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया। फायर की आवाज सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए ग्रामीणों ने 102 एम्बुलेंस को बुलाकर तत्काल प्रभाव से मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय इलाज हेतु रेफर किया गया। मितौली पुलिस को जानकारी मिलने पर तत्काल प्रभाव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में उप निरीक्षक बलवीर सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ उपस्थित रहे।

सात वर्षीय बच्ची को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर, हुई गंभीर रूप से घायल

संसारपुर खीरी। थाना मैलानी चौकी क्षेत्र संसारपुर के नेशनल हाईवे गोला खुटार पर अज्ञात वाहन ने 7 वर्षीय बच्ची को रोड क्रॉस करते समय मारी जोरदार टक्कर जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे संसारपुर चौकी प्रभारी, मय हमराही के साथ चौकी तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक केंद्र गोला भेजा, चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि समय करीब सुबह के 05:30 बजे बस संख्या - यूपी32एचएन2970 जो हरिद्वार से लखनऊ जा रही थी धन्जू पेट्रोल पंप के निकट दिलीप होटल पर चाय पीने के लिए कस्बा संसारपुर मे रुकी थी जिसमे से एक बच्ची देविका पुत्री शिव लोक उम्र करीब 7 वर्ष निवासी लोनापुर जनपद लखनऊ को रोड क्रॉस करते हुए किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई जिससे देविका गंभीर रूप से घायल हो गई। देविका को इलाज के लिए उसे उसके परिवारीजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया जहां पर स्थिति को देखते हुए इलाज हेतु जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी भेजा गया।

जानवर चोरी करने वाले गिरोह का दस हजार का इनामियां वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा बीएनएस में वांछित इनामियां अभियुक्त 1.आदिल पुत्र समीउल्ला उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भुडवारा थाना गोला खीरी को ग्राम भल्लिया बुजुर्ग तिराहे के पास बनी दुकानो के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 64,200 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जितेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 जयप्रकाश यादव, का0 अरविन्द कुमार, का0 धीरज यादव, का0 संजीव यादव, का0 तरुण कुमार थाना हैदराबाद खीरी मौजूद रहे।

नम आंखों से रामकुमार का हुआ अंतिम संस्कार

- खूनी संघर्ष में भांजों ने उतारा था मामा को मौत के घाट

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को हुए खूनी संघर्ष में कलयुगी भांजों ने मामा को एक विवाद में मौत के घाट उतारा था। ज्ञात हो थाना क्षेत्र मितौली के कचियानी पुरवा में रहने वाले 48 वर्षीय रामकुमार भार्गव को उनके सगे भांजों रमाकांत, अन्नू व अंकित ने ही लाठियों से पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। बताते हैं राम कुमार व उनके भांजों का एक पास में ही मकान बना है पास मे ही प्रेमचंद विश्वकर्मा नाम का एक व्यक्ति रहता है जो रामकुमार भार्गव से काफी लगाव रखता था। इसलिए वह अक्सर राम कुमार के यहां आया जाया करता था , जबकि उसके भांजों की प्रेमचंद से नहीं बनती थी। इसी बात को लेकर रामकुमार व उनके भांजों में मनमुटाव अक्सर बना रहता था। बताते हैं कि रविवार को जब फिर से प्रेमचंद, रामकुमार के यहां पहुंचा तो भांजों ने इसका विरोध किया। इस पर वाद विवाद बढ़ गया। बातचीत से शुरू हुआ मामला धीरे-धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। बताते है कि भांजों ने रामकुमार को लाठियों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। वहीं रामकुमार की पत्नी व बेटी को भी चोटें आई।पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिजन उसे मितौली सीएचसी पहुंचाया जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रामकुमार की मौत हो गई थी। इस मामले में रामकुमार की पत्नी फूलमती ने मितौली थाने में दोपहर को ही रमाकांत, अन्नू व अंकित के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। राम कुमार की मौत के बाद परिजन रविवार देर शाम शव लेकर घर पहुंचे।

सूचना पर क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर परिवारी जनों का समझा बुझा कर देर शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया था ,सोमवार को मृतक रामकुमार के शव का डाक्टरी परीक्षण होने के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस अभिरक्षा में बड़े ही गमगीन माहौल में रामकुमार का किया गया अंतिम संस्कार।

मृतक के 5 बच्चे बताये जाते है जिसमे बड़ी बेटी की शादी हो गई है वहीं चार बच्चे अभी छोटे बताये जाते हैं। आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी के साथ कर रही है शीघ्र से शीघ्र दोसी जेल की सलाखों में होंगे।

संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के के पूजा गांव मुडिया में रविवार को घर से मछली पकड़ने गया युवक का शव सोमवार सुबह नदी की झाल में मिला। जानकारी होने पर गांव में दहशत फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

थाना फूल बेहड क्षेत्र के पूजा गांव मुडिया निवासी गुड्डू 26 रविवार शाम घर से बंधा पर मछली पकड़ने की बात कहकर प्रतिदिन की तरह निकाला था। बंधा पर मछली पकड़ने के बाद वह प्रतिदिन घर वापस आ जाता था। लेकिन रविवार को जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सोमवार सुबह उसका शव बांधा की झाड़ियां में फंसा पाया गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

> बंधे के पास एक सोलर प्लांट है वहां पर पति-पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं उन्हीं के यहां यह भी आया था। किसी तरह नदी में गिर गया जहां उसका शव रात भर झाड़ियां में उल्टा पड़ा रहने के कारण मछलियों ने उसके कान, नाक, गला, मुंह, गर्दन आदि को कुतर दिया जिससे कटा हुआ प्रतीत हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
>
> **आलोक धीमान**
> **थाना प्रभारी फूल बेहड़**

ग्राम अमेठी में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

- डीडीसी/एडीएम ने सुनी चकबंदी संबंधी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

चकबन्दी आयुक्त उप्र भानुचन्द्र गोस्वामी के निर्देशानुसार एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के कुशल मार्गदर्शन में उप संचालक चकबन्दी/ अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम अमेठी परगना व तहसील धौरहरा जिला खीरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के कृषक व ग्रामवासी व ग्रामप्रधान व चकबन्दी कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहें।

ग्राम में चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत ग्राम की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओ के उचित निराकरण हेतु चकबन्दी विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु उप संचालक चकबन्दी / अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) लखीमपुर-खीरी द्वारा निर्देश दिया गया। ग्राम चौपाल में चकबन्दी अधिकारी श्री रामकुमार गुप्ता व चकबन्दी अधिकारी सुरेश चन्द्र वर्मा व सहायक चकबन्दी अधिकारी सुशील कुमार व नायब तहसीलदार धौरहरा तथा चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहे। इसप्रकार शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम में ही जनता को सुन करके उनसे तथा जनहित से सम्बन्धित प्रकरणों में चकबन्दी विभाग द्वारा द्रुत गति से कार्यवाही की जा रही है।

अवैध असलहे के साथ युवक का फ़ोटो वायरल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला तहसील के थाना मैलानी के बांकेगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत आए दिन युवकों के द्वारा असलहा लहराते हुए वीडियो फोटो वायरल होने के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। इसी प्रकार का एक ताजा मामला ग्राम दौलतपुर का प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक ने अवैध असलहे के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो पोस्ट की जोकि तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें युवक अवैध असलहे के साथ देखा जा रहा है जो अपने घर के बाहर कुर्सी पर तमंचा लिए बैठे नजर आ रहा है। युवक का इस तरह से अपने घर पर तमंचा लेकर बैठे हुए का फ़ोटो वायरल होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वायरल फोटो में असलहे के साथ युवक का नाम शोभित यादव ग्राम दौलतपुर निवासी बताया जा रहा है। क्षेत्रवासियों की माने तो युवक दबंग किस्म का है। कानून व्यवस्था को चुनौती देकर युवा फोटो वीडियो को ट्रेंडिंग एप पर अपलोड करने से बाज नहीं आ रहे है। पूर्व में भी बांकेगंज चौकी क्षेत्र ऐसे अवैध असलहे के वायरल फोटो और वीडियो के कारण पहले भी काफी चर्चित रही है।

> बांकेगंज चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के चार-पांच दिन पहले से युवक अपना फोन बन्द करके कहीं छिप गया है। युवक की तलाश जारी है जैसे ही मिलता है, तुरंत गिरफ्तारी की जाएगी।

शांतिकुंज हरिद्वार में गठित हुई गायत्री परिवार लखीमपुर की सुपर 50 युवा टीम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

- 2025 में होगा 1000 प्रतिभावान महिलाओं का सम्मेलन

गायत्री परिवार जनपद लखीमपुर खीरी के चयनित 50 सृजनशील और सक्रिय युवक-युवतियों का अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार में तीन दिवसीय युवा अग्रदूत प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के उपरांत 50 सदस्यीय जिला स्तरीय टीम का सुपर 50 युवा टीम के रूप में पंजीकरण किया गया। प्रशिक्षण में गायत्री परिवार के केंद्रीय समन्वयक डॉ0 ओ पी शर्मा, शांतिकुंज हरिद्वार के व्यवस्थापक योगेश गिरि, केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ संयोजक के पी दुबे, सहसंयोजक आशीष सिंह, उत्तर जोन प्रभारी नरेंद्र ठाकुर और प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने युवाओं को लोकसेवी जीवन का दिशाबोध कराते हुए। वर्ष 2025 के अभियानों के लिए विशेष रूप से संकल्पित करवाया गया। शिविर संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया सुपर 50 युवा टीम द्वारा जिले में 50 युवा मंडलों का गठन, 6 बाल संस्कारशालाओं का संचालन, 62 स्कूलों में व्यक्तित्व विकास/नशा उन्मूलन कार्यशालाओं, 5 हजार पौधों का रोपण, जुलाई माह में युवा मंडल सम्मेलन, और अक्टूबर माह में 1000 प्रबुद्ध महिलाओं के सम्मेलन का संकल्प लिया गया है। प्रशिक्षण शिविर में युवा प्रकोष्ठ के अजय वर्मा, राजकिशोर वर्मा, दिग्विजय सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, राम मोहन जायसवाल, दीपा वर्मा, अभिषेक यादव, अतुल राजपूत आज मौजूद रहे।

नवम्बर के दूसरे सप्ताह से घूमेगा कुम्भी चीनी मिल का चक्का

अमीरनगर खीरी। किसानो के इंतजार की घड़ियां बीतने वालीं हैं।बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-25 नवम्बर के पहले सप्ताह से आरम्भ होगा।जानकारी देते हुए कुम्भी चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि चीनी मिल संचालित करने की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।नवम्बर से किसानो की पर्चियां उपलब्ध करा दी जाएंगी। गन्ने की तौल करने के लिये सेन्टर लगाने सम्बंधी कार्य भी जारी है जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा सम्भवतः चीनी मिल के नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ नवम्बर के पहले सप्ताह से होगा। चीनी मिल का चक्का घूमने से किसान कृषि सम्बंधी तथा अन्य कार्यो की शुरूआत करेंगे। चीनी मिल के ईकाई प्रमुख ने किसानो से अपील की है कि वे मिल को अपने ग्राम के शिफ्टवार ताजा एवं स्वच्छ गन्ना ही सप्लाई करें ताकि तौल सम्बन्धी उन्हें कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा उन्होने किसानो से अपील करते हुये कहा कि जब तक मिल संचालित नही होता तब तक किसान भाई धैर्य बनाये रखे तथा अपना गन्ना कोल्हू तथा क्रेशरो पर औने पौने दामो में न बेंचे वे अपना गन्ना स्थानीय कुम्भी चीनी मिल मे ही सप्लाई करें ताकि उनका बेसिक कोटा बढ़ सके और वे सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य का सीधा लाभ उठा सकें।

कृषि विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाता हरगांव चीनी मिल

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

वैसे तो कृषि विभाग द्वारा ब्यापारियों के लिए तरह-तरह के नियम और कानून बनाए जाते है लेकिन हरगांव चीनी मिल इनके नियमों का पालन नहीं करता है । हरगांव चीनी मिल क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया है कि चीनी मिल द्वारा घर-घर जाकर कीटनाशक दवाइयां व खाद की बिक्री की जाती है जबकि यह पूरी तरीके से प्रतिबंधित है। बात करें कृषि विभाग के नियमों की तो कीटनाशक व खाद की बिक्री करने के लिए कहीं न कहीं एक स्थाई रूप से दुकान या गोदाम का निर्माण किया जाता है जिसकी चौहद्दी स्टॉक बोर्ड प्रोपराइटर का नाम जीएसटी नंबर आदि प्रदर्शित करना होता है, यह सारे नियमों को लागू करके दुकान का संचालन किया जाता है। इन नियमों का पालन न करने वाले दुकानदार या संबंधित व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही की जाती है। समय-समय पर जिला कृषि अधिकारी व प्लांट प्रोटक्शन अधिकारी के द्वारा दुकानों का सत्यापन व नमूने लिए जाते हैं जो नमूने परीक्षण के लिए लैब में भेजे जाते हैं जिससे की उनकी गुणवत्ता की परख होती है ,लेकिन चीनी मिल के द्वारा ना ही कही पर व्यापारिक प्रतिष्ठान है ना ही मिल में कहीं पर दवाइयां रखी जाती हैं सीधे कंपनी से आर्डर करके दवाइयां किसानों के बीच पहुंचाई जाती हैं जिससे की गुणवत्ता को परख पाना बहुत मुश्किल होता है।जब बात की गई हरगांव चीनी मिल के कर्मचारियों से तो बताया गया हरगांव में चीनी मिल के गेट पर आरडी इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है वहां से कीटनाशक व खाद की बिक्री की जाती है वहीं से मिल के स्टाफ के द्वारा क्षेत्र में किसानों तक दवाइयां पहुंचाई जाती है इस तरीके से करोडों का व्यापार नियमों की धज्जियां उड़ाकर किया जा रहा है। जिसका लेखा-जोखा व गुणवत्ता परख पाना बहुत ही मुश्किल काम है।

> किसान कीटनाशक दवाइयां कहीं से भी खरीद सकते हैं लेकिन उनका बिल लेना अनिवार्य है अगर गुणवत्ता युक्त कीटनाशक नहीं है तो उसकी तुरंत शिकायत कर सकते हैं।
>
> **निखिल देव तिवारी प्लांट**
> **प्रोटक्शन अधिकारी लखीमपुर खीरी**

आच्छादित विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्रों को दिया जाएगा अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की 30वीं प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना से आच्छादित विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र को उच्चतम गुणवत्ता का अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन दिया जाये।

खाद्य सामग्री का क्रय स्थानीय स्तर पर निर्धारित मानक के अनुसार किया जाये। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के समस्त जनपदों के योजना से आच्छादित विद्यालयों में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सीमा के अंतर्गत अध्ययनरत समस्त छात्रों को सप्ताह में एक दिवस अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। यह अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन माह नवम्बर, 2024 से मार्च, 2025 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार (कुल-19 विद्यालय दिवस) को समस्त छात्रों को दिया जायेगा। अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन स्थानीय स्तर पर उपलब्धता के आधार पर मूंगफली की चिक्की अथवा गुड़-तिल-मूंगफली की गजक अथवा चौलाई (रामदाना) का लड्डु अथवा बाजरे का लड्डु इत्यादि (प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 20 ग्राम की मात्रा में) अथवा भुना चना (प्रत्येक छात्र को न्यूनतम 50 ग्राम मात्रा में) प्रत्येक छात्र को दिया जायेगा। इसके लिये 5 रुपये प्रति छात्र प्रति दिवस की दर निर्धारित की गई है। इस पर लगभग 95 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा, जिसमें 57 करोड़ रुपये केन्द्रांश व 38 करोड़ रुपये राज्यांश शामिल है।

दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटक रोचक कहानियों का भी ले सकेंगे आनंद

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क में भ्रमण के साथ रोचक कहानियां सुनने का भी मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने इसका पूरा खाका खींच लिया है। नेचर गाइड्स का गुरुवार से प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

शनिवार, यानी 06 दिनों तक प्रतिदिन 10-10 घंटे ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण में मार्निंग वाक से लेकर शाम तक युवाओं को यहां के नैसर्गिक सौंदर्य, वन्यजीव व अन्य विशेषताओं से परिचित कराया जा रहा

है। इसके साथ ही स्टोरी टेलिंग की कला भी सिखाई जा रही है। पर्यटकों को यह सुविधा दुधवा के बाद कतर्नियां और पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि पर्यटक स्थलों पर भी मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है। यहां पारिस्थिकीय पर्यटन इको टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता

▸ पर्यटकों की सुविधा के लिए दिया जा रहा नेचर गाइडों को प्रशिक्षण: जयवीर

में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड ईको टूरिज्म की संभावनाओं को धरातल पर उतार रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दुधवा, कतर्नियाघाट व पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि स्थलों पर नेचर गाइड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तीन महत्वपूर्ण लाभ हैं। पहला कि स्थानीय युवाओं की स्किल डेवलप होगी। दूसरा कि पर्यटकों को प्रशिक्षित गाइड की सुविधा मिलेगी और तीसरा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। नेचर गाइड के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष और न्यूनतम शिक्षा इंटर निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट एमकेआइटीएम और द नेचुरलिस्ट स्कूल द्वारा पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। द नेचुरलिस्ट स्कूल आगंतुकों के बीच प्राकृतिक दुनिया के लिए समझ और प्रशंसा पैदा करने में अग्रणी है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों, पक्षियों, तितलियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। संचार कौशल और स्टोरी टेलिंग के बारे में बताया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपात स्थिति से निपटने, पर्यावरण-हितैषी पर्यटन आदि की जानकारी दी जाएगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि नेचर गाइड पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे ज्ञानवर्धक जानकारी, रोचक कहानी और व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से पर्यटकों को गंतव्य के इतिहास, पर्यावरण और स्थानीय परंपराओं से गहराई से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ÷नेचर गाइड प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक स्थलों में सतत और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के व्यापक मिशन के अनुरूप है।

खबरें एक नजर में

राजधानी में धुंध के साथ बूंदाबांदी, कल से निकलेगी तेज धूप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह से धुंध छाई हुई है। वहीं, शहर के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। पूर्वी ठंडी हवाओं का असर भी बना हुआ है। इसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री, न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है। पूरे दिन बादल छाए रहने के साथ धुंध का असर बना रहेगा। इधर, रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 2.5 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री रहा। अधिकतम आर्द्रता 91 फीसदी व न्यूनतम आर्द्रता 61 फीसदी दर्ज की गई। लखनऊ में पिछले तीन दिनों से बादल छाए रहने के साथ ही धुंध का असर रहा। रविवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। धुंध रहने से तापमान सामान्य से कम रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अरब सागर से नमी आ रही। इसके साथ ही सेंट्रल इंडिया में तूफान की स्थितियां कई जगहों पर बनी हुई है। इससे मौसम में बदलाव हुआ है। कल दोपहर से मौसम साफहोना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 7-8 दिनों में लखनऊ व आस-पास के इलाकों में बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के मुताबिक एक सप्ताह तक मौसम ड्राई रहेगा। इस दौरान धूप निकलने के साथ बादल भी छाए रह सकते हैं। अगले कुछ दिनों तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की भी संभावना है।

एसजीपीजीआई में निकला 7 फीट का अजगर, मरीजों में हड़कंप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के एसजीपीजीआई अस्पताल में सात फीट का अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। जनरल हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टॉफ व मरीजों में अफरा-तफरी मच गई। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर पर काबू पाया जा सका। सीसीएम में तैनात एक डॉक्टर ने उसे पकड़कर पास ही जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के जनरल हॉस्पिटल के मेन गेट के पीछे एक अजगर दिखा। इसके बाद वार्ड में तैनात नर्सिंग कर्मी व मरीजों के परिजन मुख्य भवन से बाहर खुले में आ गए। लोगों का शोर सुनकर वहां से गुजर रहे सीसीएम में तैनात डॉ. फहद अहमद ने अजगर को पकड़ने की कोशिश की। डॉक्टर ने एक लकड़ी के माध्यम से उसपर काबू किया। इसके बाद अजगर को पास के जंगल में छोड़ दिया गया।

नकाबपोश बदमाशों ने फेब्रीकैटर्स पर किया हमला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में बीसीबी हाइट्स के पास बाइक सवार फेब्रीकैटर्स को नकाबपोश बदमाशों ने बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने न केवल मारपीट की है, बल्कि पैसे और सोने की चेन भी छीन ले गए हैं। मोबाइल भी तोड़ दिया है। फेब्रीकैटर्स ने बताया कि वह गांव से नीलमथा स्थित दुकान जा रहा था। बदमाशों ने बाइक रोक ली। जान बचाने के लिए मौके से भागा। पास की एक दुकान में घुस गया, लेकिन बदमाशों ने पीछा कर लोहे की रॉड और डंडों से पिटाई की। पीड़ित ने घटना की जानकारी डायल-112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मोहनलालगंज पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

विधानसभा के पास परिवार ने आत्मदाह का किया प्रयास

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बचा जब एक परिवार ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए परिवार को हिरासत में लिया और आत्मदाह को रोका। आत्मदाह की कोशिश के पीछे कारणों की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, परिवार के सदस्य अपने साथ पेट्रोल की बोतल लेकर आए थे और विधानसभा के पास विरोध स्वरूप आत्मदाह का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने समय पर हस्तक्षेप करते हुए उन्हें रोका और परिवार को सुरक्षित हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

14 साल की बच्ची से गैंगरेप, झाड़ियों में मिली बेहोश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में 14 साल की बच्ची से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बच्ची को मरा समझकर आरोपी फरार हो गए। परिजन तलाश करते हुए मौके पर पहुंचे तो नाबालिग झाड़ियों में बेहोश पड़ी थी। एक ही दुपट्टे से पैर और गला बंधा था। बच्ची को गंभीर हालत में राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बनाई गईं है। जांच की जा रही है। घटना चिनहट थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि नाबालिग सोमवार सुबह 4.30 बजे घर से शौच के लिए निकली थी। गांव के तीन युवक उसे अगवा कर झाड़ियों में ले गए। तीनों ने नाबालिग के पैर बांध दिए। गले में दुपट्टा कस दिया। इससे नाबालिग बेहोश हो गई। आरोपियों को लगा कि वह मर गई है तो वहीं छोड़कर भाग निकले। नाबालिग काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू कर दी। परिवार की महिला ने उसे सड़क किनारे झाड़ियों में पड़े देखा। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसके गले और पैर में बंधा दुपट्टा खोला। कंधे पर उठाकर हॉस्पिटल पहुंचे।

एक शाम श्री हनुमान के नाम कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कला कोठी घाट चौक लखनऊ में एक शाम श्री हनुमान के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परम पूज्य ईश्वर दास महाराज राम नगरिया पीठाधीश्वर श्री दुर्वासा आश्रम पांचाल घाट फर्रुखाबाद से पधारे महाराज श्री का सभी भक्तों ने मिलकर स्वागत किया एवं श्री राम रक्षा संघ के सदस्यों के द्वारा महाराज श्री को धर्म शिरोमणि की उपाधि से सम्मानित किया मंदिर में सभी भक्तों ने भजन कीर्तन का आयोजन भी किया एवं सभी भक्तों को महाराज श्री का आशीर्वाद एवं आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराग मिश्रा, पंडित नीरज अवस्थी, पंडित राजेश शुक्ल, प्रदीप कुमार वर्मा चौक डिपो अध्यक्ष, मोहित शर्मा, पंकज अवस्थी, बलदेव शर्मा, हर्षित तिवारी पंडित उमेश पाठक, नितिन भारद्वाज, पंडित गोविंद शर्मा, पंडित श्याम शंकर द्विवेदी, पंडित शिव मूरत तिवारी, उषा अग्रवाल, कृष्णा मिश्रा, प्रिन्स मिश्रा, कृष्णा शंकर शर्मा, शिवा अवस्थी, अंकुर दीक्षित, पवन निषाद एवं सभी भक्त गण सम्मिलित हुए।

पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत : अजय राय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जुआ खेलने के आरोप में पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गए 24 वर्षीय एक दलित युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। मृतक अमन गौतम के परिजनों से मिलने आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और युवक की मौत पर दुख जताया। अजय राय ने सरकार से पीड़ित परिवार के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजे, सरकारी नौकरी और मामले की निष्पक्ष जांच करवाए जाने की मांग की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने मांग की कि सरकारी आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करें।

प्रदेश की शांति व सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश नहीं होगी सफल

▸ सीएम योगी ने कार्रवाई का दिया आश्वासन : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। जिले के हरदी क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को देवी दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन जुलूस के दौरान गोलीबारी और पथराव हो गया जिसमें एक युवक की मौत को लेकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा।

प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूँ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

ने घटना का संज्ञान लेते हुए लखनऊ में जारी बयान में कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कम से कम सात अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि आज जब महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे से रेहुआ मंसूर गांव तक मूर्ति विसर्जन जुलूस निकल रहा था तभी उस स्थान पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने डीजे बजाने को लेकर आपत्ति जताई जिसके बाद विवाद बढ़ा तो पथराव और गोलीबारी शुरू हो गयी। सूत्रों ने बताया कि गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव के निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उसने बताया कि गोली लगने से एक अन्य युवक तथा पथराव में छह लोगों के घायल होने की सूचना है। युवक की मौत की खबर जिले में फैलते ही तनाव का माहौल पैदा हो गया।

मातृशक्ति की निगरानी में हो रहे मनरेगा कार्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में गाँवों के विकास और प्रगति को लेकर ग्राम्य विकास विभाग लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पूरी तत्परता के साथ पहुंचाया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महिलाओं के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाये गये हैं। विभाग द्वारा महिला मेटों को जोड़ने की प्रकिया जारी है और मनरेगा में महिलाओं की सहभागिता तेजी से बढ़ी है। मनरेगा योजना अंतर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिकों वाले मनरेगा कार्यस्थल पर पर्यवेक्षण हेतु महिला मेट का नियोजन किया जाता है। चयनित महिला मेटों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है। महिला मेटों को प्रशिक्षण विकास खण्ड स्तर पर दिया जाता है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला मेटों के चयन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में बड़ी संख्या में महिला मेटों को नियोजित किया गया है। चालू वर्ष में अब तक 66,454 महिला मेटों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका हैं, जिनमें से 28,383 महिला मेटों को नियोजित किया गया है। महिलाओ को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके सशक्तीकरण के लिए सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। मनरेगा योजना के अंतर्गत महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने का प्रयास जारी है, योजनांतर्गत महिला मेटों को नियोजित करने में उत्तर प्रदेश, देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मनरेगा महिला मेटों को नियोजित करने में देश में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में है। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

किसानों व पशु पालकों को दुग्ध मूल्य का नियमित भुगतान प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दुग्ध उत्पादन 3.5 लाख किग्रा प्रतिदिन किया जाए और तरल दुग्ध बिक्री 02 लाख ली प्रतिदिन किये जाने के प्रयास किये जाए। प्रत्येक दुग्ध संघ कम से कम 05 मिल्क बूथ बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करे। दुग्ध संघों में कार्यरत डेयरी प्लांट की क्षमता उपयोगिता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए।

दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों के गत् एक सप्ताह में क्रियान्वयन की समीक्षा की। श्री सिंह ने कहा कि दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया। नन्द

▸ 3.5 लाख किग्रा प्रतिदिन किया जाए दुग्ध उत्पादन

बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। पराग के उत्पादों की मार्केटिंग करविशेष ध्यान दिया जाए। किसानों एवं पशुपालको को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए और विलम्ब न होने पाये। वर्तमान भुगतान के साथ ही बकाया धनराशि का भी भुगतान कर भुगतान प्रक्रिया को नियमित किया जाए। अवगत कराया गया कि वर्तमान में 18108 निबंधित समितियां हैं, जिसके सापेक्ष 7094 कार्यरत समितियां हैं।

सर्वोदय नगर चौराहा खोलने की मांग पर एडीसीपी ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सोमवार को सर्वोदय नगर के व्यापारियों ने सर्वोदय नगर आदर्श व्यापार मंडल के तत्वावधान में लंबे समय से सर्वोदय नगर चौराहे पर यातायात विभाग द्वारा अस्थाई बेरीकेटिंग लगाकर बंद किए गए सर्वोदय नगर चौराहे को खोलने की मांग की व्यापारियों की मांग पर एडीसीपी यातायात अशोक कुमार ने यातायात विभाग के यातायात निरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ सर्वोदय नगर चौराहे का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने एडीसीपी यातायात को जानकारी देते हुए बताया खुर्रम नगर-रिंग रोड पर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की वजह से यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से कुछ समय के लिए सर्वोदय नगर चौराहे पर यातायात विभाग द्वारा अस्थाई बैरिकेटिग लगाकर चौराहे को बंद किया गया था किंतु अब फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ऐसी स्थिति में अब इस चौराहे को बंद रखने का कोई

औचित्य नहीं है सर्वोदय नगर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान महामंत्री के के शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक जैन ने मौके पर पहुंचे एडीसीपी यातायात अशोक कुमार को बताया सर्वोदय नगर चौराहा बंद होने से व्यापारियों नागरिकों महिलाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी असुविधा होती है काफी लंबा घूम कर आना पड़ता है तथा अनेक लोगों द्वारा समय बचाने के उद्देश्य से विपरीत चलने के कारण अव्यवस्था उत्पन्न होने की भी शिकायत की व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने एडीसीपी यातायात से सर्वोदय नगर चौराहे को खोलने की एक स्वर से मांग की एडीसीपी यातायात अशोक कुमार ने ट्रायल के तौर पर मंगलवार 15 अक्टूबर से सर्वोदय नगर चौराहे को खुलवाकर परीक्षण करने का आश्वासन दिया।

पेंशनर उपचुनाव के दौरान सभाएं कर उठाएंगे मांगें

लखनऊ। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनरों की प्रांतीय बैठक आज आलमबाग बस स्टेशन पर प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पूरे प्रदेश से प्रांतीय एवं मंडलीय पदाधिकारी ने भाग लिया।बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पेंशनरों की लंबे समय से की जा रही न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी और मुफ्त चिकित्सा सुविधा की माँग को अनदेखा किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न करना पेंशनरों के साथ धोखा किया जाना है। पेंशनरों की एकता पर विशेष रूप से बल दिया गया।बैठक में पिछले दो माह में किए गए आंदोलन की समीक्षा कर यह तय किया गया कि प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनाव के दौरान पेंशनरों को जागृत करने के लिए जगह-जगह सभाएं की जाएगी जिसमें पेंशनर अपनी मांगों को उठाएंगे। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत और महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत महाराष्ट्र से आकर 23 को प्रयागराज में और 24 अक्टूबर को कानपुर में विशाल सभा कर पेंशनरों को जागृत करेंगे। जिसमें पूरे प्रदेश के पेंशनर भाग लेंगे।

बहराइच में हिंसा की घटना प्रशासन की बड़ी चूक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बहराइच की घटना को दुखद बताते हुए सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है।

पत्रकारों से उन्होंने कहा कि सरकार को न्याय करना चाहिए। जिस समय ये जुलूस निकला, उस समय पुलिस को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था कि रूट पर सुरक्षा है या नहीं, पर्याप्त पुलिस की तैनाती है या नहीं। लाउडस्पीकर पर क्या बजाया जा रहा था ? प्रशासन को इसका ध्यान

रखना चाहिए था। शासन-प्रशासन की चूक की वजह से यह घटना हुई। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की थी।

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कस्टोडियल डेथ पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यूपी में यह कोई पहली कस्टोडियन डेथ नहीं हुई है और कस्टोडियन डेथ में ज्यादा पीडीए के लोग हैं।

अखिलेश यादव ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग मनमानी कर रहे हैं। लखीमपुर में विधायक को थप्पड़ मारा गया, क्या कार्रवाई हुई ? सपा अध्यक्ष ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर भी सुरक्षा पर सवार उठाए। उन्होंने कहा कि किसी पर अगर वाई, एक्स, जेड कैटेगरी की सुरक्षा है और इतनी बड़ी घटना होगी तो स्वाभाविक है अंगुलियां उठेंगी। सुरक्षा हटाए जाने से सबसे ज्यादा राजनेताओं को खतरा है।

शराब तस्करी रोकने के लिए चण्डीगढ़, हरियाणा व पंजाब बार्डर पर करें निगरानी

अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी रहेगी प्रवर्तन कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग को फेस्टिवल सीजन में और अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। इस त्योहारी मौसम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा अनाधिकृत रूप से मदिरा की दुकानों के बाहर पीने और पिलाने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। आबकारी मंत्री ने यह निर्देश आज यहां गन्ना संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि माह सितम्बर में 3246.67 करोड़ रुपये का आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 22563.15 करोड़ रुपये की प्राप्तियॉ हुई है, जबकि इस माह तक गत वर्ष की प्राप्ति 20226.55 करोड़ रुपये थी। उन्होंने राजस्व प्राप्ति में अधिकतम उपलब्धि प्राप्त करने वाले मिर्जापुर, अयोध्या तथा वाराणसी प्रभार के अधिकारियों की प्रसंशा की और न्यूनतम उपलब्धि वाले बस्ती, गोरखपुर एवं आजमगढ़ प्रभार के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए आगामी माह में शत-प्रतिशत राजस्व अर्जित करने के निर्देश भी दिये। आबकारी मंत्री ने कहा कि अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए चण्डीगढ़, हरियाणा और पंजाब बार्डर के पोस्ट को और अधिक सक्रिय किया जाये। किसी भी दशा में अन्य राज्यों से प्रदेश में अवैध मदिरा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रर्वतन की टीमों को जिलों में भेजकर मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण करायें। इसमें जीएसटी टीम का भी सहयोग प्राप्त किया जाये। कच्ची शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगे, इसके लिए लगातार सघन तलाशी अभियान चलाया जाये। प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी ने बताया कि सितम्बर माह में आबकारी टीम द्वारा 78848 छापे मारे गये और 227957 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई। इसमें लिए 330 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है।

आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव की जा रही वाहन संबंधी नौ सेवाएं

लखनऊ। जनमानस को वाहन संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग ने 09 सेवाओं को आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव कर दिया है। इसे वाहन स्वामियों को भागदौड़ की परेशानी से छुटकारा मिलेगा और घर बैठे विभिन्न सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि इन 09 सेवाओं में डुप्लिकेट आरसी, विशेष परमिट, आरसी विवरण, डुप्लिकेट परमिट, डुप्लिकेट फिटनेस सर्टिफिकेट, डुप्लिकेट डीएल, डीएल में पता परिवर्तन, डीएल प्रतिस्थापन एवं डीएल एक्सट्रैक्ट को आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से लाइव कर दिया गया है। शिक्षार्थी लाइसेंस, स्थायी पंजीयन हेतु आवेदन, लाइसेंस तथा वाहन से मोबाइल नम्बर अपडेट का कार्य पहले से ही आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से किया जा रहा है।

निर्णय | **किसान हित में आलू बीज की विक्रय दरों में की गई कमी**

गुणवत्तायुक्त बीज से आलू उत्पादन में होगी वृद्धि : दिनेश प्रताप

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार में किसान हित के दृष्टिगत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के किसानों एवं आलू उत्पादकों के हित को देखते हुए वर्ष 2024-25 के लिए आलू बीज वितरण व विक्रय की दरें निर्धारित करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजकीय आलू बीज की उपलब्धता कृषकों को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के किसानों को बीजोत्पादन के लिए विक्रय हेतु विभागीय दरों में 500 रुपये

प्रति कुन्तल की दर में कमी करके विक्रय दर शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छोड़कर निर्धारित कर दी गई है।उद्यान मंत्री श्री सिंह ने बताया कि अब आधारित प्रथम आलू 2995 रूपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 2595 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज आधारित प्रथम 2270 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज आधारित द्वितीय 2210 रूपये प्रति कुंतल तथा आधारित प्रथम आलू ट्रूथफूल 2180 रूपये प्रति कुंतल बीज हो गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की बीज विक्रय दरें एक समान है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को नकद मूल्य पर आधारित प्रथम, द्वितीय तथा प्रमाणित आलू बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

इन दरों पर प्रदेश के कृषक अपने जनपदीय उद्यान अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर आलू बीज का उत्पादन कर सकते हैं। आलू बीज आधारित प्रथम, आधारित द्वितीय तथा प्रमाणित श्रेणी का है, इससे आगामी वर्षों के लिए बीज तैयार किया जा सकता है, जिससे प्रदेश में आलू के गुणवत्तायुक्त बीज की कमी की पूर्ति होगी। प्रदेश के किसान उद्यान अधिकारी से मिलकर निर्धारित दरों पर आलू बीज प्राप्त कर अपने निजी प्रक्षेत्रों पर बीज उत्पादन कर सकते हैं। इससे पहले आलू बीज की विक्रय दर आधारित प्रथम 3495, आधारित द्वितीय 3095, ओवर साइज आधारित प्रथम 2770, ओवर साइज आधारित द्वितीय 2710 तथा आधारित प्रथम ट्रुथफूल 2680 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित की गई थी। उद्यान मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग 6.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए लगभग 24- 25 लाख मैट्रिक टन आलू बीज की आवश्यकता होगी। उद्यान विभाग लगभग 40-45 हजार कुन्तल आधारित श्रेणी का आलू बीज किसानों में बीज उत्पादन के लिए वितरित करेगा। जिससे किसानों द्वारा अग्रेतर श्रेणी का बीज उत्पादन कर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त बीज की कमी को पूरा करने में सहभागी हो सकते हैं। गुणवत्तायुक्त प्रमाणित आलू बीज से प्रदेश के आलू उत्पादन में वृद्धि होगी। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि मार्च 2023 में प्रदेश के राजकीय प्रक्षेत्रों पर उत्पादन के लिए सीपीआरआई, भारत सरकार से 9214.94 कुन्तल जनक ब्रीडर आलू बीज प्राप्त कर राजकीय प्रदेश के 21 राजकीय प्रक्षेत्रों पर कुल 224.83 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू बीज का उत्पादन कराया गया, जिससे 45168.50 कुन्तल आधारीय एवं टीएल श्रेणी के आलू बीज कुफरी बहार, कुफरी चिप्सोना-1 एवं 3, कुफरी आनन्द, कुफरी पुखराज, कुफरी सूर्या, कुफरी ख्याति, कुफरी सिन्दूरी, कुफरी फ्राईसोना, कुफरी मोहन, कुफरी गंगा, कुफरी नीलकण्ठ, कुफरी लवकार एवं कुफरी बादशाह का उत्पादन प्राप्त हुआ।

सात वर्षीय बालिका का शव मिलने से हड़कंप

- पांच दिन से लापता थी बालिका
- मौत से परिजनों में कोहराम
- मृत्यु की सच्चाई का पता लगाया के लिए पुलिस हर पहलू की कर रही जांच

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के मोहल्ला सकरौरा पश्चिमी में पांच दिन से लापता सात वर्षीय मासूम बालिका का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार 10 अक्टूबर को मोहल्ला सकरौरा निवासी रोशन अली की बेटी शाहनुमा (7) अचानक गायब हो गई थी। लड़की अपने घर से करीब 11 बजे दुकान पर सामान लेने गई थी,लेकिन लौटते समय लापता हो गई। परिवार ने काफी समय तक लड़की को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन जब कोई सफलता नहीं मिली तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की थी।

निरीक्षक श्रीधर पाठक ने घटना को तत्काल संज्ञान लेते हुए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की मदद से लड़की की तलाश शुरू करवाई,लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार 14 अक्टूबर को पांचवें दिन सकरौरा पश्चिमी के एक घर के पीछे बने टिन शेड में मासूम बालिका शाहनुमा का शव मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इ

स घटना ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है और स्थानीय लोग इसे लेकर बेहद चिंतित हैं। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है ताकि लड़की के गायब होने और उसकी मृत्यु के पीछे की सच्चाई का पता लगाया जा सके। मामले में मृतक बच्ची के पिता रोशन अली ने बताया कि वह मूल रूप से नगवा कला के पवारन पुरवा गांव का रहने वाला है और ठेला चलाकर परिवार चलाता था,वह अभी 3 महीने पहले गांव से आकर यहां सकरौरा पूर्वी में रह रहा है। पीड़ित पिता के मुताबिक़ विगत 10 अक्टूबर को उसकी बेटी रहनुमा सामान लेने दुकान गई थी,जिसे देर देख उसे खोजने शहनुमा उम्र 7 वर्ष चली गई तभी से वह लापता हो गई, काफी खोजने पर कहीं उसका पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह मोहल्ले में खाली पड़े झोपड़ पट्टी से बदबू आने पर लोगों द्वारा शव देखकर सूचना दी गई। बच्ची के शव मिलने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक, सर्विलांस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर घटना की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एसपी ने भरत मिलाप कार्यक्रम का लिया जाएगा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

- आयोजकों से वार्ता कर सकुशल कार्यक्रम सम्पन्न कराने के लिए दिए दिशा-निर्देश

सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भरत मिलाप चौराहे पर आयोजित होने वाली भरत मिलाप कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा आयोजकों से वार्ता कर त्योहार के संबंध में शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया गया। सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण रखतें हुए परंपरागत तरीके से त्योहारों को मनाने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि भरत मिलाप कार्यक्रम के दृष्टिगत गोण्डा पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल व आस-पास पर्याप्त संख्या में वर्दी व सादे वस्त्र में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार डाईवर्जन की भी व्यवस्था की जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, प्र. नि. को. नगर मनोज पाठक, आयोजकगण आदि मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पीएम विश्वकर्मा योजना

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

रोजगार के लिए दर दर भटक रहे युवाओं को पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं का लाभ मिलने की कौन कहे योजना के लाभार्थियों से खुले आम लूट की जा रहीं है।योजना से लाभ प्राप्त करने के लिए पहुंचे युवाओं से ट्रेनिंग के नाम पर वहाँ उपस्थित कर्मचारियों द्वारा प्रति लाभार्थी से सौ रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। अंधेरे कमरे में बैठा कर उनकी परीक्षा ली जा रही है।अब देखना है कि योगी सरकार प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम विश्वकर्म योजना की क्या इन पर भी जाँच बैठाएगी अथवा खुली लूट को संरक्षण देगी।बता दे कि सेंटर पर आए अभ्यर्थियों ने बताया कि उन लोगों से पैसे वसूले जा रहे हैं। किसी से फोटोकॉपी के नाम पर या फिर किसी से कागज के नाम पर पैसे वसूले जा

रहे हैं।वहीं इसकी जानकारी जो एक व्यक्ति संस्था पर मौजूद था जब उसे दूरभाष पर पूछा गया तो उसने बताया कि उपायुक्त उद्योग से जानकारी ले लीजिये हम नहीं बता पायगे वही ज़ब उपायुक्त उद्योग बाबू राम यादव से दूर भाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया मुझे संस्था का नाम ही नहीं पता है।सुबह बता पाएंगे किस संस्था को इसका काम मिला है।

अब प्रस्तुत करना होगा डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। मुख्य कोषाधिकारी ने कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त विभागों के पेंशन धारकों को सूचित किया है कि अब पेंशन धारक को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र किसी भी लोकवाणी केंद्र से कोषाकर को ऑनलाइन भेजा जा सकता है यदि कोई पेंशन धारक तकनीकी कारण के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भेजने में असमर्थ है तो कोषाकर में व्यक्तिगत रूप से अपनी वैधता की तिथि माह में उपस्थित होकर अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है इस हेतु पीपीपो, बैंक पासबुक आधार कार्ड तथा पैन कार्ड व मोबाइल नंबर साथ में लाना अनिवार्य है।

कबाड़ से बनी फ्लावर गैलेरी दे रही स्वच्छता का संदेश

- जनपदवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए डीएम की अनूठी पहल
- शहीदे आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल पर स्थापित की गई वेस्ट टू फ्लावर गैलेरी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपदवासियों को के बीच पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए एक अनूठी पहल की है। उनके नेतृत्व में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल पर वेस्ट टू फ्लावर गैलेरी स्थापित की गई है, जो अब जिले में चर्चा का विषय बन गई है। इस पहल के तहत विकास भवन, कलेक्ट्रेट, जिलाधिकारी आवास से लेकर नगर पालिका गोण्डा के कार्यालय में पड़ी खराब कुर्सियों और टायरों का रचनात्मक रूप से उपयोग किया गया है।

रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिलके सिद्धांत पर आधारित इस गैलेरी में पुरानी कुर्सियों और टायरों को सजाकर पौधों के लिए उपयोग किया गया है। आकर्षक रंगों में रंगे गए टायर और सजी हुई कुर्सियां इस दीवार की सुंदरता को और बढ़ा रही हैं, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दे रही हैं। यह पहल न केवल स्वच्छता अभियान को मजबूती दे रही है, बल्कि लोगों को कबाड़ से भी सुंदरता और उपयोगिता का सृजन करने की प्रेरणा दे रही है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पहल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबाड़ या बेकार समझे जाने वाले सामानों में भी नई उपयोगिता और सुंदरता ढूंढी जा सकती है। वेस्ट टू फ्लावर गैलेरी इसी सोच पर आधारित है कि कैसे हम पुराने सामानों को दोबारा उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से यह संदेश देना है कि स्वच्छता केवल कचरा उठाने तक सीमित नहीं है, बल्कि कचरे को कम करना और उसका पुनः उपयोग करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब मिलकर छोटे-छोटे कदम उठाएं, तो बड़े बदलाव संभव हैं। इस रचनात्मक पहल को लेकर शहरवासियों में उत्साह है। लोगों का कहना है कि यह पहल न केवल शहर को स्वच्छ और सुंदर बना रही है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैला रही है। स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी की इस सोच और पहल की सराहना की है, इसे स्वच्छता जागरूकता का एक अनूठा तरीका बताया है।

खबरें एक नजर में

इंटरलाकिंग तोड़कर बिछायी पाइप लाइन राहगीरों के लिये बनी मुसीबत

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। नगर में सड़क खुदाई कर नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछायी जा रही है। पाइप लाइन डालने के बाद सड़क को खुदा हुआ ही छोड़ दिया गया। इंटरलॉकिंग में गड्ढे राहगीरों व आसपास के निवासियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। नगर में पेयजलापूर्ति के लिए नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन डालने कि काम चल रहा है। नगर की हर गली व मोहल्ला में पाइप लाइन डाली जानी है। नगर के मोहल्ला हरीपुरा, भवानीराम, दलालनपुरा पाइप लाइन डाली गयी है। पाइप लाइन डालने के गली में बनी इंटरलॉकिंग को तोड़ दिया गया। गली के मध्य में इंटररलाकिंग खोद कर पाइप लाइन डाली गयी। पाइप लाइन डालने के बाद ठेकेदार द्वारा गड्ढे भरने के नाम पर खानापूर्ति कर दी गयी है। बरसात में गड्ढे में भरी गयी मिट्टी बैठ गयी है। मिट्टी बैठने के कारण गली में मध्य में नाली सी बन गयी है। गली में बनी इंटरलॉकिंग के मध्य में नाली बन जाने के कारण व उसमें पानी भर जाने के कारण राहगीरों को दिक्कत हो रही तथा आसपास के लोग परेशान हैं। राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो के संयुक्त राज्य निदेशक डा. सोमेन्द्र श्रीवास्तव, पवन कुमार, संतोष याज्ञिक, जितेन्द्र कुमार, शिवराम, सीताराम आदि ने उप जिलाधिकारी विनय मोर्य को प्रत्यावेदन देकर मांग की है कि पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गयी सड़क की मरम्मत करायी जाय जिससे आवागमन सुचारू हो सके तथा लोगों की परेशानी दूर हो सके।

ग्रामीणों ने एसडीएम से लगायी अवैध निर्माण रुकवाने की गुहार

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। विकास खंड के ग्राम शहजादपुरा में आम रास्ते में ग्रामीण अवैध निर्माण कर कब्जा कर रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत देकर आम रास्ते में हो रहे अवैध निर्माण व कब्जा को रुकवाने की मांग की है। शहजादपुरा के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी विनय मोर्य को प्रत्यावेदन देकर कहा कि गांव में पुराने कुंआ वाली गली में मनीराम अवैध कब्जा कर रहे हैं। अवैध कब्जा कर चबूतरा बना रहे हैं तथा पक्के पिलर बना कर आम रास्ता बंद करे है। आम रास्ता बंद होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। आम रास्ता बंद होने के कारण गांव में तनाव है। दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी प्रत्यावेदन देकर गांव में हो रहे अवैध कब्जा व उस पर चल रहे निर्माण को रोकने की मांग के साथ आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है जिससे गांव की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। प्रत्यावेदन में हस्ताक्षर करने वालों में ठाकुर प्रसाद, राजवीर सिंह, कन्हैया लाल, श्रीराम, लालता प्रसाद, चन्दन सिंह, बलवान सिंह, बली मोहम्मद, ब्रजकिशोर, लल्लू, अच्छेराम आदि लोग सम्मलित थे।

शेष चौरसिया ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

बड़गांव वार्ड नंबर 6 के अंतर्गत खैरा कॉलोनी, बड़गांव, मेडिकल कॉलोनी, एवं नई बस्ती में शेष चौरसिया पूर्व सभासद/ कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान 2024 चलाकर 100 लोगों से ऊपर व्यक्तियों का भारतीय जनता पार्टी में सदस्य बनाया गया, पार्टी के दिशा निर्देश पर क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को सदस्यता दिलाई गई है एवं लोगों को संकल्प दिलाया गया 2027 में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने, शेष चौरसिया पूर्व सभासद / कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा के द्वारा लोगों को बताया गया की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गुंडे, अपराधी, माफिया या तो जेल में है या प्रदेश छोड़कर पलायन कर गए हैं भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के दौरान श्रीमती शांति देवी चौरसिया पूर्व सभासद/पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा सचिन चौरसिया सेक्टर संयोजक बड़गांव रानी बाजार ज्ञानेंद्र पाठक जज्जू चौरसिया, राकेश सिंह, गुलगुलसिंह, दुर्गेशचौरसिया, रिशु कनौजिया, चंद्रभान दुबे, चंद्रिका पासवान, राधेश्याम साहू, कैलाश चौरसिया, जुग्गी लाल साहू, निर्मल तिवारी, मंटू चौरासिया, प्रशांत श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रामू पासवान, विशाल शुक्ला, वीरू कनौजिया, निहाल वर्मा रवि वर्मा, अरुण कौशल, मोहित कौशल, रोहित कौशल, अंकित वर्मा, आशीष ओझा, रिंकू साहू, विन्दे वर्मा, निखिल पाण्डेय, अनुराग शुक्ला, महेंद्र साहू, सचिन जयसवाल, अदालती चौरसिया, रवि कांत श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, रवि नंदा, विक्की कश्यप, सिराज अली, मनोज राय आदि लोग शामिल हुए।

जनपद स्तर पर होगा चयन समिति का गठन मांगे गए आवेदन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुरस्कार योजना के अर्न्तगत जनपद गोण्डा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम / मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अर्न्तगत वित्तपोषित, स्थापित, कार्यरत (विगत 03 वर्ष पुरानी) इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार प्रदान करने हेतु जनपद स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा जनपद स्तर पर किया जाना है। सभी इकाईयों के नाम व पता, उद्योग का नाम, बैंक से स्वीकृत / वितरित धनराशि उत्पादित उत्पाद का नाम वार्षिक उत्पाद लाख रू0 में तथा वार्षिक ब्रिकी लाख में एवं रोजगार संख्या अंकित करते हुए अपने आवेदन पत्र 20 अक्टूबर तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 122 राजा मोहल्ला, गोण्डा से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

सरसों की वैज्ञानिक खेती विषयक प्रशिक्षण सम्पन्न

मनकापुर / गोंडा, समृद्धि न्यूज।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में सरसों की वैज्ञानिक खेती विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने राई- सरसों की उन्नतशील प्रजातियां, भूमि एवं भूमि की तैयारी, बुवाई, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरसों फसल की बुवाई का उपयुक्त समय अक्टूबर का प्रथम पखवाड़ा है। किसान भाई सरसों की बुवाई अक्टूबर माह में करते हैं।

राई- सरसों की उन्नतशील प्रजातियों में नरेंद्र 8501, आर एच 725, आर एच 749, सीएस 58, पंत पीली सरसों-1, आजाद महक, पूसा 0031 आदि मुख्य हैं। सरसों फसल की बुवाई में पंक्ति से पंक्ति की दूरी डेढ़ फुट तथा पौधा से पौधा की बीच की दूरी आधा फुट रखते हैं। डॉ. डी के श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने सरसों की फसल में कार्बनिक खादों के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी।

डॉ.अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने सरसों में बीज शोधन, बीज उपचार तथा फसल सुरक्षा प्रबंध की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फसल में सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों अयोध्या प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, जगन्नाथ वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, श्रीमती शीला देवी, कन्हैया लाल यादव आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

50 सदस्यों की बुकलेट जमा करने वाले ही बनेंगे सक्रिय सदस्य : जाटव

- सक्रिय सदस्य का टोली करेगी सत्यापन

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सोमवार को भाजपा सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला लल्ला धाम गेस्ट हाउस अजनारी रोड उरई में संपन्न हुई जिसके बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक जाटव रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।

मुख्य अतिथि अशोक जाटव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि 15 अक्टूबर को

बूथ सदस्यता अभियान समाप्त हो जाएगी इसके उपरांत 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें जिन-जिन कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनना है उन्हें 50 सदस्य की बुकलेट भरकर कार्यालय पर जमा करने के उपरांत सक्रिय सदस्यता 5 नवंबर तक प्रदान की जाएगी जिसमें 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्य का सत्यापन टोली के संयोजन द्वारा सत्यापन किया जाएगा जिसमें सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक ही विधानसभा से ही सदस्य बनना अनिवार्य है तथा नमो ऐप के द्वारा माइक्रो डोनेशन भी करना है।

इस दौरान विधायक मूलचंद्र निरंजन, बृजभूषण सिंह मुन्नू पूर्व विधायक संतराम सेंगर, नरेंद्र सिंह जादौन, पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन पालीवाल नागेंद्र गुप्ता, संजीव उपाध्याय, अग्निवेश चतुर्वेदी, दिलीप दुबे, नीरज दुबे पुष्पेंद्र सेंगर जिला पंचायत सदस्य, देवेंद्र यादव, रामानुग्रह राजावत, मनोज यादव मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीच बस्ती में संचालित शराब ठेका हटाने को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- एसडीएम ने महिलाओं को दिया शराब ठेका हटवाने का आश्वासन

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

इन्दिरा नगर का स्थानांतरित शराब ठेका अब प्रशासन के लिए मुसीबत बन गया है। सोमवार को फिर महिलाओं ने घनी बस्ती के मध्य शराब बिक्री न कराए जाने के लिए तहसील मे प्रदर्शन किया है।

विदित हो कि नगर के मुहल्ला इन्दिरा नगर में आवकारी विभाग ने देशी शराब ठेका का लाइसेंस दिया है जो बिगत दो बर्षो से कोतवाली के सामने संचालित था लेकिन मकान मालिक ने समझौता खत्म होने के बाद उसे खाली करा लिया है जिसके चलते शराब ठेकेदार ने स्थान परिवर्तन कर अब शराब ठेका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने गली में खोल लिया है लेकिन मुहल्ले के लोगों ने घनी बस्ती में शराब बिक्री पर बिरोध जताया था इसके लिए उन्होंने उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को शिकायती पत्र भी दिया था जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया था कि वहां ठेका नही खोला जाएगा पर आवकारी विभाग के अधिकारियो ने उक्त स्थल पर ठेका खोलने की संस्तुति कर दी है जिसके चलते मुहल्ले की महिलाओं ने मोर्चा खो दिया है सोमवार को तहसील पहुंची दो दर्जन महिलाओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कहा है कि वह किसी कीमत पर घनी बस्ती में शराब ठेका खोलने नहीं देंगी क्योकि ठेका वाली गली से ही मुहल्ले का आना जाना है।

एसडीएम ने महिलाओं को आश्वस्त किया है कि वहां शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

डीएम ने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर की कार्यों समीक्षा

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने तहसील कालपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक कर शासकीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बिंदवार तरीके से समीक्षा की। आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की हकीकत जानी। निरीक्षण के क्रम में उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए राजस्व संबंधी मामलों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार संग्रह विभाग, राजस्व कार्यालय, न्यायालयों का निरीक्षण किया तथा शासकीय तथा विभागीय कार्यों की हकीकत परखी। इस दौरान तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार, शिवेंद्र कुमार, सलीम खान, अशोक पांडेय, अफसर खान दीपिमा के साथ ही उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, नीलमणि सिंह मौजूद रहे।

रक्तरंजित अवस्था में मिला युवक का शव, हड़कंप

- पुलिस शव की शिनाख्त कराने के प्रयासों में जुटी

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सोमवार सुबह जोल्हूपुर हमीरपुर स्टेट हाईवे पर स्थित रायढ़ नाला के पास झाड़ियों में पुलिस ने अज्ञात युवक की लाश बरामद की है। उसकी हत्या कर यहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास में लगी है।

विदित हो कि लमसर गांव के पास स्थित रायढ़ नाले के पास देव स्थान के साथ कृषि जमीन भी है जिसको लेकर ग्रामीणों का आवागमन बना रहता है। सोमवार सुबह नाले के पास से गुजर रहे लमसर गांव के लोगों ने झाड़ियों में चादर में लिपटी कोई बस्तु देखी तो उन्हें शंका हुई इस पर उन्होंने मामले की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी तो जागरूक लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी थी आनन फानन मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ज्ञान भारती जितेन्द्र कुमार ने चादर हटाकर देखा तो उसमें 20 वर्षीय युवक की अर्धनग्न हालत में रक्तरंजित लाश थी। हाईवे किनारे युवक की लाश मिलने की सूचना विभाग के आला अफसरों को मिली तो हड़कम्प मच गया और आनन फानन मौके पर कोतवाली पुलिस के साथ पहुंचे सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी ने भी घटना स्थल का बारीकी से परीक्षण किया और पुलिस को ग्रामीणों की मदद से उसकी शिनाख्त कराने के निर्देश दिए लेकिन काफी दिनों तक चली कवायद के बाद भी उसकी पहचान नही हो सकी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज भेज दिया है। सीओ के अनुसार प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि शव को कही से लाकर फेंका गया है क्योंकि मृतक के चेहरे और अन्य जगहों पर चोट के निशान तो है पर मौके पर कोई सबूत नहीं है और न ही उसके पास ऐसा कुछ मिला है जिससे सुराग लग सके फिलहाल शव की फोटो आसपास के जनपदों में भेजी गई है जल्दी ही उसकी पहचान होने की संभावना है।

बछरावां क्षेत्र में बनेंगे छह अंडर पास

▸ छह करोड़ है अंडर पास बनाने की लागत

बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ प्रयागराज रेल खंड पर बछरावां क्षेत्र में 6 करोड रुपए की लागत से 6 अंडर पास जल्द बनने का प्रस्ताव है। क्रॉसिंग संख्या 172 सी कुंदनगंज करन पुर, मुडियाडीह171 सी, 173 सी कन्नावां रोड, 174 सी गेट बगाही रोड, 178 सी नीम टीकर हसनगंज रोड , बछरावां लालगंज रोड 175 बी रोड, पर 6 करोड़ रुपए की लागत से 6 अंडरपास रेलवे क्रॉसिंग पर बने थे परंतु बरसात के कारण काम रुक गया।

बरसात खत्म होने को आनी है जल्द ही उम्मीद ग्रामीणों को हैं की अंदर पास बनेंगे और कहीं आने-जाने में राह आसान होगी। बगाही क्रॉसिंग पर अंदर पास बना था परंतु बरसात होने के कारण सामान गिरने के बाद भी काम बंद हो गया था जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। यहां अंदर पास बनने से करीब डेढ़ लाख लोगों को फायदा मिलेगा।यह अंदर पास बनने से बन्नावां, पश्चिम गांव, नंदा खेड़ा, महेरी, जोहव शर्कि सहित तीन दर्जन से ज्यादा गांव को फायदा मिलेगा । परंतु बछरावां लालगंज रोड 175 बी क्रॉसिंग पर अंडर पास बना है परंतु पहले से ही मौजूद फ्लावर के चलते पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एनओसी नहीं दी गई है जिस कारण अंदर पास बनाना रेलवे के लिए समस्या उत्पन्न कर रहा है। बछरावां कस्बे के लालगंज रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन 25 से 30 ट्रेन निकलती हैं जिस कारण प्रति घंटा जाम की स्थिति उत्पन्न होती है जिससे सैकड़ो लोग जाम में फंसे रहने के बाद भी उनके कई काम नहीं हो पा रहे हैं। वही पीडब्ल्यूडी एक्स ई एन महिपाल ने बताया कि बछरावां लालगंज क्रॉसिंग पर पर्याप्त जगह ना हो पाने के कारण रेलवे अंडरपास बनाना संभव नहीं है फिलहाल शासन स्तर पर वह एक बार फिर से बातचीत कर नतीजा निकलाने का प्रयास करेंगे। सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार ने बताया कि जल्द ही सभी अंडरपास पर कार्य कराया जाएगा जिससे रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या न उत्पन्न हो सके ।

नल में पानी पीना पड़ा चाचा को महंगा, भतीजे ने किया कुल्हाड़ी से हमला

बछरावा रायबरेली। मामूली विवाद में भतीजे ने चाचा पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया हैद्य घटना सोमवार दोपहर 1ः00 बजे की है। जब बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम जोधी खेड़ा मजरे अमावा गांव में रामछगन पुत्र विद्या प्रसाद उम्र 50 वर्ष खेतों से वापस लौटकर घर के सामने लगे इंडिया मार्का नल में हाथ पैर धोने तथा पानी पीने के लिए चला गया। इस बीच परिवार की ही एक महिला भी उसी नल पर पानी लेने के लिए पहुंच गई। दोनों में पानी लेने को लेकर मामूली बातचीत हो गई। बातचीत के ही दौरान महिला का देवर जितेंद्र कुमार पुत्र रामकुमार जो रिश्ते में अधेड़ का भतीजा है। उसने कुल्हाड़ी लेकर चाचा के ऊपर वार कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले से चाचा गिरकर बेहोश हो गए। वही अधेड़ की परिजनों के द्वारा सूचना 112 पुलिस को दी गई।

साहित्य गौरव सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रामदुलारे स्मृति साहित्य संस्था मुन्ना खेड़ा बहादुर पुर बछरावां एवं रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक सरस कवि सम्मेलन/काव्यगोष्ठी का आयोजन साहित्य सुगंध परिवार के सहयोग एवं सानिध्य में संत कंवर राम इंटरमीडिएट कॉलेज निकट बांबे धर्मकांटा सब्जी मंडी रायबरेली में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के अध्यक्ष इंद्रेश भदौरिया इंद्रेश ने की, मुख्य अतिथि लखनऊ से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार अस्थाना महेश प्रकाश रहे वहीं अति विशिष्ट अतिथि सुखराम शर्मा सलोन तथा केशव प्रसाद बाजपेई रायबरेली रहे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार अवस्थी श्याम तथा जाने माने अवधी कवि एवं कहानीकार सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर रहे,जहाँ कार्यक्रम को समीक्षा जो गुरुत्त दायित्व बाराबंकी से पधारे वेदप्रकाश सिंह प्रकाश पर रहा वहीं रचनाकारों की समीक्षा का कठिनतम् दायित्व अमेठी जिले के अवधी के देदीप्यमान सूर्य ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस ने संभाला। जहां काव्य संगम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात लखनऊ से पधारी नीतू आनन्द श्रीवास्तव की वाणी वंदना से हुआ वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन कविराज -शिवकुमार सिंह शिव दुर्सोती ने कुशलतापूर्वक किया। कविता पाठ करते हुए नीतू आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा -हे!सुर ताल ज्ञान की देवी हम पर कृपा करो।इसी क्रम में रशेश राज अनुराग ने पढ़ा -बस उसका अरमान बसाया करते है, और उसकी पहचान छिपाया करते हैं। वेद प्रकाश सिंह प्रकाश ने पढ़ा -प्रतिमा में ही नहीं समायी, प्रति माँ में जगदम्बा है। जगदंबा तिवारी मधुर ने पढ़ा -भूलना कितना कठिन है,याद आता गाँव है।कुँवर आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा -मैं बादशाहत को रौंद सर पर ताज रखता हूँ, ज़ेहन में अपने दबा कर शहरे राज रखता हूँ। डाक्टर गीता पांडे अपराजिता ने पढ़ा -हो गया है मैला धरातल,अब उठे चिंतन करो।केशव प्रसाद बाजपेई ने पढ़ा -तुम न आये महकती रही क्यारियाँ,याद आयी तुम्हारी तुम्हारे लिये। श्याम किशोर श्याम लखनऊ ने पढ़ा -गीत है साधना गीत आराधना, गीत बन्दन है पूजन है, है अर्चना। रामकिशोर भूखन भैया उन्नाव ने पढ़ा -रावण के सीख मानि छांडौं छलछन्द सब,भजौ राम नाम नहीं भूखन मरि जैहौ।अमलेश कुमार अमल ने पढ़ा -हिंदी तो हमरे हृदय मा,हर सांस खुशी औ गम मा है। हिंदी तो हमारि अम्मा है। शिवकुमार आकाश हलचल ने पढ़ा -माँ के भावों को भूल सकते नहीं,उनको अधबीच में छोड़ सकते नहीं। कृष्ण कुमार अवस्थी श्याम ने पढ़ा -आंचल में छुपा ले मैय्या,इस दुनिया से घबराऊँ।डर लगता है भीड़ में, औरों सा ना खो जाऊँ।। आचार्य सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर ने पढ़ा -बिना थके जारी रखा, संघर्षो का खेल,उगी बढ़ी फूली फूली मंजु सफलता बेल। अस्थाना महेश प्रकाश ने पढ़ा -छोटा कर दो सर्प को, ज़हर उगलता देख। हत्या ऐसे जीव की, नहीं पाप की रेख।। जनकवि सुखराम शर्मा सागर ने पढ़ा -शब्द कोष में शब्द नहीं,किन शब्दों से नमन करूं।राना बेनीमाधव, वीरा पासी की जननी को नमन करूं। ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस ने पढ़ा -बेरि केरि के संग निभै ना,अन्धि भक्ति दिन चारि सरै ना।झूंठय मोंवरि झूंठय पोवरि यैसन कबहूँ पेट भरै ना।। कार्यक्रम संचालक कविराज -शिवकुमार सिंह शिव ने पढ़ा - कितना मुश्किल है दुनिया में, सबको साधे रहना। कुंठित इस वातावरण में,मलय समीर का बहना। और अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रेश भदौरिया इंद्रेश ने पढ़ा -है गाँव सहर के बात नहीं,हर घर मा रावण बैठे है। है भरा पाप से घड़ा मुला, अपने घमन्ड मा अंइठे है।। कार्यक्रम के संपन्न होने पर कवियों को रायबरेली काव्य रस मंच द्वारा साहित्य ज्ञान गौरव रत्न सम्मान 2024 से अंगवस्त्र के साथ माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया। वहीं अखिल भारतीय रामदुलारे साहित्य संस्थान की ओर से रामदुलारे स्मृति साहित्य गौरव सम्मान भी सभी कवियों को अंगवस्त्रम् और फूल मालाओं के साथ दिया गया अंत में समीक्षकों द्वारा कार्यक्रम व रचनाओं की समीक्षा के बाद जिले समाज सेवी,साहित्यानुरागी पूर्व विधायक गजाधर सिंह को मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर गिरिराज शर्मा ठेठ मलिहाबादी, आनन्द तिवारी आनन्द निगोहां लखनऊ,दलबहादुर सिंह परिहार,, पुरषोत्तम, लालबहादुर यादव,यति शुक्ला, जगजीवन सिंह हरिनाथ पटेल, लक्ष्मी कांत शुक्ल, चन्द्र प्रकाश सिंह, अरुण पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

आरेडिका के केन्द्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लालगंज रायबरेली। स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका चिकित्सालय द्वारा आरेडिका परिसर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए,एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 787 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. मनीष कुमार मंडल चिकित्सा अधिकारी (चाइल्ड स्पेशलिस्ट), डॉ. आकांक्षा (दंत चिकित्सक) एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 74 बच्चों में आंखों की समस्या, 5 में पीलिया, 2 में हृदय संबंधी, 1 में किडनी और 13 में कान, नाक, गले की समस्याएं पाई गई । सभी बच्चों के माता-पिता को सलाह दी गई कि वे चिकित्सालय आकर आगे के परीक्षण करवाएं । डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ, ने कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के लिए आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया पर आधारित एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के साथ आहार और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों से संबंधित उनके प्रश्नों पर चर्चा की । स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य की स्थिति की जाँच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना था ।

गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता का द्वितीय चरण संपन्न

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जनपद स्तरीय गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता चिन्मय विद्यालय एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा आयोजित द्वितीय चरण सलोन क्लस्टर के गणमान्य विद्यालयों के मध्य संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन सुनील पांडेय प्रबंधक चाइल्ड वेलफेयर कान्वेंट स्कूल में सफलता पूर्वक किया गया। चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार स्वामी जोकि आध्यात्मिक दूरदर्शिता के परिचारक है।जिनके कुशल मार्गदर्शन से प्रतियोगिता में सलोन क्षेत्र के निमिषा कान्वेंट स्कूल,सिटिजन पब्लिक स्कूल, जयप्रकाश नारायण इंटर कॉलेज,बी.एस.एम.पब्लिक स्कूल सूची,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विद्यालय तिवारीपुर एवं चाइल्ड वेलफेयर कान्वेंट स्कूल नूरूद्दीनपुर आदि ने प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग किया। उपर्युक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में गीता पांडेय प्रवक्ता कान्ह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज करहिया बाजार और जितेश कुमार मिश्रा सम्मिलित हुए। उपरोक्त प्रतियोगिता का अंतिम चरण चिन्मय विद्यालय, एन टी पी सी,ऊँचाहार में 9 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।

खबरें एक नजर में

दबंगों ने युवक को गोली मार कर किया घायल

सलोन रायबरेली। बाइक से जा रहे युवक को दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग कर दिया ।जिससे युवक के हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गया ।गंभीर रूप से घायल युवक को सीएससी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के पूरे चौरिहन के पास का हैं ।जहां सचिन मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा निवासी बैरमपुर अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे ।इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार सोनू ओझा व राणा ओझा ने सचिन पर फायरिंग कर दिया ।गोली लगने से हाथ जख्मी हो गया ।दिनदहाड़े गोली की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन पहुंचाया ।जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।वही इस संबंध में क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार ने बताया युवक की हथेली में चोट लगी हैं ।अस्पताल में भर्ती कराया गया ।तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, चले लाठी-डंडे, दो घायल

बछरावा रायबरेली। पिता और बड़े भाई के झगड़े को शांत कराना छोटे भाई को महंगा पड़ गया, शराबी बड़े भाई ने छोटे भाई पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसमें दोनों घायल हो गए एक ही हालत गंभीर बनी हुई है। घटना दिनांक 13 अक्टूबर रविवार रात्रि 11:00 बजे के आसपास की है। जब बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम सेहगो गांव निवासी राम प्रकाश पुत्र राजाराम शराब पीने का आदी है, नशे की हालत में आए दिन अपने पिता से गाली गलौज तथा मारपीट करता है। आए दिन की मारपीट से तंग आकर, छोटा भाई देवी दयाल उम्र 32 वर्ष रविवार रात पिता और पुत्र के बीच हो रहे झगड़े मे बीच बचाव करने के लिए पहुंच गया। शराबी भाई ने अपने छोटे भाई पर लाठी से हमला कर दिया। जब शराबी भाई ने हमला किया तो अपने बचाव में छोटे भाई भी एक दूसरे पर मारपीट आमादा हो गए। इसमें दोनों घायल हो गए। मारपीट की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गयाद्य वहीं छोटे भाई के सिर पर गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। परिजनों के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

मछली व शराब पार्टी में युवक को मारकर किया घायल

बछरावा रायबरेली। शराब पार्टी में प्लेट में मछली कम होने को लेकर हुआ विवाद, दो युवक ने एक युवक को लोहे की बाल्टी से मार कर घायल कर दिया, 112 पुलिस ने घायल का इलाज कराया है। घटना सोमवार शाम 4:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के ग्राम रामपाल खेड़ा में नाले के पास ससुराल आए एक युवक शिव शंकर पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम संदाना थाना मौरावा की ससुराल रामपाल खेड़ा में है। वही राजेंद्र कुमार पुत्र प्रताप एवं राजेश कुमार पुत्र महादेव निवासीगण रामपाल खेड़ा इन लोगों के बीच शराब पार्टी को लेकर गांव के बाहर एक नाले के पास पहुंच गए हैं। जहां मछली एवं शराब का प्रयोग किया जा रहा था। पीड़ित शिव शंकर बताया कि मारपीट करने वाले युवक ने प्लेट में मछली कम होने की बात कही। और गाली गलौज करते हुए दोनों ने मिलकर डंडे से तथा दूसरे ने बाल्टी उठाकर मेरे सिर पर वार कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल होकर वह बेहोश हो गया। आसपास के मौजूद लोग यह तमाशा देख रहे थे। जिनके द्वारा सूचना 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अपने ही वाहन में लेकर आनन–फानन बछरावां सीएचसी पहुंचाया। जहां घायल का इलाज किया गया। पीड़ित के द्वारा घटना की जानकारी तहरीर के माध्यम से थाने में की गई है।

रामलीला समिति के तत्वावधान में भरत मिलाप की निकाली गयी शोभायात्रा

श्रीदत्तगंज/बलरामपुर। श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत श्री सोमनाथ मंदिर पर परंपरागत होने वाले दशहरा महोत्सव के पावन पर्व पर रामलीला समिति के तत्वाधान में भरत मिलाप की भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली गई जिसके बाद मंच पर भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ जिसमें महंत जितेन्द्र वन, अध्यक्ष अनूप सिंह, राजकरन पाठक, राम लौटन जायसवाल, प्रेम प्रकाश जायसवाल, रवि मिश्रा, विकाश मिश्रा,दीनदयाल जायसवाल,मनीष गुप्ता,सूर्य प्रकाश पाठक, सिद्धार्थ पटवा,पवन जायसवाल, भोलेनाथ मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, प्रहलाद मिश्रा, भूपाल कौशल, जवाहर लाल कौशल,शुभम जायसवाल सहित क्षेत्रवासी जनता जनार्दन तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित आदि लोगों का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर आयोजन को सकुशल संपन्न कराने हेतु विशेष योगदान के लिए सभी लोगों को महंत के द्वारा सम्मानित किया गया और सभी क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया।

चचेरे भाई को बचाने गए ग्राम प्रधान व छोटे भाई पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला, तीन घायल

▸ पुरानी रंजिश के चलते हुआ हमला, बछरावां क्षेत्र का है मामला

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

पुरानी रंजिश के चलते ग्राम प्रधान व उनके दो भाइयों पर जानलेवा हमला, जिसमें चचेरे भाई सहित तीन लोग हुए घायल जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना दिनांक 13 अक्टूबर रात 8ः00 बजे के आसपास की है। जब अघौरा ग्राम प्रधान का चचेरे भाई मोनू पुत्र शीतला प्रसाद से पड़ोस के ही रहने वाले करण सिंह, व भरत सिंह पुत्र गण अमर सिंह के बीच बिगत दिनों किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था। इस बात की रंजिश में रविवार शाम प्रधान के घर के पास दुकान पर करण व भरत एवं उनके साथ अज्ञात करीब आधा दर्जन से अधिक लोग पहुंचे और मोनू को गाली गलौज करते हुए अपने घर की तरफ उठा ले गए। और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी होते ही ग्राम प्रधान उमेश कुमार व उनके भाई अजय कुमार पुत्र गण कन्हैया लाल भी भाग कर चचेरे भाई को बचाने के लिए पहुंच गए। बचाने आए ग्राम प्रधान व उनके भाई पर दबंगो के द्वारा कुल्हाड़ी एवं लाठी डंडों से हमला कर दिया गया, जिसमें ग्राम प्रधान व उनके भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पुलिस को दी गई वहीं घायल तीनों भाइयों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां गंभीर अवस्था में तीनों का इलाज किया जा रहा है। ग्राम प्रधान उमेश कुमार ने बताया है, मेरे चचेरे भाई से किसी बात को लेकर पड़ोस के ही रहने वाले लोगों से विवाद हुआ था। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, कार्यवाही की जा रही है।

नवयुवक ने बचाई घायल गोवंश की जान

डलमऊ रायबरेली। डलमऊ कस्बे के फ़तेहपुर रोड में एक गाय का बच्चा मरणसन्न अवस्था में आईटीबीपी गेट के पास कराह रहा था। तभी उधर से गुजर रहे पृथ्वी संरक्षण के सदस्य आयुष्मान की नज़र गाय के बच्चे पर पड़ी, आयुष्मान ने उसको तुरंत पानी पिलाया और खाने के लिए रोटी की व्यवस्था की। इसके बाद आयुष्मान ने पशु चिकित्सक को फ़ोन किया लेकिन चिकित्सक ने बताया कि रविवार को वह अवकाश पर रहते हैं इसलिए वह नहीं आ सकते गाय के बच्चे को इलाज उपलब्ध कराने को आतुर नवयुवक ने कई बार फर्स्ट चिकित्सक कब फोन किया लेकिन वहाँ कोई नहीं आया। तब किसी ने डायल 112 को मदद के लिए ट्वीट किया और कुछ देर बाद मदद के लिए पुलिस के जवान वहां पर आए लेकिन बिना डाक्टर के वो भी क्या कर सकते थे। फिर आयुष्मान ने खुद एक ज़ख्म भरने वाली ट्यूब लाकर बछड़े के ज़ख्मों पर लगाया।

गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 31 अक्टूबर 2024 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए निर्धारित की गई है जिसमें भारत का मूल नागरिक हो। उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न दिया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 05 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण-पत्र अंकित किया जाये कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित /लंबित नहीं है और किसी भी आपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नही किया गया है। महत्वपूर्ण कार्यो आदि अभिलेखीय साक्ष्यों को 31 अक्टूबर 2024 के पूर्व चार प्रतियों में उपलब्ध कराये। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन तत्काल निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी को मुहैया करवा दी जाये।

केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

बलरामपुर। आज दिनाक 13 अक्टूबर दिन रविवार को बलरामपुर केमिस्ट एसोसिएशन की एक आप बैठक होटल खाना दरबार भगवतीगंज बलरामपुर में आयोजित की गई जिसमे संगठन के सभी सदस्यों ने अपनी भाग लिया।बैठक का मुख्य बिंदू व्यापार में आ रही समस्याओं और उसका निवारण रहा।बैठक में सदस्यो की राय तथा उनकी समस्या पर प्रश्न उत्तर काल किया गया। भारत सरकार द्वारा ड्रग और कॉस्मेटिक की दिशा निर्देश का विस्तृत जानकारी दी गई। मीटिंग का नेतृत्व बी सी ए के अध्यक्ष श्री शमशुल हुदा खान व बी सी ए के महामंत्री कुमार दीप मिश्रा के नेतृत्व में संपन हुआ उक्त अवसर पर बलरामपुर केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष शमशुल हुदा खान, महामंत्री कुमार दीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, संगठन मंत्री आमिर मेकरानी, इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रभारी शाहिद हसन, प्रिंट मीडिया प्रभारी अमीन जी तथा समस्त दवा व्यापारी सदस्य मौजूद रहे।

भरत मिलाप का कार्यक्रम सकुशल संपन्न

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

उतरौला में भरत मिलाप का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें भगवान श्री राम चंद्र जी, माता जानकी जी, लक्ष्मण जी, और हनुमान जी नगर भ्रमण पर निकले। कार्यक्रम का आरंभ चौहानडीह से हुआ और उन्होंने आलावरपुर, कामरियादास बाबा मंदिर, काली माता मंदिर, राम जानकी मंदिर, अल्ला नगर, आर्य नगर, गांधी नगर, छिपिया, आसाम रोड चौराहा, शिवाजी पुरम, गोंडा मोड़, और हनुमान गढ़ी होते हुए भरत मिलाप गद्दी, जो बड़ी मस्जिद के पास स्थित है, की ओर प्रस्थान किया। भरत मिलाप गद्दी पर पहुंचकर राम जी ने हनुमान जी को भरत का कुशलक्षेम जानने के लिए भेजा। इसके बाद हनुमान जी ने संदेशा भेजकर भरत जी को अवगत कराया कि राम जी अयोध्या लौट रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर चारों भाई, माता जानकी, और हनुमान जी का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया और आरती पूजा की। इस अवसर पर श्री दुःखहरण नाथ रामलीला कमेटी के सर्वाधिकारी महन्थ श्री मयंक गिरि जी महाराज ने सभी नगरवासियों को अपने आशीर्वचन दिए। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी अपने वक्तव्य से कार्यक्रम को गति प्रदान की और उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला और पुरुष दर्शकों के साथ ही श्री दुःखहरण रामलीला कमेटी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ, जिसमें लोगों ने एकजुटता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति अपनी निष्ठा को व्यक्त किया।

सदस्यता अभियान 2024 के तहत अटल भवन में कार्यशाला का आयोजन

बलरामपुर। सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत सोमवार को सक्रिय सदस्यता जिला कार्यशाला का आयोजन तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें। बलरामपुर जिला सदस्यता अभियान में लक्ष्य के समीप है। भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारी जिले को नंबर वन बनाने के लिए पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ लग जाए। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। पार्टी की ओर से दिया गया लक्ष्य पूरा करना सभी लोगों का कर्तव्य है। भाजपा की नीतियों पर जनता को विश्वास एवं भरोसा है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत जनता ने देकर इंडी गठबंधन को जवाब देने का कार्य किया है। विपक्ष देश तोड़ने का कार्य कर रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य कर रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष गोंडा सूर्य नारायण तिवारी ने कहा कि देश की जनता विकास करने वाले के साथ है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आद्या सिंह, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, वरुण सिंह मोनू, रवि कुमार मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, विधानसभा प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश कुमार पाण्डेय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, शिवकुमार वाल्मीकि एवं संदीप उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उतरौला के गांधीनगर में खुले ट्रांसफार्मर से खतरा

उतरौला/बलरामपुर। नगर के गांधीनगर मोहल्ले के वार्ड नंबर 22 में खुले में रखा ट्रांसफार्मर दुर्घटना का गंभीर खतरा बना हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे इसके पास से गुजरते हैं, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के कोई उपाय नहीं हैं, खासकर बारिश में करंट फैलने का डर रहता है। निवासियों ने बिजली विभाग और प्रशासन से कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने इस ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है, ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके।

अच्छे समाज के निर्माण में मांगा लोगों का सहयोग

सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज अपनी जन जागरण यात्रा के साथ बलरामपुर जिले के सादुल्ला थाना क्षेत्र के ग्राम सहजौरा के राजकीय हाईस्कूल में पड़ाव किया। आयोजित सत्संग सभा में अपने संबोधन में संत पंकज महाराज ने कहा कि यह जो कुछ भी आपको दिखाई-सुनाई देता है यह सब माया की छाया है। एक निश्चित समय के लिए आपको अच्छे-बुरे कर्मों के हिसाब से जात-बिरादरी, धन-दौलत, पद-प्रतिष्ठा में आपका जन्म हो गया। जब सांसों की पूंजी खत्म होगी तो अपना दिया हुआ सब सामान वह यही रखवा लेगा। सुई की नोंक के बराबर भी सामान यहां से लेकर नहीं जा सकते और जिस शरीर पर बड़ा गुमान करते हो यहीं पर जलाकर राख कर दिया जाएगा या जमीन में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाएगा। सोंचो आपके साथ क्या जाएगा? इसलिए अभी वक्त है। खेती, दुकान, दफ्तर का काम मेहनत ईमानदारी से करने के बाद 24 घंटे में से घंटा दो घंटा समय निकालकर भगवान का भजन कर लो, खुदा की इबादत कर लो। यही भजन, इबादत जीवात्मा/रूह नर्कों/दोजाखों में जाने से आपको बचाएगा। इसी मनुष्य शरीर में दोनों आंखों के बीच में जीवात्मा बैठी है। इसी में उस मलिक की रचना को देखने के लिए तीसरा नेत्र (शिव नेत्र), नुक्ताई सफेद है। साथ ही उस देश से आने वाली आकाशवाणी, कलमा को सुनने के लिए तीसरा कान है। जब आपको प्रभु की प्राप्ति करने वाले संत महात्मा मिल जाएंगे रास्ता बता देंगे और अपना सहारा दे देंगे आप त्रिकालदर्शी हो जाएंगे और आपका जीवन धन्य हो जाएगा। महाराज जी ने साधना करने का तरीका भी बताया। बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी ने कहा साधना करने के लिए मानव धर्म, इंसानी मजहब अपनाने की जरूरत है। आपके अंदर एक-दूसरे की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, दया भाव रखने, अहिंसा जैसे गुणों को अपनाने की जरूरत है। उस ईश्वर के यहां जो भी आप कर्म करते हो बराबर लिखा जा रहा और उसकी रील भी तैयार हो रही। उसके दरबार में आप गुनाहों से इनकार नहीं कर सकते। महाराज जी ने शाकाहारी बनने, शराब जैसे घातक नशों को त्यागने, आंखों में मांङ्बहनङ्बेटी की पहचान कायम रखने की पुरजोर अपील की तथा समाज के सभी वर्गो के लोगों से परम संत बाबा जय गुरुदेव जी महाराज द्वारा चलाए गए अच्छे समाज के निर्माण के अभियान में सहयोग करने की अपील की।

बांग्लादेश में असुरक्षा

हाल के दिनों में बांग्लादेश के हिंदू मंदिरों में हुए हमलों की भारत द्वारा कड़ी निंदा सरकार की किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति को ही दर्शाता है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दी गई। जिसमें तमाम स्थानों पर अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाने पर लिया गया। जिसके बाद नई दिल्ली ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है। यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर जारी है। इसमें धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों को अपवित्र करने, तोड़फोड़ और डकैती जैसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इस पर यूनुस की दलील रही है कि ये हमले राजनीति से प्रेरित हैं और इन्हें सांप्रदायिक नहीं कहा जा सकता। वहीं बार-बार धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के आश्वासन और समय-समय पर मंदिरों में जाने के बावजूद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के एक व्यवस्थित पैटर्न को पनपने दिया जा रहा है। बीच-बीच में सरकारी नौकरियों व शिक्षकों की भूमिका निभा रहे अल्पसंख्यकों को जबरन इस्तीफा देने के लिये दबाव बनाने के आरोप भी लगते रहे हैं। यहां तक कि मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश यात्रा के दौरान दिए गए मुकुट के चोरी हो जाने का समाचार पिछले दिनों आया। निस्संदेह, अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह मुहिम गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से, यह भारत-बांग्लादेश के संबंधों के लिये परीक्षा का समय है। मुकदमा चलाने के लिये शेख हसीना को वापस भेजने की मांग पर नई दिल्ली की चुप्पी ने ढाका में हलचल बढ़ाई है। दरअसल, बदले हालात में वहां एक वर्ग का उदय हुआ है जो चाहता है कि बांग्लादेश अपने शक्तिशाली पड़ोसी से आंख में आंख डालकर बात करे। हालांकि, यह धारणा गलत व अव्यावहारिक है। फिर भी दोनों पक्षों को बढ़ते अविश्वास की खाई को पाटने में किसी भी देरी को टालना होगा। राजनयिक चौनलों को पूरी ताकत के साथ सक्रिय करने की जरूरत है। जिसके लिये जरूरत पड़ने पर सख्ती दिखाने की भी जरूरत होगी। ऐसे में पश्चिमी देशों के पोस्टर बॉय बने सत्ता की बागडोर संभालने वाले मोहम्मद यूनुस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर फिलहाल बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत के लिये भी एक सबक है। अपने देश में भी अल्पसंख्यकों के साथ किसी तरह का भेदभाव व दुराग्रह उतना ही अनुचित होगा, जैसा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किया जा रहा है। यह भेदभावपूर्ण व्यवहार व बेतुकापन खत्म होना चाहिए। यह भारत की वसुधैव कुटुम्बकम् की नीति के विरुद्ध होगा। दूसरे शब्दों में यह भारत और भारतीयता का अपमान भी होगा। हर देश में अल्पसंख्यकों के साथ सहिष्णुता का व्यवहार वक्त की पहली जरूरत है।

जिद और जुनून से बदलती है दुनिया

मुकुंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, %%आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं।

तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं।

यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।

इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है- चरैवेति चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है। भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

विचार

शोध और नवाचार में भारत की ऊंचाई

डा. जयंती लाल भंडारी

हमें अपने औद्योगिक ढांचे में बदलाव लाना होगा, अपनी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बदलाव को आकार देना होगा, अपनी कंपनियों पर प्रतिस्पर्धी होने का दबाव बनाने के लिए व्यापार नीति का इस्तेमाल करना होगा तथा सार्वजनिक शोध प्रणाली में परिवर्तन करना होगाज

हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं और भारत अमूर्त संपत्ति तीव्रता में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर है। जीआईआई 2024 के अनुसार, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्की, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर आने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है।

निस्संदेह शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक सम्पदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। विगत अगस्त माह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खेतों में जाकर जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है। निश्चित रूप से शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है।

भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया गया है। सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने वैश्विक उद्योग-कारोबार के रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपए के कोष की स्थापना की है। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आरएंडडी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है। ऐसे में हमें ध्यान देना होगा कि कोई 6-7 दशक पहले अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च करके सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है।

लाइक-कमेंट के चाह में मंडराती मौत की रील

डॉ. सत्यवान सौरभ

आज का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। वैसे तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के, यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित की जा सकती है। रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें। बच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ गलत न कर सके।

राशिफल

मेष:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

वृषभ:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

मिथुन:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

कर्क:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

सिंह:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के लिए चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

कन्या:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

तुला:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिक:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

धनु:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

मकर:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

कुंभ:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

मीन:- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो

कुलभूषण उपमन्यु

सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा।

सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं,

उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकला जा सकता है, लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठे अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था। तब तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालयी प्रदेशों के लिए महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोड़फोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहा। आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पोंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए स्माल इज ब्यूटीफुल पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्तप्राय: ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसद से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने नदी तंत्र पर जलविद्युत उत्पादन संबंधी मुद्दों पर रिपोर्ट देने के लिए अवय शुक्ल कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 7000 फुट से ऊपर जल विद्युत् परियोजनाएं न लगाने की संस्तुति की। किंतु इस तरह के किसी भी संयम को मानने में वर्तमान व्यवस्थाएं असफल रही हैं। देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत् उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत् क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है। आसान ऋण व्यवस्था और हरित ऊर्जा सब्सिडी से इसे संभव और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर भी पैदा होंगे और बृहद आकार निर्माण आधारित तोड़फोड़ से भी बचा जा सकेगा। अर्थात वैकल्पिक तकनीकें उपलब्ध भी हैं, नवाचार से खोजी भी जा सकती हैं। केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति से दृढ़ता पूर्वक निर्णय लागू करने जरूरत है। आशा की जानी चाहिए कि लद्दाख आंदोलन को हल करने के लिए इस दिशा में सोचा जाएगा। आंदोलन अपने आप में गैरराजनैतिक है, किंतु ऐसी स्थितियों में राजनीतिक दलों को भी मुद्दा उड़ाने की कोशिशों से रोका नहीं जा सकता। फिर भी यदि वर्तमान भाजपा सरकार यदि मुद्दे को सुलझा लेती है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ मिल ही जाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

पिकअप ने युवक को तीस मीटर तक घसीटा, मौत

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

नहर बाईपास पर सड़क किनारे खड़े दो दोस्तों को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंदा दिया। पिकअप एक युवक को 30 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जनपद महोबा के फतेहपुर बजरिया मोहल्ला निवासी हासिम ने बताया कि वह तीन भाई हैं। उसका बड़ा भाई 35 वर्षीय फिरोज पुत्र कारी राठ कस्बे की काशीराम कॉलोनी में अपनी बहन सीमा और मामू अनवर के यहां बचपन से रहता था। राठ में

रहकर फिरोज कबाड़ का काम करता था। इसके बाद वह बिहार मजदूरी करने चला गया था। चार दिन बाद वह घर लौटा था। बताया कि कांशीराम कालोनी में एक रिश्तेदार का इंतेकाल हो गया था। जिसमें शामिल उसका भाई फिरोज आया था। बताया कि रविवार की रात करीब 10 बजे उसका भाई अपने दोस्त 27 वर्षीय मनोज अनुरागी पुत्र कालीचरन के साथ कॉलोनी के मुख्य गेट नहर बाईपास पर खड़ा था। तभी तेज रफ्तार पिकअप में सड़क किनारे खड़े भाई को रौंद दिया। पिकअप चालक 30 मीटर की दूरी तक उसके भाई को घसीटते हुए ले गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं इस घटना में पिकअप चालक फरसौलियाना मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय जयपाल व उसके साथ बैठे सैना रोड निवासी 28 वर्षीय मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत पर बैठे मनोज को राहगीरों ने जमकर मारा पीटा।

ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में ड्राइवर की मौत, दूसरा घायल

सुमेरपुर(हमीरपुर)। सोमवार को दो ट्रकों की आमने.सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया है और जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हाईवे से दोनों ट्रकों को हटवाकर किनारे करवा दिया है।सुमेरपुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुरवा गेट के समीप यहां आज दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हुई है। हादसा इतना भीषण था की एक ट्रक के केबिन के परखचे उड़ गए और ट्रक ड्राइवर की केबिन में ही मौत हो गई है। जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों ट्रकों के चालक उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सुमेरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया की हादसे में 35 वर्षीय राजेंद्र पुत्र राजकुमार की मौत हो गई है। जबकि दूसरे ड्राइवर का इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने हाईवे पर हादसे का शिकार हुए दोनों ट्रकों को किनारे करा दिया है। जिससे यातायात सुचारु रहे।

मकान में मिला किरायेदार टायल्स मिस्त्री का सड़ा-गला शव, सनसनी

- शक की सुई पत्नी पर, आय दिन पत्नी से होता था विवाद

सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के वार्ड नंबर 13 में एक किराए के मकान में रह रहे टायल्स मिस्त्री की सड़ा गला शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के दिन से मृतक की पत्नी अपने बच्चों के साथ गायब है। सीओ सदर ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद थानाध्यक्ष को खुलासा करने के निर्देश दिए है। साक्ष्य संकलन करने के लिए फॉरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वाड टीम भी मौके पर पहुंची है।

कस्बे के वार्ड नंबर 13 में लालू सिंह पब्लिक स्कूल के पीछे अब्दुल गफ्फार का मकान है। इस मकान में महोबा जनपद के बारात पहाड़ी का निवासी बाबू विश्वकर्मा(40) अपनी पत्नी सोनम विश्वकर्मा व बच्चों के साथ किराए से रहते था। उन्होंने करीब दस माह पूर्व मकान किराए पर लिया था।मृतक के शराबी होने के कारण पति.पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था।जिसको लेकर पत्नी ने पति के खिलाफ थाने में मारपीट करने की शिकायत भी करती थी। मोहल्ले वासियों के अनुसार नवरात्र की पहली रात को महिला अपने बच्चों के साथ घर से निकल गई थी। उसके बाद फिर वह मोहल्ले में नहीं दिखी। मोहल्ले वासियों का मानना है कि शायद घटना करने के पश्चात वह कमरे में ताला डालकर गायब हो गई है। सोमवार को बदबू फैलने पर मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीओ सदर व थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने दरवाजे का ताला तुड़वाकर अंदर देखा तो शव कमरे में सड़ा गला स्थित में मिला। मौके पर फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम साक्ष्य संकलन जुटाए। सीओ सदर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव सड़ा गला होने से घटना किस तरह की गई जानकारी नहीं हो पाई।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। टायल्स मिस्त्री का शव मिलने पर मृतक की पत्नी को शक भरी निगाहों से देखा जा रहा है। पोस्टमार्टम और जांच के बाद क्या मामला सामने आता है वक्त पर पता चलेगा।

खबरें एक नजर में

दो सप्ताह से छात्र के गायब होने पर मचा हड़कंप

राठ(हमीरपुर)। राठ क्षेत्र के सरसई गांव में स्थित पॉलिटेक्निक का छात्र बीते 15 दिनों से गायब होने पर स्वजनों में हड़कंप मच गया। छात्र के ममेरे भाई ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कानपुर देहात के मदनपुर निवासी अनीस सचान ने बताया कि उसके मामा का लड़का प्रवीण कुमार सचान पुत्र रामकुमार सचान निवासी अनन्तापुर कानपुर देहात राठ कोतवाली के सरसई गांव में स्थित पॉलिटेक्निक में पढ़ता है। बताया कि वह प्राइवेट हॉस्टल में रहता है। 19 सितंबर को राशन समाप्त होने पर वह घर आया था। राशन लेने के बाद वह 21 सितंबर को घर से चला गया था। बताया कि चार दिन कमरे में रहने के बाद उसका कुछ पता नहीं चला। मकान मालिक की सूचना पर जानकारी हुई। बताया कि उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। उसका मोबाइल भी बंद जा रहा है। उसने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि युवक का मोबाइल खुल गया है। पुलिस व स्वजनों को उसी की लोकेशन पर भेज दिया है।

गाली-गलौज व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव स्थित शिव मंदिर के पुजारी को दो लोगो ने गाली गलौज कर मारपीट किया। ग्रामीणों के साथ पुजारी ने थाने में दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के कुशोली पुरवा गांव स्थित शिव मंदिर में थाना सुमेरपुर क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी संत मलखान पुत्र किशुन मंदिर में रहकर पूजा अर्चना करते है। आज दोपहर तीन बजे जब वह खाना खाकर अपने बर्तन साफ कर रहे थे तभी भेंसापली गांव निवासी छोटेलाल पुत्र भिक्का अहिरवार व संजय पुत्र अज्ञात शराब के नशे में वहां गए तथा संत से गाली गलौज करने लगे। संत ने बताया कि वह दो माह से मौन व्रत धारण किए है। आज इन लोगो ने लात घूंसा से मारा पीटा जिससे मुझे मौन व्रत तोड़ना पड़ा। दोनो ने मंदिर में रहने पर जान से मार डालने को धमकी दी है। पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर दोनो के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

बर्खास्त सिपाही ने जहर खाकर जान दी

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के पचखुरा गांव निवासी बर्खास्त सिपाही ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के पचखूरा गांव निवासी करनसिंह उर्फ कल्याण यादव(52) उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत था। एक वर्ष पूर्व वह फतेहगढ़ से बर्खास्त हो गया था। तब से वह परिवार सहित गांव में रहकर खेती किसानी का कार्य करता था। इसके दो पुत्र व एक पुत्री है। जिसमे वह पुत्री की शादी कर चुका है। दोनो पुत्र व पति पत्नी गांव में रहते है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक सिपाही ने शुक्रवार की देर रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर गए वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

बच्चों को करियर के बारे में दी गयी जानकारी

कुरारा(हमीरपुर)। स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को केरियर के संबंध में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जानकारी दी गई। राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने छात्र छात्राओं को केरियर संबंधी जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे डा अनुराग मिश्रा डा रमेश गुप्ता ने मेडिकल क्षेत्र में कैरियर बनाने के संबंध में जानकारी दी। डा गंभीर सिंह प्रवक्ता द्वारा इंजीनियरिंग क्षेत्र में जानकारी दी। प्रकाश दिवेदी द्वारा विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के संबंध में जान कारी दी। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने सिविल सर्विस में तैयारी के संबंध में जानकारी दी ।

दशहरा पर्व को लेकर प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम

कुरारा(हमीरपुर)। विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में विजय दशमी के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चो द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत प्रकाश भारती व कृष्ण शरण श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। क्षेत्र के पारा गांव में विजय दशमी के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमे राम लीला व संस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होते है। बीती रात गांव स्थित श्रीराम इंटर कालेज के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमे राधा कृष्ण व धार्मिक नाटक का मंचन किया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान संतोष कुमार, रवि श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, राजेंद्र पाल, विनीत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण दीक्षित ने किया।

धूमधाम से निकाली गई हज़रत हकीम बाबा के उर्स की चादर

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

हजरत बाबा निजामी कम्हरिया के सबसे लाडले खलीफा हजरत हकीम उददीन निजामी रहण;हक्की बाबाद्ध के तीन दिवसीय सालाना उर्स में रविवार यानी 13 अक्टूबर को मुशायरे के साथ उर्स का शुभारंभ हुआ था। जिसमें सोमवार की शाम में बाबा के पैतृक मकान से धूमधाम से चादर निकाली गई जो मोहाल भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई। हैदरगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत एवं बाबा निजामी कम्हरिया के लाडले खलीफा हज़रत हकीम उद्दीन निजामी ;हक्की बाबा के उर्स में सोमवार को बाद नमाज़ फजिर मजार पर कुरआन ख्वानी और दिन में लंगर का आयोजन किया गया। जबकि शाम में बाद नमाज़ असर हजरत के पैतृक मकान पीरबाबा के निकट से चादर निकलेगी जो मुख्य मार्गो में भ्रमण कर मजार तक पहुंची जहां चादरपोशी की गई उक्त चादरपोशी में सैकड़ों की संख्या अकीदतमंद झूमते नज़र आए और बाद नमाज़ इशा सूफियाना कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के साथ ही बाहरी कव्वाल अपनी कव्वालियों को पेश करी। जबकि आज 15 अक्टूबर को सुबह कुल की फातिहा एवं कव्वालियों के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा।

पुलिस ने वांछित चोरों को दबोचा

महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में प्रचलित त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई। म.उ.नि.यू.टी. अंकिता कुमारी, का. सूर्यांश प्रताप सिंह, का. रामकुमार तिवारी व का. सुनील जाटव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 210/24 धारा 305(क) बीएनएस से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः शिवम अहिरवार पुत्र रमेश अहिरवार उम्र करीब 21 वर्ष .महेश रैकवार पुत्र परशुराम रैकवार उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण ग्राम नगाराडांग थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम

नगाराडांग रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अदद करधनी सफेद धातु, 01 जोडी टप्स पीली धातु व 2800 रु0 नगद अभि0 शिवम के कब्जे से तथा 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 02 अदद कुकर के ढक्कन व 2200 रुपये नगद अभि. महेश रैकवार के कब्जे से बरामद हुए। अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 210/24 धारा 305(क) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

इंसा के तत्वावधान में अल्ट्रासाउंड एवं उसके अनुप्रयोग पर आयोजित होगा व्याख्यान

महोबा। वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन नेशनल साइंस अकादमी नई दिल्ली के तत्वाधान में अल्ट्रासाउंड और उसके अनुप्रयोग विषय पर दिनांक 15 अक्टूबर प्रातः 11:00 बजे से व्याख्यान का आयोजन है जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ,पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष भौतिक विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रोफेसर सुशील बाबू चित्रकूट धाम झांसी मंडल झांसी में प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी है तथा उन्होंने जनपद के समस्त महाविद्यालय एवं इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं से व्याख्यान से लाभान्वित होने की अपील की है ।

- प्रोफेसर डॉ. राजाराम यादव होंगे मुख्य वक्ता
- वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित होगी व्याख्यान माला

प्रयागराज जोन

अन्तर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन एवं टेटे प्रतियोगिता का शुभारंभ

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रयागराज जोन की अंतर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया।पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रोत्साहित किया गया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं गयी। पुलिस बल में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से तथा खिलाड़ियो को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। उक्त प्रयागराज जोन की बैडमिण्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया है, इस प्रतियोगिता के सभी मैच ग्रुप वाइज खेले जा रहे हैं, दिनांक 16.10.2024 को प्रतियोगिता का समापन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद महोबा के तत्वाधान में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, महोबा में आयोजित हो रही प्रयागराज जोन की अन्तर्जनपदीय महिला व पुरुष बैडमिण्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के अन्तर्गत आने वाले जनपद क्रमशः महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़ व कमिश्नरेट प्रयागराज सहित कुल 07 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जनपद बांदा पुलिस की टीम द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं किया गया है।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित प्रयागराज जोन के समस्त जनपदों एवं पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी मय टीम प्रबन्धक के साथ मौजूद रहे।

शांति भंग में गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी भारत पुत्र मइयादीन को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा आरोपी का चालान किया गया है स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विजय दशमी उत्सव संपन्न हुआ। जिसमे जिला शारीरिक प्रमुख उमाशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय दशमी के दिन ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी।संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। उन्होंने नियमित प्रात काल शाखा में आने का आवाहन किया। इस अवसर पर विभाग संघ चालक गोपालदास पालीवालए ओमप्रकाश सोनी विवेक पालीवाल शुभम दिवेदी जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक पंकज सिंह अभिनव तिवारी सहित लोग मौजूद रहे।

महिलाओं के सशक्तीकरण को चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के कार्यक्रम

- बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया जागरुक

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति के फेज-5.0 अभियान के तहत 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों में गठित महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जागरुक किया गया ।

अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी । सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा-1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे जागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित किया गया ।

आरएसएस का शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न

पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से रविवार शाम पाठकपुरा स्थित अवध गार्डन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ा भर से ज्यादा स्वयं सेवकों ने बंदूक, कुल्हाड़ी, फरसा समेत अन्य अस्त्रों की रोली चंदन लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम शंकर सिंह (प्राचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज) ने अपने वक्तव्य में आरएसएस की 99 वर्षीय यात्रा पर प्रकाश डाला। बताया कि राष्ट्र की उन्नति के लिए संगठित होना आवश्यक है। संघ की प्रार्थना, जिसे स्वयंसेवक प्रतिदिन स्मरण करते हैं, सर्वप्रथम इसका जिक्र है। सिंह ने साल 1992 में जम्मू कश्मीर से हिंदुओं के पलायन पर अफसोस

जताते हुए बताया कि देश के तकरीबन 200 जिलों में हिंदुओं की आबादी में कमी दर्ज की गई है, जो चिंता का विषय है। हमें इस ओर ध्यान देना होगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चित्रकूट धाम विभाग सेवा प्रमुख मातादीन ने अग्निवीर योजना को युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर करार देते हुए कहा कि चार साल की नौकरी के दौरान उनमें देश भक्ति के साथ अनुशासन की कला विकसित होगी। जिससे आगे का जीवन सुगम होगा। इसके अलावा अस्त्रों में निपुण होकर युवा अंदरूनी दुश्मनों से लोहा लेने में सक्षम बनेंगे। कार्यक्रम में जिला प्रचारक चंदन जी, सह जिला कार्यवाह बृजेंद्र, सह जिला शारीरिक प्रमुख जयप्रकाश, जिला पर्यावरण प्रमुख मार्तंड के साथ सैकड़ा भर से ज्यादा स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा

बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।

पुत्र की मौत से दुखी पिता ने मौत को लगाया गले

सुमेरपुर। पुत्र की मौत के बाद मानसिक रूप से परेशान चल रहे अधेड़ ने सोमवार को सुना घर पाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। देवगांव निवासी राजबहादुर (50) के इकलौते पुत्र सुशील की दो वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बाद उसकी बहु भी दूसरी जगह चली गई थी। इससे वह अवसाद ग्रस्त रहता था। सोमवार को सुबह यह पड़ोस में घूमकर सभी से राम जुहार करता रहा और करीब ग्यारह बजे घर पहुंच कर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचित किया इसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

श्रीराम जन्म की लीला देखते हुए मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

- जन्म होते ही सभी दर्शकों ने नाच-गाकर गाईं बधाइयां

श्रीनगर, महोबा, समृद्धि न्यूज़।

राक्षसों की आतंक से परेशान होकर सभी देवतागण ब्रह्मा जी के पास जाते हैं और ब्रह्मा जी शंकर जी के पास ले जाते हैं शंकर जी कहते हैं कि इसका निदान तो सिर्फ भगवान विष्णु के पास है सभी देवतागण भगवान विष्णु से रावण सहित सभी राक्षसों के आतंक से मुक्ति के लिए विनय करते हैं इस पर भगवान विष्णु आश्वासन देते हैंऔर कहते हैं कि वह शीघ्र ही मृत्यु लोक में राजा दशरथ के घर जन्म लेंगे और आप सभी के कष्टों को दूर करेंगे। उधर चौथे पन में भी संतान न होने पर राजा दशरथ ने कुलगुरु वशिष्ठ से अपनी मन की बात कही उसे पर वशिष्ठ जी ने महर्षि श्रृंग ऋषि से मिलकर कर पुत्रेष्टि यज्ञ कार्य कराया तब अग्नि देव प्रकट हुए और खीर रानियों को खिलाने को दी, राम के जन्म होते ही सभी लोग गाने लगे- भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी... इसके बाद भरत, लक्ष्मण और शत्रुघन राजकुमारों का जन्म हुआ। इसके बाद भोले शंकर बाल रूपी भगवान श्री राम के दर्शन करने आते हैं और वशिष्ठ जी चारों भाइयों का नामकरण संस्कार करते हैं। आज की यह लीला बहुत ही आकर्षक ढंग से दिखाई गई लीला में अखिल शुक्ला, यशवर्धन त्रिवेदी, प्रकाश कुशवाहा, अनूप गंगेले आदि की रही। भगवान शंकर की भूमिका नरेंद्र गंगेले, वशिष्ठ जी की भूमिका हरिशचंद्र शर्मा, रावण सुबोध गंगेले, इंद्रजीत की भूमिका दीपू शुक्ला ,कुंभकरण की भूमिका जीतेंद्र कुशवाहा, गाय माता की भूमिका प्यारे लाल ने अदा की विष्णु और राम की भूमिका समर्थ तिवारी और लखन लाल की भूमिका मन्नय तिवारी की रही, व्यास की भूमिका रतिशचंद्र रावत और संचालन अनिल शुक्ला कर रहे थे।

मिशन शक्ति : 150 महिलाओं का ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक देवा अंतर्गत स्थित इस्माइलपुर के किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 दिवसीय ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था जो आज संपन्न हुआ। बताते चले यह कार्यक्रम सूक्ष्म लघु उद्यम मध्यम विभाग उत्तर प्रदेश के द्वार यूपीकॉन के सहयोग से किया गया जिसका संचालन श्री शाइन सेस्टेच प्राइवेट लिमिटेड एवं बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला उद्यम एवम प्रोत्साहन केंद्र बाराबंकी के निर्देशन में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्यम एवम प्रोत्साहन केंद्र बाराबंकी की सहायक आयुक्त रूबी जमसेद जी तथा समाजसेविका अनीता शुक्ला रही। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण जिला समन्वयक नागेश कुमार के द्वारा समस्त प्रशिक्षार्थियों को आगे ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए तैयार रहने को कहा और इसके पश्चात मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया संपन्न करने में सहयोग बनाए रखने की अपील की जिससे जनपद के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया जा सके। इस मौके पर सभी प्रशिक्षार्थियों और उनके सहयोगी मौजूद रहे।

मरीजों से अस्पताल फुल, लग रही लम्बी कतारें

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। मौसम में हुए बदलाव को लेकर सर्दी खांसी जुकाम आदि के मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों की पर्चा बनवाने के लिए महिलाएं व पुरुषों की लंबी-लंबी लगी हुई हैं। वही डॉक्टर के कक्ष के बाहर लाइन में लगकर मरीज अपने नंबर आने का इंतजार कर रहे हैं। संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में मरीजों की भीड उमड़ पड़ी अधीक्षक डाक्टर नीरज वर्मा, एम के गुप्ता, डाक्टर स्मृति आहूजा डाक्टर गौरव नारायन डाक्टर गौरव कृष्ण डाक्टर तथीर फातिमा आदि ने छः सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अस्पताल से दवायें दी हैं। इस संबंध में अधीक्षक डॉक्टर नीरज वर्मा ने बताया कि मौसम के बदलाव के चलते मरीजों की अस्पताल में संख्या बढ़ी हुई है। मरीज को दवाइयां के साथ ही उनको परामर्श व उचित सलाह दी जा रही है। इस समय संचारी रोगों के फैलने का ज्यादा खतरा रहता है जिसके लिए लोग अपने आसपास साफ सफाई रखें। घर के आसपास गंदा पानी न जमा होने दें कलर का पानी समय-समय पर बदलते रहे।

गन्ना किसान गोष्ठी का किसानों ने उठाया लाभ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के थलवारा और सालपुर गांव में गन्ना किसान संस्थान लखनऊ द्वारा चीनी मिल हैदरगढ़ के सहयोग से शरदकालीन गन्ना बुवाई के सघन प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना शोध संस्थान के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. वीरेश सिंह ने बताया कि शीघ्र प्रजाति में को0 शा0 18231 और को0 लख0 16202 तथा सामान्य में को0 लख0 15206 खेती हेतु स्वीकृत हुई हैं । किसान इनका बीज प्राप्त कर बुवाई कर सकते हैं। उन्होने कहा कि अपनी मिट्टी की जांच जरुर कराएं और संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें। सामान्यतः 180 कि ग्रा यूरिया, 80 कि ग्रा फास्फोरस और 60 कि ग्रा पोटाश के साथ 30 कि ग्रा सल्फर का प्रति हेक्टेयर में प्रयोग करें। गन्ना संस्थान के विषय विशेषज्ञ अरुण कुमार ने किसानों से अपील की कि गन्ना बुवाई पर खेत को ज्यादा समय दें और बीज को उपचारित करके ही बोएं। ट्रेंच विधि से गन्ना बोकर साथ में सहफसली खेती करके किसान कम लागत में अच्छी उपज ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जैविक विधि से कीट व रोग नियन्त्रण करें क्योंकि जैविक नियन्त्रण सस्ता है और पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचाता।

ट्राईकोगामा के 20000 अंडे प्रति एकड़ की दर से 15 दिन के अंतराल पर 4 से 5 बार लगाने से सभी बेधक कीटों का नियंत्रण हो जाता है। जिला गन्ना अधिकारी दुष्यंत कुमार ने कहा कि सुगम गन्ना आपूर्ति, गन्ना पौध रोपण एवं कृषि निवेशों के वितरण का अधिक से अधिक लाभ लें, नैनो उर्वरकों का प्रयोग धीरे धीरे बढ़ाएं। पर्ची निर्गमन पूर्णतः पारदर्शी है पर्ची पर गन्ना आपूर्ति करके अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं। गन्ना बीज कम डालें तथा शरदकाल में सहफसली खेती जरुर करें। हैदरगढ़ चीनी मिल के प्रबंधक गन्ना अनिल सिंह ने किसानों को चीनी मिल द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से को. 0118, 15023 तथा को लख 14201 गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने तथा को 0238 की बुवाई न करने का अनुरोध किया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कई गांवों में चला टीकाकरण अभियान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटका, कटोरवा, मोहरिया, बंजरिया, कंधईपुर दुर्जनपुर सहित करीब दो दर्जन गांवों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विशेष टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया।प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने कैम्प का निरीक्षण कर महिलाओं को स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी दी।कैम्प में बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एएनएम के द्वारा किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहूओं ने बच्चों का वजन और लंबाई भी मापी। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के निर्देशन में समोवार को आयोजित इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना था। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं ने गांव में घर-घर पहुंचकर महिलाओं को टीकाकरण के लिए लाने का कार्य किया। कैंप में एएनएम के द्वारा टीकाकरण किया गया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में नियमित रूप से कैंप लगाकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कर रहे हैं।

खबरें एक नजर में

जाम व दुर्घटनाओं का सबब बन रहे मिट्टी खनन के डम्फर

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौक अंतर्गत कैथा पावर हाउस के निकट पिछले कई दिनों से चल रहे मिट्टी खनन में लगे डंपर दुर्घटनाओ के साथ जाम का भी सबब बन रहे हैं जिससे राहगीरों के साथ स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानकार भी अंजान बने हुए हैं।ज्ञात हो कि क्षेत्र के कैथा पावर हाउस के निकट पिछले कई दिनों से खनन चल रहा है। मिट्टी खनन में लगे करीब एक दर्जन डंपर दिन भर फर्राटा भरते रहते हैं। अधिक राउंड पूरे करने के चक्कर में यह डंपर तेज गति से भी चल रहे हैं।पूर्व में मिट्टी खनन में लगे डंपरो से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं जिसमें लोगों की जानें जा चुकी हैं फिर भी इनकी रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। मिट्टी लादकर कस्बे के अंदर से होकर गुजर रहे यह डंपर दुर्घटनाओं के साथ जाम का भी सबब बन रहे हैं। कई बार एक साथ कई कई डंपर कस्बे में प्रवेश कर जाते हैं जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और राहगीरों को काफी देर तक जाम के झाम में जूझना पड़ता है। सोमवार शाम भी कुछ ऐसी की जमा की स्थित कस्बे में देखी गई। मिट्टी लाकर गुजर रहे इन डंपरों से उड़ रही धूल से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भी काफी परेशानी हो रही है। लेकिन बेखौफ होकर फर्राटा भरते इन डंपरो पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे लोग में काफी आक्रोश है।

72वीं एथलेटिक्स में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई 72वीं एथेलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जनपद के सरकारी सहायता प्राप्त व वित्तविहीन विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में संचालित श्री सुन्दर लाल इंटर कालेज औरेला सैदनपुर की कक्षा 12 की तानिया सिंह ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, प्राकृतिक चित्रण में उम्मी कुलसुम प्रथम, निबंध प्रतियोगिता में शुभ वर्मा ने जनपद में प्रथम सुलेख प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व विद्यालय का नाम रौशन किया। विजेता छात्र छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी की उपस्थिति में खाद्य एवं रशद मंत्री सतीश शर्मा द्वारा मेडल, शील्ड प्रस्तति प्रमाण पत्र सहित 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले होनहार मेधावी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित ने विद्यालय में सम्मानित कर बच्चों का हौसला बढ़ाया इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार यादव, प्रधानाचार्य शैलेंद्र नाथ द्विवेदी प्रवक्ता डॉ आशुतोष कुमार यादव, हिमांशु त्रिपाठी, बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सड़क पार कर रहे युवक की अज्ञात वाहन से मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली हैदरगढ़ के चौबीसी गांव के निकट रविवार की देर रात्रि कार खड़ी करके चाय पीने के लिए सड़क पार कर रहे 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार वाराणसी जनपद के थाना कैंट अंतर्गत गोला खजुरी निवासी मोहम्मद अलीम पुत्र जुम्मन शाह 40 वर्ष स्विफ्ट डिजायर कार में बुकिंग की सवारियां लेकर बनारस से लखनऊ जा रहा था। चौबीसी गांव के निकट चाय पीने के लिए चालक हाइवे किनारे कार रोककर सड़क पार करने लगा कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भेजा गया जहां पर डॉक्टर द्वारा चालक को मृत घोषित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

50 लाभार्थियों को हथकरघा पावरलूम वितरित

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री हथकरघा एवं पावर लूम बुनकर योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पावर लूम एवं हैंडलूम कस्बा जैदपुर के विभिन्न मोहल्ले में चिन्हित लगभग 50 पात्र लाभार्थियों को सोमवार अंसार हैंडलूम के ओनर जफर अंसारी के द्वारा लाभार्थियों व अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में लाभार्थियों में वितरित किए गए। जो योजना के अंतर्गत पूर्व में अधिकारियों द्वारा चिन्हित किए गए थे। इस संबंध में श्री अंसारी ने बताया कि पावर लूम वितरण मैं अली अकबर कटरा बुनकर कॉलोनी तथा वसी नगर के बुनकर लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत हथकरघा एवं हैंडलूम उपकरण वितरण किए गए। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर मोहम्मद इरफान ताजुद्दीन मोहम्मद जायद आप आंख रहीम मतीन सन्नो मोहम्मद इरशाद कपिल अहमद मेराज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

उम्मीद परियोजना का परामर्श केंद्र शुरु

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

परिवार नियोजन की सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में जिले के पहले उम्मीद परामर्श केंद्र का शुभारंभ सीएचसी हैदरगढ़ के अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला द्वारा फीता काटकर किया गया।

बउन्होंने बताया कि केंद्र पर आने वाली समस्त योग्य दंपतियों को प्रशिक्षित काउंसलर के द्वारा प्रत्येक दिन परामर्श की सेवाएं प्रदान की जाएगी, इसी क्रम में मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि एवं परियोजना संयोजक प्रभात कुमार ने बताया की उम्मीद परियोजना मोबीयस फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही आकार परियोजना के अंतर्गत आता है जो कि वर्तमान में ज्यादा प्रजनन दर वाले आठ जिलों में चलाई जा रही है इसका उद्देश्य परिवार नियोजन पर जागरूकता एवं स्वीकारता को बढ़ाना है।

इस अवसर पर डॉ. मोनिका शुक्ला स्त्री रोग विशेषज्ञ, संजय कुमार रावत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, मनीष कुमार बीपीएम, नंदिता सिंह स्टाफ नर्स, श्रद्धा सिंह काउंसलर, देवी प्रसाद अर्श काउंसलर एवं पापुलेशन फाऊंडेशन से जुबेर अंसारी, मनका सिंह, बलवीर सिंह सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ की उपस्थिति रही।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव कल करेंगी महिला जनसुनवाई

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से माह अक्टूबर के तृतीय बुधवार को जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में 16 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे महिला जनसुनवाई की जानी है एवं तत्पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका/महिला गृह व आगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा। उपाध्यक्ष महिला कल्याण विभाग व जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की समस्याओं के सम्बन्ध में बैठक भी करेंगी। कार्यक्रम आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की अध्यक्षता में किया जाएगा।

एडीओ पंचायत के निर्देशन में चला संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सहायक विकास अधिकारी पंचयात शम्भूनाथ पाठक के निर्देश पर ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में संचारी विशेष अभियान के तहत एंटी लार्वा का छिड़काव, झाड़ियां की कटिंग, साफ सफाई व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया जा रहा है।सोमवार को ग्राम पंचायत सोंधवा जलालपुर औरैला सिरौली गुंग आदि गांव में संचारी विशेष अभियान चलाया गया जिसमें औरैला ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन, सोंधवा ग्राम प्रधान राम सिंह यादव, सिरौली गुंग ग्राम प्रधान राम बक्स आदि के द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर गांव में विशेष संचारी अभियान अंतर्गत ब्लीचिंग पाउडर एंटी लार्वा का छिड़काव के साथ ही गांव में लगी झाड़ झांकरिया की कटवाई करवाई जा रही है । वहीं सड़कों पर साफ सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने बताया कि उनके द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों व पंचायत के सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संचारी रोग ना पहले इसके लिए संचारी विशेष अभियान चलाया जाए और गांव में साफ सफाई के साथ ही दवाइयां का छिड़काव करवाया जाए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत में एंटी लार्वा ब्लीचिंग साफ सफाई अधिकारी करवाया जा रहा है यह कार्य लगातार चलता रहेगा।

बिजली विभाग ने लगाया मेगा कैम्प

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। विद्युत विभाग के मेगा कैंप में तीन लाख 75 हजार की बकाया वसूली के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इसके साथ ही बकाया विल पर 22 लोगों के कनेक्शन काटे गए। विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत सोमवार को किन्तूर गांव के पंचायत भवन में अवर अभियंता राज मौर्य की मौजूदगी में बिजली कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 247 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिजली बिल जमा किया। 20 लोगों ने अपने बिजली के बिल को सही कराया। गांव में चेकिंग के दौरान बिजली बिल न जमा करने वाले 22 लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। इस कैंप में तीन विद्युत मीटर की शिकायत भी आई। शिकायतकर्ताओं ने बताया की बिजली बिल आवश्यकता से अधिक आ रहे हैं। जिसे कैंप में एप्लीकेशन देकर सही कराकर बिल जमा किया है।

बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग ने चलाया अभियान

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

अधिकारियों के आदेशानूसार बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग की टीम द्वारा कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में घर घर जाकर बकाया वसूली का कार्य किया गया।

जानकारी के अनुसार एस डीओ संदीप सिंह के आदेशानुसार कस्बे के मोहल्ला रईस कटरा शाहकटरा अहिरान ब्रहमान सहित विभिन्न मोहल्लों में सोमवार को बकाया वसूली को लेकर विभागीय लोगों में मो0 फुरकान इरशाद अंसारी, आशिफ सहित गठित टीम के लोगों ने घर घर जाकर बकायादारों से मिलकर बकाया बिल जमा करने के साथ तमाम समस्याओं का निस्तारण करते नजर आये।

इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि बकाया बिल जमा करना बहुत जरूरी है।इस लिये उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि समय रहते बिल को जमा करते रहें। ताकि आपके घर में कभी अंधेरा न हो।

बाल विवाह के प्रकरण पर राज्य बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग गंभीर

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बाल विवाह पर प्राथमिकी न दर्ज होने का संज्ञान लेते हुए सदस्य उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सघन सघन निरीक्षण किया।

बाल विवाह पर प्राथमिकी न दर्ज होने का संज्ञान लेते हुए सदस्य उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्याम त्रिपाठी ने सघन निरीक्षण करते हुए पीड़िता एवं परिजन से उनके घर जाकर भेंट कर हर सम्भव सहायता,निष्पक्ष जाँच एवं सुरक्षा का आश्वासन दिया। पीड़िता के विद्यालय प्राचार्य, प्रबन्धक, नानी और भाई से संपूर्ण प्रकरण की गहन जानकारी इकठ्ठा कर विवेचना कर रहे निरीक्षक से पीड़िता को अविलंब न्यायालय बाल कल्याण समिति बाराबंकी के समक्ष प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया। बताते चलें कि जनपद बाराबंकी के

▶ आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण, पीड़िता सहित स्टेक होल्डर से मिले

घुघूटेर थाना अंतर्गत बीते 7 नवंबर 2023 को बालिका द्वारा बाल विवाह की शिकायत न दर्ज करने पर घुघूटेर थाना के एक दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया। उक्त प्रकरण में हस्तक्षेप के पश्चात 10 तारीख को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुक़दमा पंजीकृत किया गया है। निरिक्षण टीम द्वारा रोशनाबाद प्राथमिक विद्यालय और गणेशपुर प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र निन्दूरदरा बाराबंकी, चाइल्ड लाइन बाराबंकी, वन स्टॉप सेंटर बाराबंकी का भी निरिक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील और शैक्षणिक व्यवस्था की दशा देख टीम ने आला अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी से सरकारी योजनाओं को कार्यान्वित करने के निर्देश दिए। सदस्य श्याम त्रिपाठी ने आयोग की तरफ से न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया, न्यायपीठ ने सदस्य का आभार व्यक्त किया। निरिक्षण के दौरान न्यायालय बाल कल्याण समिति के सदस्य/ न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों और स्वयसेवी संस्था के अधिकारी एवं विशेषज्ञगण उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन देखने गए युवक को मनबढ़ों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

मूर्ति विसर्जन देखने गए युवक को मनबढ़ों ने हाकी डंडा और पंच से पीट कर अधमरा कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व विधायक जीएम सिंह के पुत्र व नगर पंचायत सहजनवां अध्यक्ष प्रतिनिधि हिमांशु सिंह समेत चार के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज कर ली है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ घनश्याम नगरी निवासी प्रवीण शुक्ला पुत्र स्व. सूर्य प्रकाश शुक्ला रविवार रात के दुर्गा प्रतिमा विसर्जन देखने कस्बे में गए थे। देखने के दौरान की चार की संख्या में मनबढ़ों ने हाकी, डंडा और पंच से हमला बोल दिया। बीच सड़क पर बुरी तरह से पीटने लगे, जिसको देख कर कुछ लोगों ने बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए है। एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि प्रवीण की तहरीर पर आदित्य गिरी निवासी अज्ञात, हिमांशु सिंह पुत्र जीएम सिंह निवासी गाहासाड़, ओम वीर यादव अज्ञात तथा अंकुर सिंह चकिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2) तथा 351 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा

▶ श्रीधाम अयोध्या धाम से पधारे पं. अनिल तिवारी शास्त्री महाराज हैं कथावाचक

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

घघसरा अंतर्गत ग्राम सभा रिठुवाखोर में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर हुआ। कलशयात्रा में अपार जनसमूह ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम आचार्य पं अनिल शास्त्री ,ने मंत्रोच्चार कर मुख्य यजमान रामनाथ सिंह से पूजन अर्चन कराया तत्पश्चात कलशयात्रा मां काली जी के स्थान से निकलकर पूरे ग्राम सभा को घूमती हुई सभी देवी देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर आमी नदी पहुंची। वहां से यजमान और बच्चियों ने जल भरकर पुनः मां काली के स्थान पर पहुंचे। कथा आयोजनकर्ता रामनाथ सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक परम् पूज्य आचार्य श्री पंडित अनिल तिवारी शास्त्री के श्रीमुख से सोमवार से दिन में दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक कथा का रसपान होगा और यह कथा सात दिनों तक अनवरत चलती रहेगी। 22 अक्टूबर दिन मंगलवार को हवन और दिव्य भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस दौरान रामनाथ सिंह, किशोरी देवी, श्यामनाथ सिंह, अनिल सिंह, आलोक सिंह, अमरेंद्र सिंह , सर्वेश, मंटू सिह अजय शुक्ल, वीरेंद्र यादव,, दीपक शुक्ल, रेनु सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1253/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 14.10.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 21.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किए जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 21.10.2024 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 21.10.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Boring work of Mini Tubewell Size 200X200 mm Dia at Ayodhyadas ward-I, Badi Pakariya near Vishnu Lawn, Lko	8400.00	Rs. 500	07 दिवस
2.	Development, supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored at Ayodhyadas ward-I, Badi Pakariya near Vishnu Lawn, Lko	8400.00	Rs. 450	07 दिवस
3.	Supply& Fixing of by pass system & other electrical/ Civil works for newly bore mini tubewell at Ayodhyadas ward-I, Badi Pakariya near Vishnu Lawn, Lko	5600.00	Rs. 300	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता, जोन-3
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

जिलाधिकारी ने बैठक कर, अधिकारियों को दिए निर्देश

डीएम बोले जिस विभाग की रैंकिंग खराब है, समय सुधार करें

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की आयोजित बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। दर्पण पोर्टल में जनपद की रैंकिंग प्रत्येक दशा में अच्छी होनी चाहिए। जिस विभाग की रैंकिंग खराब है। ससमय सुधार करें। अन्यथा लापरवाही एवं शिथिलता को दृष्टिगत रखते हुए विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल को अपडेट करते रहें और गंभीरतापूर्वक परिश्रम के साथ कार्य करके अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप दें। डीएम ने वाणिज्य कर 111.99 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 33.44 करोड़ की वसूली, स्टांप में 128 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 28.29 करोड़ की वसूली, आबकारी में 405.71 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 40.22 करोड़ की वसूली, विद्युत देय में 455.56 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 30.24 करोड़ की वसूली एवं इसी प्रकार परिवहन, मंडी, वन, नगर निकाय, भू-राजस्व आदि विभाग के अधिकारियों से वार्षिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष माह वाइज शप्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मंडी सचिवों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुये कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने आरसीसीएमएस के अनुसार धारा-24 के अंतर्गत 257 लंबित वाद, धारा-80 में 43 लंबित वाद, धारा-116 में 570 लंबित वाद, धारा-34 में 6211 लंबित वाद, धारा-67 के अंतर्गत 482 लंबित वाद आदि धाराओं से सम्बन्धित लंबित वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान चलाकर सभी लंबित वादों को त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण निर्धारित समय से किया जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ न्यायालयो का स्वयं रिव्यू करे। कोई भी वाद लंबित न रहने पाए इस पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से ऊपर के मुकदमें किसी की भी कोर्ट में लम्बित नहीं होने चाहिए। उन्होंने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व के मुकदमो एवं अन्य विवादित मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु मौके पर जाकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए।

17 अक्टूबर को बरेली में जीआईसी के बच्चें करेंगे प्रतिभाग

समधन, समृद्धि न्यूज़।

जीआईसी समधन इंटर कॉलेज के सात बच्चे प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयनित हुए हैं बीते चार अक्टूबर को राजकीय इंटर कॉलेज समधन के होनहार खिलाड़ियों ने जनपद कन्नौज में नाम रोशन करते हुए प्रदर्शन जनसहयोगी इंटर कॉलेज इटावा में जनपद औरैया व इटावा को मण्डल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हराकर जीत दर्ज की थीं।

सोमवार को समधन जीआईसी कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी फैज सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि समधन के दस बच्चों ने मंण्डल स्तरीय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया था जिसमे सात बच्चे राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे चयनित हुए है। मो. अलफैज़ , मो. साकिब खान और अरमान अली का चयन अंडर 17 एवं अनस, मो0 साद व यश तिवारी का चयन अंडर 19 तथा मो0 साकिब का चयन अंडर 17 बालक वर्ग हुआ है। चयनित बच्चों मे सभी बच्चें समधन कस्बे के ही निवासी है। प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में समस्त स्टाफ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अब तक राजकीय इंटर कॉलेज समधन से 14 खिलाड़ी मण्डल स्तरीय एवं 9 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ मे चयनित हुए है। यह सभी विजेता खिलाड़ी आने वाली 17 अक्टूबर को जनपद बरेली में भाग लेंगे।

किसानो की हितैषी है भाजपा सरकार : राजीव सिंह

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

समधन, समृद्धि न्यूज़।

फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर

भाजपा सरकार किसानों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है किसानो की समस्याओं को लेकर केंद्र व राज्य सरकार संवेदनशील है।

किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है यह बात तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने इंदुइयागंज में प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने के उपरांत लोगों के बीच कही सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने नित्या एवं काव्या बीज एवं दवाई भंडार का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को किसान निधि प्रधानमंत्री आवास फसल बीमा योजना आदि के माध्यम से लाभान्वित कर रही है किसानों का सम्मान भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजन पूर्व प्रधान कौशलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू ठाकुर ने मुख्य अतिथि का फूल माला से जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, बृजपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, कृपारामपाल राजीव सोलंकी, अजय, विक्रम सोलंकी, और प्रधान जितेंद्र सिंह ठाकुर, टिन्नी ठाकुर, अखिलेश राजपूत, आजाद खान आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस हिरासत से भागा वारंटी गिरफ्तार, खुद को किया था घायल

तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस हिरासत में खुद को घायल कर लेने व बाद में शौच का बहाना बनाकर हिरासत से फरार हो जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने करीब 15 घण्टे के बाद फिर से उसे दबोच लिया। बाद में उसे सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। तिर्वा कस्बे के बौद्धनगर गिहार बस्ती मोहल्ला निवासी गौरव पुत्र देशराज गिहार आबकारी एक्ट के मामले में अभियुक्त था। न्यायालय में निर्धारित तिथि पर हाजिर न होने के कारण कोर्ट ने उसका गैरजमानती वारंट जारी किया था। वांरट को तामील कराने के लिए कोतवाली पुलिस को भेजा गया था। पुलिस ने उसे दोपहर के समय घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। यहां उसको कोतवाली के हवालात के बाहर बरामदे में बैठा दिया। यहां उसने लगे लोहे की खिड़की में अपना पटक दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे फिर से कोतवाली ले आई। कोतवाली में कुछ देर बैठने के बाद उसने शौच जाने का बहाना बनाया। यहां से मौका पाकर वह भाग निकला। पुलिस हिरासत से वांरटी के भाग जाने की जानकारी मिलते ही हड़कम्प मच गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिया। दोपहर तीन बजे के करीब पुलिस ने उसको दोबारा घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे तत्काल सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया।

भूमि विवाद में हुए खूनी संघर्ष में ग्यारह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

महिला से छेड़छाड़ कर की मारपीट, मोबाइल तोड़ा

जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट के बाद खूनी संघर्ष हुआ था। मामले में दोनों से महिलाओं सहित लगभग आठ लोग घायल हुए थे।

उपचार के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 अक्टूबर की दोपहर बाद वह ग्राम मैकीपुर्वा हार स्थित अपने पैतृक खेत पर टेउक्टर से जुताई करा रही थी। तभी ग्राम भवानीपुर निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दुर्गेश, रघुराज सिंह, रवीन्द्र प्रताप, टिंकू, धीरेन्द्र, मानवेन्द्र सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ धारदार हथियार व लाठी-डंडा लेकर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। कहा कि यह खेत उनका है। इसका विरोध करने पर महेन्द्र सिंह ने अपने साथियों को महिला को उठा ले जाकर गलत काम करने को कहा। रवी और टिंकू महिला को उठा ले गए और जमीन पर गिरा कर छेड़छाड़ करने लगे। इसी बीच महिला की मां और भाई को आता देख आरोपित उसे छोड़ मां और भाई कर हमलावर हो गए। आरोपितों ने महिला को जान से मारने की मंशा से सिर में राड से हमला कर दिया।

हालांकि घटना का वीडियो महिला के भाई ने बना लिया। जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। जबकि पूर्व प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा भी महिला व उसके परिजनों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। कोतवाली पुलिस ने आठ नामजद व तीन अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

गगनभेदी जयकारे भक्ति भाव से निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा

जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि समापन के उपरांत दशहरा पर मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकालकर कर माताराती की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गगनभेदी जयकारों के साथ भरे मन से मां की मूर्ति का जल विसर्जन किया। पंचनद क्षेत्र में यमुना पर नवरात्रि उपरांत दशहरा के अवसर पर मुर्तियां विसर्जित करने की परंपरा रही लेकिन जल प्रदूषण रोकने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नदियों में मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगाने से अब सभी मूर्तियां किसी स्वच्छ जलयुक्त सरोवर, नहर अथवा किसी जलाशय में विसर्जित की जाने लगी है। जगम्मनपुर के शिवगंज के पास विश्वनाथ घाट के नीचे नदी के किनारे प्राचीन जलाशय है, प्रतिवर्ष बाढ़ के जल से यह लबालब हो जाता है इसमें मूर्ति विसर्जन करके देवी भक्तों को यमुना में मूर्ति विसर्जन करने जैसी ही संतुष्टि हो जाती है।

दशहरा के पर्व पर ग्राम जगम्मनपुर की तीन दुर्गा जी की मूर्तियां, रामपुरा नगर की चार दुर्गा जी की मूर्तियां सहित आस-पास के गांव में रखें छोटी-बड़ी कई मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई तदोपरांत यमुना तट पर मौजूद प्राकृतिक जलाशय में मूर्तियों का अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जन किया गया। उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रभारी थाना अध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनुज पवार ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए विसर्जन के लिए ले जाते समय माता रानी के दरबार को बहुत सुंदर सजाया गया गाँव मे माता रानी को शोभायात्रा निकाली गई ग्राम वासियों व युवाओं का उत्साह देखने लायक था माता रानी के दर्शन के लिए माता बहने आपने घर दरवाजे पर इंतजार करती नजर आई कुछ माताओ बहनों ने अपने घर से समीप जाते समय माता की आरती की और प्रणाम करके आशीर्वाद लिया पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति मय था भक्तो ने अंतिम पड़ाव पर माता रानी की पूजा अर्चना करके माता रानी को विदाई दी जगम्मनपुर चौकी इंचार्ज की के द्वारा व्यवस्था अति उत्तम की गई ग्राम से लेकर मूर्ति विसर्जन स्थल तक पुलिस फोर्स की उत्तम व्यवस्था रही।

मूर्तियों का विसर्जन कर लौटे भक्तों ने छका भंडारा

जगम्मनपुर। मूर्ति विसर्जन के लिए जाने वाले व मूर्ति विसर्जन करके व क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर कर्ण खेरा से आने वाले हजारों श्रद्धालु जो सुबह से पूरे दिन जुलूस में शामिल रहने के कारण शाम होते-होते भोजन की इच्छा करने लगते हैं इस आवश्यकता को समझकर ग्राम जगम्मनपुर में प्रतिवर्ष वाराही देवी मोड़ पर भंडारे का आयोजन करते है। मूर्ति विसर्जन को जाने वाले लोग एवं अनेक राहगीर देवी मां का प्रसाद भंडारा पाकर आनंदित होते हैं। भण्डारे का आयोजन नव दुर्गा समिति द्वारा किया गया जिसमें जिला पंचायत सदस्य ज्योति राघेन्द्र पाण्डेय, डॉ. आरके मिश्रा, कुक्कू मिश्रा शेषनारायण तिवारी (डुल्लन), मनोज कुमार चौरसिया, सागर सोनी, अंजू चन्देल, डॉ. कैलाश गुप्ता, पुनीत पोरवाल, संकल्प मिश्रा, पप्पन मिश्रा, संदीप यादव, दीपू प्रधान जगम्मनपुर,रूप सिंह यादव, हरेंद्र सिंह चंदेल, लल्ला हमीरपुरा, मंजू तिवारी, छाईया महाराज, दम्मू दुबे, पुत्तन शर्मा, चिंटाई तिवारी, रविंद्र सिंह, अनूप दुबे, गुड्डू सिंह सेंगर, विजय याज्ञिक मेडिकल स्टोर, किशन चंद्र गुप्ता, सरफ़राज के साथ जगम्मनपुर चौकी प्रभारी अनुज पंवार व स्टाफ का भी सहयोग रहा पूर्ण व्यवस्था ग्राम के समस्त युवाओं ने देखी और माता रानी की कृपा से कई वर्ष पहले की तरह इस वर्ष भी भंडरा पूर्ण रूप से सफल हुआ जगम्मनपुर, रामपुरा ही नहीं बल्कि आस पास के आये माता रानी की भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया शीतल जल व प्रसाद से भक्त आनंदित हुए।

सबको हक व सम्मान दे रही भाजपा सरकार

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने नगर स्थित प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को किसान निधि, पीएम आवास, फसल बीमा योजना आदि का लाभ दे रही है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास है।

इससे पहले पूर्व प्रधान कौशलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू ठाकुर ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, प्रधान बृजपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, कृपाराम पाल, राजीव सोलंकी, अजय, विक्रम सोलंकी, प्रधान जितेंद्र सिंह, अखिलेश राजपूत, आजाद खान आदि मौजूद रहे।

उपचार के नाम पर मरीजों का शोषण करने वालों पर हो कार्यवाही

जालौन (उरई)। नगर में मानक विहीन चल रहे अस्पताल लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच कराने की जगह जनता को जागरूक कर अस्पताल में जाने की सलाह दे रहा है। नगर के समाजसेवियों ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर चिकित्सालयों की जांच कराने की मांग की है।

नगर समेत जनपद में स्वास्थ्य विभाग के रहमोकरम पर मानक विहीन चिकित्सालय चल रहे हैं। मानक विहीन चिकित्सालय लूट खसोट का माध्यम बन गये हैं तथा लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग मानक विहीन चिकित्सालयों, लैब, पैथोलॉजी की जांच कराकर कार्यवाही तो नही कर रहा है। उल्टा जनता को सलाह दे रहा है कि जनता जागरूकता दिखाये तथा पहले जांच पड़ताल कर ही अस्पताल में मरीज को भर्ती कराये। परिवार के लोग मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने से पूर्व चिकित्सालय का परीक्षण कर ले। संतुष्ट होने के बाद ही मरीजों को भर्ती कराये। सी एम ओ के इस बयान के बाद स्वास्थ्य विभाग से नाराज समाजसेवियों ने स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी विनय मोर्य को देकर मांग की है कि बगैर आवश्यक डिग्री व मानक विहीन चल रहे अस्पतालों के खिलाफअभियान चलाकर जांच करायी जाये तथा बगैर मानक के चल रहे एक एक चिकित्सालय, क्लीनिक के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाये जिससे लोगों के जीवन से हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके। इस मौके पर बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन, जाकिर सिद्दीकी, शौकीन राईन, अनस, शाहनवाज आदि लोग मौजूद रहे।

विशाल शोभायात्रा में भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ले से मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी के तत्वाधान में रविवार को मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर से शुरू होकर मां भद्रकाली खैरनगर रोड तक गई। यात्रा में शामिल विभिन्न मंडल शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा की आचार्य पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने विधि-मंत्रो के साथ शाम 06 बजे बाबा पंचमुखी मंदिर से शुरूआत कराई। शोभायात्रा में गरवा डंडिया, गणपति डंडिया, राधा-कृष्ण, शिव-तांडव, मां काली मण्डल में शामिल नगर क नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हैरतअंग्रेज प्रदर्शन किया। इसके अलावा बाहरी जनपदों से आए हुए कलाकारों ने भी विभिन्न मण्डलों में शामिल होकर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। विशाल शोभायात्रा तिर्वा-कन्नौज मुख्य मार्गों से होते हुए देर रात मां भद्रकाली के दरबार में जाकर समाप्त हुई। प्लाजा मार्केट के सामने नवदुर्गा सेवा समिति के संरक्षक दिलीप कुमार अवस्थी, महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पीएसी व पुलिस बल तैनात रहा। यातायात को लेकर ठठिया रोड चैराहा व गांधी चौक चौराहा पर बेरिकेटिंग कर मार्ग डायवर्जन भी किया गया था। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष गौरव सक्सेना, शैलेन्द्र कुशवाहा, धीरज, अंकुर सिंह, किशन भट्ट, अंशुल कौशल, अंशू शर्मा, शिवम गुप्ता, दीपक उर्फ भोला, मिक्की, अनुज राजपूत, सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

खेड़ा मुस्तकिल में दबंगों ने किया युवक को जान से मारने का प्रयास

पीड़ित ने दी थाने में तहरीर लेकिन पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

थाना कुठौंद के अंतर्गत पुलिस चौकी शंकरपुर क्षेत्र में पड़ने वाला ग्राम खेड़ा मुस्तकिल निवासी रामकेश कठेरिया पुत्र राम प्रकाश कठेरिया के घर पर 6 अक्टूबर 2024 को समय करीब शाम के 6 बजे गांव के ही शिव सिंह राजपूत पुत्र छक्कीलाल राजपूत और उनके साथ लगभग 5 अज्ञात साथी जो की बदमाश टाइप के रोल में दिखे। क्योंकि यह लोग अपने पास अवैध शस्त्र भी साथ में लिए थे।

यह जानकारी पीड़ित के छोटे भाई की पत्नी के द्वारा बताया गया की गांव के ही व्यक्ति शिव सिंह द्वारा अज्ञात लोगों को लेकर मेरे घर पर आए घर पर आकर इन लोगों ने मुझे धमकी देते हुए मेरे जेठ रामकेश के बारे में पूंछतांछ की और अपशब्दों का प्रयोग किया जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि कहा गया धनुका वाला साथ में गालियों भी दी तथा कहने लगे यदि आज मौके पर मिल जाता तो यही जान से मार देते। इस भाई के कारण पीड़ित के छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि वह कुठौंद की ओर गए हुए हैं। तभी यह लोग फोर व्हीलर ब्लैक कलर की गाड़ी स्कार्पियो बगैर नंबर पर सवार थे। यह लोग रामकेश को ढूंढते ढूंढते कुठौंद आ पहुंचे और माधौगढ़ तिराहे पर मिश्रा स्वीट हाउस पर रामकेश कठेरिया बैठे हुए थे। जहां पर ग्राम नौरेजपुर के निवासी सुशील कुमार दिलीप कुमार पुत्रगण जय नारायण जालौन से लौटे हुए थे इन्हीं के साथ रामकेश नाश्ता कर रहा था। उसी समय शिव सिंह के साथ आए अज्ञात 5लोगों ने मिश्रा स्वीट हाउस पर जाकर उसकी कॉलर पकड़ के झगझोर दिया और कहने लगे जिस जमीन को तुम जोत रहे हो उस जमीन को तत्काल छोड़ दो नहीं तो तुमको जान से मार देंगे।

फिर तुम ऊपर से देखोगे कि यह जमीन कहां पर है। उसी समय पीड़ित के बहनोई अवधेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि नौरेजपुर, वीर सिंह पुत्र सुखवासी, महपति सिंह गौर पुत्र कामता सिंह भी मौके पर आ गए। जिन्होंने आकर अज्ञात लोगों को समझाया बुझाया फिर भी दबंग लोगों ने रामकेश कठेरिया को जान से मारने की धमकी देते हुए चलने लगे तभी अवधेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि आप लोग कहां से आए हैं और इनसे क्या आपकी रंजिश है तभी अज्ञात लोगों ने बताया कि मेरे साथ ब्लैक गाड़ी स्कार्पियो में शिव सिंह नाम का व्यक्ति बैठा हुआ है। तभी शिव सिंह के पास अवधेश कुमार पहुंचे और शिव सिंह से इस संबंध में बातचीत भी की तभी शिव सिंह ने कहा यदि यह जमीन नहीं छोड़ेंगे तो हम इनको जान से मरवा देंगे। यह लोग मेरे साथ आए हुए हैं। इसलिए रामकेश को यह समझा दो की जमीन जोतना छोड़ दें नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। यह घटना 6 अक्टूबर 2024 को समय करीब 6.30 बजे शाम की स्टेट हाईवे स्थित मिश्रा स्वीट हाउस माधौगढ़ चौराहा की है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया गया।

16 अक्टूबर को आयोजित होगी महिला जन सुनवाई

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्य ने बताया कि जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाए जाने के दृष्टिगत 16 अक्टूबर को हर्षवर्धन सभागार विकास भवन में सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

भरत मिलाप के साथ रामलीला महोत्सव संपन्न

जालौन (उरई)। रामलीला भवन में चल रहे 176 वें महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक के साथ लवकुश लीला का मंचन किया गया। रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन रामलीला भवन में भगवान श्री राम के अयोध्या वापसी के साथ भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया तथा राज्याभिषेक हुआ। इस दौरान भगवान श्रीराम संग माता सीता राजगद्दी पर विराजमान हुईं। लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन, हनुमान जी सहित पूरी अयोध्या में खुशी मनाई गई। इसके बाद लवकुश लीला का मंचन किया गया। भगवान राम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण सीता जी को वाल्मीकि आश्रम छोड़ आते हैं। वहीं, अश्वमेघ यज्ञ में सफेद घोड़े को छोड़ने के बाद लवकुश घोड़े को आश्रम में बांध देते हैं। जहां राम के साथ लवकुश के बीच युद्ध के लिए जैसे ही राम धनुष उठाते हैं। धनुष बाण छूट जाता है और उसी समय सीता जी धरती में समां जाती हैं।

पूनम ने बढ़ाया गुरूजनों और परिजनों का मान

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

विजेता छात्रा पूनम के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व शिक्षक।

जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन डीएन कॉलेज तिर्वा ग्राउंड पर किया गया था। जिसमें चौ.जयवीर सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 07 की छात्रा पूनम ने जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से माता-पिता और विद्यालय नाम रोशन हुआ है।

विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया, मुख्य व्यवस्थापक आलोक यादव ने विजेता छात्रा पूनम का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बताया कि हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती हैं। उनको निखारना संस्थान का काम होता है। अन्य छात्र छात्राओं को पूनम से सीख लेनी चाहिए और इसी प्रकार आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान राजेंद्र सिंह यादव, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, टीम कोच अजय यादव एवं संगम, सचिन, रवि, दिनेश, अभिषेक, संदीप, अजीत कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार सौरभ, जगमोहन सिंह, जितेन्द्र सिंह, रिंकी, सपना, आकांक्षा दुबे, प्रियंका आदि रहे।

विद्यार्थियों ने रैली निकाल, दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

यातायात नियमों का करें पालन, जिससे परिवार और समाज रहे सुरक्षित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जब भी गाड़ी चलाएं ईयर फोन का इस्तेमाल न करें। यातायात के नियमों का पालन करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। यह बात कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी ने कही।

गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी यादव के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। और निबंध प्रतियोगिता आयोजन हुआ।

बाइक सवार को जागरूक करती छात्राएं

जिसमें छात्र- छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और छात्र- छात्राओं ने संयोगिता मार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के लिए नागरिकों को जागरूक करते हुए जीवन रक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग, यातायात के नियमों का पालन करने पर जागरूक किया। उपनिदेशक डॉ रजनीकांत ने छात्र-छात्राओं और एनएसएस के स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के प्रति सभी जागरूक हों।

जिससे कि परिवार और समाज सुरक्षित रहे। रैली में छात्रा ज्योति, सिद्धी, कोमल, श्रेया, मुस्कान, साक्षी, अनुष्का, रिशु, दीपिका, जूली, स्वाति सहित आदि छात्र- छात्राएं रही।

सीएचसी अधीक्षक की शह पर चल रहीं अवैध पैथालॉजी लैब

बीते दिन एसीएमओ ने छापामारी कर कई लैब की थी सील

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर के विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप रुप से संचालित पैथालॉजी लैब संचालक स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को चुनौती दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब का संचालन करने वाले लोगों की तानाशाही कहा जाए तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि कुछ दिन पूर्व एसीएमओ ने शमशाबाद क्षेत्र के कस्बा चिलसरा, शमशाबाद तथा मंझना, नवाबगंज में छापामारी कर कार्रवाई की थी। इस छापापारी में कई लैब संचालकों की लैबों को सील कर दिया गया था। इसके बावजूद भी एसीएमओ ने छापामारी करते हुए कई लैब संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की थी। जानकार लोगों की मानें तो नगर में सीएचसी अधीक्षक की शह पर लगभग 9 लैब अवैध रूप से संचालित हैं। जहां मनमाने तरीके से मरीजों के खून की जांच की जाती है। सबसे बड़ी बात यह है यहां अवैध रूप से संचालित पैथालॉजी लैब केंद्र पर होने वाली जांच भी अलग-अलग तरीके से की जाती है। जिसको लेकर जानकर लोग बताते हैं कि लैव संचालक इस तरह की जांच कर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। इस तरह की जांच कभी भी किसी भी मरीज की मौत का कारण बन सकती है।

कस्बे में संचालित पैथालॉजी लैब

वहीं सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है शमशाबाद नगर में आधा दर्जन से अधिक पैथालॉजी केंद्र हैं। जहां मरीजों के खून की जांच की जाती। जांच के नाम पर सैकड़ों रुपया वसूले जा रहे हैं। मालूम रहे नगर में इस समय अवनी पैथालॉजी के संचालक दीपक व सोहेल जो कि सीएचसी के ठीक सामने संचालित हो रही है। क्या सीएचसी अधीक्षक को ये नजर नहीं आ रही है। नवजीवन पैथालॉजी का संचालन शिवम कुमार द्वारा किया जा रहा है जो कि टाकीज तिराहा के पास संचालित है, ये भी सीएचसी अधीक्षक को नजर नहीं आ रहा है। नैगवा रोड स्थित इंडियन पैथालॉजी जिसका संचालन अमन कुमार द्वारा किया जा रहा है।

इस पर भी अधीक्षक की नजर नहीं पड़ रही है। न्यू पैथालॉजी का संचालन निखिल द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा लाईफ लाइन पैथालॉजी का संचालन विपिन कुमार द्वारा किया जा रहा है जो कि गंगा रोड पर स्थित है। ये भी सीएचसी अधीक्षक को दिखाई नहीं पड़ रहा है। वहीं पुराना बिजली घर के पास स्थित आर0के0 पैथालॉजी जिसका संचालन नवनीत कुमार द्वारा किया जा रहा है। मार्डन पैथालॉजी का संचालन साकिब द्वारा किया जा रहा है जो कि त्रिपाठी नर्सिंग होम के पास है।

ये भी सीएचसी अधीक्षक को दिखाई नहीं पड़ रहा है। वहीं नगर में ही हिंद पैथोलॉजी जिसका संचालन नाजिम खां द्वारा किया जा रहा है, जो नया बस अड्डा के पास में है। इन सब पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। वहीं दबी जुबान एक लैब संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सभी लैब से एक मोटी रकम चड़ावे के तौर पर बॉस को भेज दी जाती है, क्योंकि बॉस द्वारा ही लोगों को जांच हेतु पैथालॉजी लैब पर भेजा जाता है। जहां से बॉस को कमीशन भी भेज दिया जाता है सूत्रों के मुताबिक नगर में अवैध रुप से संचलित पैथोलॉजी केंद्र जिनमें ज्यादातर बिना लाइसेंस के ही संचालित हैं। सूत्रों के अनुसार हिंद पैथोलॉजी का संचालक नाजिम खाँ निवासी मोहल्ला गढ़ी अपने आप को स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी का खास गुर्गा बताता है।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक मजदूर की मौत, तीन घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

108 एंबुलेंस से तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल में कराया गया भर्ती

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी बरौन में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम करनपुर गंगतारा निवासी सर्वेश पुत्र बाबूराम उम्र 50 वर्ष गांव के ही युवक रघुवीर पुत्र रामसरन उम्र 30 वर्ष बाइक से मजदूरी कर वापस जा रहे थे। ग्राम हथियापुर के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार शादाब पुत्र मुन्नालाल उम्र 22 वर्ष, हिमांशु उर्फ ईशू उम्र 20 वर्ष पुत्र महेश की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें सर्वेश व साथी रवि व दूसरी बाइक सवार ग्राम मंझना निवासी शादाब व हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी ने सभी चारों घायलों को सीएचसी बरौन में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सर्वेश पुत्र बाबूराम को मृत घोषित कर दिया। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद 108 एंबुलेंस से तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक सर्वेश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कूकर फटने से महिला गंभीर रूप से झुलसी अस्पताल में भर्ती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कूकर फटने से महिला गम्भीर रुप से झुलस गयी। उसे गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के मोहल्ला अंडियाना निवासी प्रतीक्षा श्रीवास्तव पत्नी संजीव श्रीवास्तव उम्र 24 वर्ष सोमवार को गैस पर कुकर में आलू उबाल रही थी। आलू उबालते समय अचानक कुकर फटने से महिला प्रतीक्षा श्रीवास्तव गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने आनन-फानन में कुकर फटने से झुलसी महिला को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

बाइक पर बैठने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को दबंगों ने पीटा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

बाइक पर बैठने का विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट कर पिता-पुत्र को घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर शमशाबाद थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला मीरा दरवाजा निवासी प्रमोद प्रकाश पुत्र स्व0 महेशचंद्र ने शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही ग्राम मुरैहठी निवासी दीपक, साथी केतन यादव तथा देवेश यादव सहित तीन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 13 अक्टूबर की शाम 5 बजे के करीब आरोपी दीपक उसके घर में बाइक पर बैठा था। जिसका विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी द्वारा साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से जानलेना हमला कर दिया गया। उसी दौरान पुत्र अर्श गंगवार आ गया। उसने भी बीच बचाव कराने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पुत्र को भी लाठी-डंडों से जमकर पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर जब तक मोहल्ले के लोग मौके पर आते, तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो चुके थे। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं शमसाबाद थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर फौरी कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

पुलिस ने चोरी के तार सहित आरोपी को पकड़ा

पकड़ा गया चोरी का तार

थानाध्यक्ष बोले मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने चोरी के बिजली तार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के ओपी लॉन के निकट एक बिजली ठेकेदार का 1000 मीटर तार चोरी कर लिया गया था। ठेकेदार द्वारा इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी थी।

पुलिस उक्त घटना का खुलासा करने के लिए सक्रिय हो गयी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी चोरी का तार बेचने जा रहा है, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को बिजली के तार सहित दबोच लिया। वहीं थानाध्यक्ष आमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

आगामी त्योहारों को लेकर सीओ ने किया पैदल मार्च

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर में पैदल मार्च करते सीओ व पुलिस बल

ग्यारवी शरीफ व दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए कायमगंज क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार ने सोमवार की शाम कस्बे में पैदल मार्च किया। इस मौके पर पैदल मार्च मैन बाजार के अलग-अलग स्थानों और चौराहों से होते हुए अपने-अपने स्थल पर पहुँचा। कोतवाली प्रभारी राम अवतार ने आम जनता को इस दौरान जागरूक भी किया।

जिससे कि ग्यारवी शरीफ व दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। साथ ही सुरक्षा का ध्यान भी रखा जाए। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंचते हैं। ऐसे मे कई आपराधिक तत्व भी उनपर नजर रखते हैं। इन सभी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर पैदा हो। इस उद्देश्य से यह पैदल मार्च निकाला गया। जहाँ पुलिस द्वारा आपराधिक तत्व पर भी नजर रखी जा रही है, वहीं अन्य आपराधिक घटनाओं को लेकर जनता को जागरूक करने के साथ ही वह सुरक्षित रूप से अपना व्यापार करते हुए खरीदारी करने की बात कही। इसके बाद संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग की गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकरी जय सिंह परिहार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, मन्डी चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, उपनिरीक्षक नितिन यादव, उपनिरीक्षक शमसुद्दीन, कांस्टेबिल अंकित गंगवार, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सिद्ध सिंह मौजूद रहे।

नगर में विचरण करते आवारा सांड

सांड के हमले में दंपति घायल

कायमगंज,समृद्धि न्यूज। आवारा सांड के हमले में दंपति गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी बलबन्त सिंह उम्र 45 वर्षीय पुत्र होरीलाल बंजारा अपनी पत्नी ओमवती के साथ बाइक द्वारा कायमगंज मन्डी समिति आये थे। वापस घर लौटते समय मन्डी समिति गेट के बाहर आवारा सांड ने दंपति पर हमला कर दिया। जिससे दंपति घायल हो गये। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि नगर क्षेत्र में आवारा सांड काफी संख्या में विचरण करते रहते हैं। जो कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। नगरवासियों ने जिलाधिकारी से नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा सांडों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

अहंकार और बुराई के प्रतीक रावण का भगवान राम ने किया वध

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

भगवान राम व रावण का होता युद्ध

रामलीला में अहंकार और बुराई का प्रतीक रावण मारा गया। अनाचार पर सदाचार की, बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण वध के पहले लक्ष्मण को शक्ति लगने, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद राम रावण युद्ध और अंत में रावण वध का मंचन किया गया।

नगर के फिरोज गांधी जनता इंटर के पास रामलीला मैदान में रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद रावण युद्ध के लिए आता है। राम और रावण के बीच घोर युद्ध होता है। राम के बाण से रावण के सिर और भुजाएं कट जाती हैं, लेकिन तुरंत ही दूसरे निकल आते। तब विभीषण राम को रावण वध का उपाय बताते हैं। विभीषण बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। इस दौरान कपटी रावण के कई रूप देखने को मिले। लंबे चले युद्ध में भगवान राम ने आखिरकार रावण का वध कर डाला। इसके बाद आतिशबाजी के साथ रावण एवं कुंभकरण, लक्ष्मण और सीता के अयोध्या वापसी दृश्य का मंचन हुआ। रामलीला तथा रावण का पुतला दहन देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जुटी। इस दौरान रामलीला अध्यक्ष केशव चंद्र गुप्ता, अजय माहेश्वरी कार्यकारी अध्यक्ष, थाना अभिषेक गुप्ता पंकज, संजीव गुप्ता, संजय गुप्ता, राजीव गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता एवं थाना अध्यक्ष कमालगंज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कमेटी ने सहयोग किया।

बहराइच घटना को लेकर थानाध्यक्ष ने किया पैदल मार्च

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

पैदल मार्च करती थाना पुलिस

बहराइच मूर्ति विसर्जन घटना को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने पैदल मार्च किया तथा जनता से शांति बनाये रखने की अपील की।

कस्बा नवाबगंज में थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। वहीं संदिग्ध लोगों को चेतावनी दी और कस्बे के मंदिर, मस्जिद पर पहुंचकर संभ्रांत व्यक्तियों को आपसी भाईचारा तथा प्रेम व सौहार्द बनाये रखने की अपील की। वहीं कस्बे की मस्जिद तथा मोहल्ला नयागनीपुर की मस्जिद की सुरक्षा व्यवस्था भी परखी और लोगों से आपसी सौहार्द के साथ रहने की अपील की। पूरे कस्बे में तथा आसपास के कई गांव में थाना पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस मौके पर थाने के एसएसआई रामसिंह, मंझना क्षेत्र के इंचार्ज दरोगा इंद्रजीत सिंह, बबना चौकी इंचार्ज योगेश श्रीवास्तव, कांस्टेबिल सौरभ शर्मा, नीरज कुमार, नंदलाल, गणेश शंकर, अरविंद कुमार, महिला कांस्टेबिल पिंकी कुमारी सहित थाने का समस्त पुलिस बल, हेड कांस्टेबिल वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जनपद को दो दिवस में मिलेंगी इफको डीएपी व एनपीके की 44000 बोरी खाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समितियों पर मौजूद डीएपी खाद

जिला कृषि रक्षा अधिकारी बीके सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि दो दिवस में जनपद को इफको एवं चम्बल फर्टीलाइजर कम्पनी की डीएपी, एनपीके की 44000 बोरी खाद मिल रही है।

इसके अतिरिक्त सभी सहकारी समितियों पर पीसीएफ वफर गोदाम में रिजर्व एनपीके 34000 बोरी को प्राथमिकता पर समितियों पर भेजने के आदेश जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में समितियों पर रिजर्व एनपीके लगातार भेजी जा रही है। जैर सरकारी समिति खुदागंज 500 बोरी, रजीपुर 800 बोरी, जैनापुर 400 बोरी, महलई 500 बोरी, नींबकरोरी 500 बोरी, नगला नान 500 बोरी, पखना 250 बोरी, मेरापुर 250 बोरी, पिपरगांव 250 बोरी, भटासा 250 बोरी, पीसीएफ मंझना 500 बोरी, अमृतपुर 500 बोरी, बरौन 400 बोरी, कम्पिल 300 बोरी, पुठरी 600 बोरी, पपड़ी खुर्द 400 बोरी, कायमगंज उत्तरी 400 बोरी भेजी जा चुकी हैं। शेष सभी समितियों पर एनपीके खाद लगातार भेजी जा रही है। जनपद में माह अक्टूबर के फास्फेटिक उर्वरकों डीएपी एवं एनपीके के लक्ष्य 22348 मीट्रिक टन के सापेक्ष 24484 मीट्रिक टन उपलब्ध है एवं कोरोमंडल कंपनी की डीएपी भी इसी सप्ताह प्राप्त होगी। जो निजी जो निजी क्षेत्र को जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से खाद उठाने की अपील की है।

लूट की घटना जांच पड़ताल में निकली फर्जी

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

झूठी सूचना देने वाला आरोपी युवक

कोतवाली क्षेत्र के गांव कटिया निवासी अशोक कुमार पुत्र राम नरेश नट ने दिनांक 13 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी कि उसके साथ एक लाख पांच सौ रूपेय की लूट हो गई है।

उसने बताया था कि वह छिबरामऊ मवेशी बाजार में दो भैसें तथा दो पड्डे बेंचकर आया था। जो कि एक लाख पांच हजार की बेची थीं। जिसमें से वह 4500 रुपए अपनी पत्नी को खर्चे के लिए देकर आया था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने थाने से टीम गठित करके तथा एसओजी के टीम के साथ मिलकर जब पता किया, तो अशोक की पत्नी प्रीति ने बताया कि अशोक कुमार उसे 1500 रुपए दे गया था।

जांच करने पर पता चला कि वह अपने बड़े भाई चंद्रपाल के मवेशी बेचकर आया था। जिसके पैसे चंद्रपाल के पास थे। वहीं पिकअप चालक से पूछताछ में पता चला कि वह सिर्फ एक भैंस था दो पड्डे लेकर गया था। जिसमे वह मवेशी बड़े भाई चंद्रपाल के थे।

अशोक से बात करने पर उसने बताया कि उसे व्यापार में गाटा हो गया था। तगादा से बचने के लिए उसने लूट की झूठी सूचना पुलिस को दी थी। जिससे अशोक को कुछ महीनों की मोहलत मिल जाती।

दुष्कर्म के मामले टैक्सी चालक को दस वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने दुष्कर्म के मामले में अकबर बादशाह पुत्र लुकमान निवासी पपियापुर को दस वर्ष के कारावास व 56500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 3 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा था कि मेरी पुत्री 22 सितम्बर 2021 को दोपहर लगभग 12 बजे भारतीय स्टेट बैंक फतेहगढ़ आयी थी। वापस घर आने के लिए भोलेपुर क्रासिंग पर खड़ी टैक्सी नंबर यूपी76के8805 में कुछ सवारियां बैठी थीं, जिसमें मेरी पुत्री भी बैठ गयी। रास्ते में सवारियां उतर जाने के बाद पुत्री टैक्सी में अकेली रह गयी, तभी टैक्सी चलाक ने पुत्री को नशीला पदार्थ सुंघा दिया और बेहोश कर मोहम्मदाबाद रोड पर जाकर आम के बाग में ले जाकर पुत्री के साथ कई बार बलात्कार किया। जब पुत्री को होश आया तो उसने फोन कर मुझे जानकारी दी। मेरे रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि पुत्री बुरी हालत में पड़ी थी। रात में नशे की हालत में होने की वजह से पुत्री को कहीं नहीं ले जा सका। मेरी पुत्री ने सारी घटना बताई और उक्त टैक्सी चालक का नाम पता किया। उसके बाद मैं फतेहगढ़ कोतवाली आया, तो वहां पर पता लगा कि घटनास्थल फर्रुखाबाद कोतवाली का है। पीड़ित अपनी पुत्री को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया। पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार, संजीव कुमार पाल की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने टैक्सी चालक अकबर बादशाह को दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते दस वर्ष के कारावास व 56500 रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है।

मिशन शक्ति पांच टॉपर बालिकाओं ने सांकेतिक अधिकारी बनकर किया एक दिन का कार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मिशन शक्ति के तहत सोमवार को विभिन्न विद्यालयों की पांच बालिकाओं ने एक दिन के लिए अधिकारी बनकर कार्य किया। एसडी इंटर कालेज पहला राजेपुर की छात्रा कक्षा 12 में 96.20 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रही थी। सोमवार को टॉपर छात्रा उपासना यादव पुत्री दर्वेश सिंह यादव ने एक दिन की सांकेतिक डीडीओ बनकर कार्य किया। वहीं एसबीएमआईसी फतेहगढ़ की कक्षा 10 की छात्रा जाह्नवी यादव पुत्री सुशील कुमार यादव ने हाईस्कूल में 94 प्रतिशत अंक हासिल किये थे। जाह्नवी यादव एक दिन की सांकेतिक पीडी बनी और कार्य किया। कक्षा 12 की छात्रा

रिद्धि गुप्ता को उपहार देते जिला कार्यक्रम अधिकारी

दिव्यांशी कटियार पुत्री मनोज कटियार स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज ने 94.20 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रही थी। सोमवार को दिव्यांशी कटियार एक दिन की सांकेतिक जिला प्रोबेशन अधिकारी बनी। रिद्धि गुप्ता पुत्री वीकेश कुमार गुप्ता राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर ने 94.50 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रही थी। सोमवार को रिद्धि गुप्ता एक दिन की डीपीओ बनी। वहीं रिद्धि गुप्ता की बहन सिद्धि गुप्ता जिन्होंने कक्षा 10 में 94.17 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर की सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। वह भी एक दिन की सांकेतिक डीएसडब्लूओ बनी। अरुणिमा सिंह पुत्री शिवकांत रवि एसडी इंटर कालेज पहला राजेपुर कक्षा 12 में 95.60 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रही थी। अरुणिमा सिंह एक दिन के लिए डीपीआरओ का कार्यभार ग्रहण करते हुए कार्य किया। सभी पांचों छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनायें करते हुए बधाई दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक व बाल कल्याण अधिकारी सचिन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने छात्राओं को सम्मानित किया।

ओपन स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

48वीं जूनियर बालक ओपन स्टेट कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन 22 व 23 अक्टूबर को फिरोजाबाद में होगा। सोमवार को ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जूनियर बालक वर्ग ओपन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन हुआ। 22 व 23 अक्टूबर को एके डिग्री कालेज स्टेशन रोड शिकोहाबाद में आयोजित होगी। जिसके लिए जनपद स्तरीय ट्रायल में 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन की चयन समिति ने 17 खिलाड़ियों का चयन किया। राज्य स्तरीय कबड्डी

कबड्डी खेलते खिलाड़ी

प्रतियोगिता के लिए लगातार अभ्यास चल रहा है। 12 खिलाड़ियों का चयन जूनियर बालक ओपन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए हुआ। चयन समिति में सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वीना गौतम, अरुण कुमार, विपिन कुमार, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव की देखरेख में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अंडर-19 कबड्डी टीम में अकील खान, गौरव कुमार, रामकेश, अमित राजपूत, कपिल माथुर, शोभित, चंदन, जसकरन, प्रांशू, गोविंद कुमार, प्रशांत, सनी, राधारमन, राज, विक्रम, रतन आदि खिलाड़ियों का चयन हुआ।

रोजगार मेले में 36 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मदरसन प्राइवेट लि0 नोएडा की कम्पनी ने प्रतिभाग किया। 100 रिक्तियों के सापेक्ष मेले में 55 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जिनका साक्षात्कार लिया गया। 36 अभ्यार्थियों का रोजगार हेतु चयन हुआ। मेला व्यवस्थापक कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

सपाई आज मनायेगें एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महान वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती 15 अक्टूबर को 11 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर मनायी जायेगी। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने दी है। वहीं सपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सोता बहादुरपुर पांचाल घाट पर मनायी जायेगी। जिसके प्रभारी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव युनूस अंसारी है।

वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव धरमपुर निवासी रामपाल उम्र 55 वर्षीय पुत्र परशुराम की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने रामपाल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

समाजसेवी गोपिका रानी का निधन, पुत्र ने दी मुखाग्नि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सूरज प्रकाश गोपिका रानी सेवा समिति की संस्थापक/संरक्षक सदस्य गोपिका रानी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विभिन्न संस्थाओं की संरक्षक होने के साथ-साथ वह समाजसेविका थी। उन्हें अध्यात्म से लगाव था। कई घंटों तक अध्यात्मिक चिंतन करती थी। पिछले एक सप्ताह से बीपी बढ़ने व हीमोग्लोबिन कम होने के कारण बीमार चल रही थी। डाक्टर मनोज मेहरोत्रा के अस्पताल में भर्ती थी। जहां उनका उपचार चल रहा था। सोमवार की सुबह 5:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही परिवार व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। गोपिका रानी के पुत्र डॉ. राजीव

फाइल फोटो गोपिका रानी

कुमार पाठक ने बताया कि वह अपने पीछे फलाफूला परिवार छोड़कर गयी हैं। सोमवार को पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम पर उनके पुत्र ने उन्हे मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके पौत्र डॉ. वैभव पाठक, डॉ. आयुष पाठक सहित परिवार व शहर के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

कानपुर मंडल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में टीम करेगी प्रतिभाग

- खिलाड़ियों के पात्रता प्रमाण पत्रों की जांच का काम शुरू

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

माध्यमिक विद्यालयों की कानपुर मंडल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता रैली के लिए जनपद से टीम भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रभारी अतुल दास के नेतृत्व में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों की समिति ने मंडल में जाने वाले खिलाड़ियों के पात्रता प्रमाण पत्रों की जांच की।

16, 17 एवं 18 अक्टूबर को कन्नौज में होने वाली कानपुर मंडल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद के खिलाड़ी कन्नौज के लिए प्रस्थान करेगें। जिला खेल प्रभारी अतुल दास ने बताया कि ने बताया कि 16 अक्टूबर को प्रातः बसों द्वारा टीम कन्नौज के लिए व्यायाम

पात्रता प्रमाण पत्र की जांच करती व्यायाम शिक्षकों समिति

शिक्षकों के साथ प्रस्थान करेगी। प्रतियोगिता में वही छात्र एवं छात्राएं भाग ले सकेंगे, जिनके पात्रता प्रमाण पत्र में लगे प्रपत्र पूर्ण होंगे। जिला कीड़ा प्रभारी ने बताया कि पूर्व तीन, चार, पांच अक्टूबर को म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर के नेतृत्व में जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। जिसके आधार पर फर्रुखाबाद जनपद की टीम का चयन किया गया है जो कानपुर मंडल की एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु कन्नौज में प्रतिभा करेगी।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं के मॉडलों को सराहा गया

विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान क्लब प्रभारी पूनम शुक्ला, पारुल जैन, दर्शना शुक्ला के मार्गदर्शन में छात्राओं ने पर्यावरण मानव कल्याण में विज्ञान, वैकल्पिक ऊर्जा, जैव विविधता, गणित, भौतिक संकल्पना पर मॉडल लगाकर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं से प्रश्न पूछे। जिसका अधिकांश छात्राओं ने संतोष जनक उत्तर दिया। भौतिक सृजनात्मक कल्पनाशील प्रदर्शन को सभी सराहा। निर्णायक मण्डल में पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला रही। वैकल्पिक ऊर्जा सीनियर वर्ग में गणित मॉडल एवं भौतिकी अवधारण प्रदर्शन जूनियर वर्ग में चयनित हुई। इस मौके पर विद्यालय की सभी शिक्षिकायें मौजूद रही।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सम्बोधित करते शिव महेश दुबे व मौजूद महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान के संदर्भ में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। संगठन पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत जिला संगठन प्रभारी ने तीसरे चरण के सदस्यता अभियान को आरंभ करने के दिशा निर्देश दिये।

शिव महेश दुबे ने बताया 2 सितंबर से आरंभ हुई भाजपा का सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त होगा। तीसरे चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अभियान 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान में सक्रिय सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता पार्टी द्वारा प्राप्त सक्रिय सदस्यता फॉर्म को भरकर संगठन को उपलब्ध कराएंगे। क्षेत्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा सक्रिय सदस्यता फॉर्म का सत्यापन किया जाएगा। जिस कार्यकर्ता के 50 सदस्य सत्यापित हो जाएंगे वह सक्रिय सदस्य माना जाएगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया सक्रिय सदस्यता अभियान में सक्रिय सदस्यों को सत्यापित करने के लिए संगठन ने इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला एवं कायमगंज के पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक को अधिकारी नियुक्त किया है। 5 नवंबर तक पार्टी के सभी सक्रिय सदस्यों की सूची जिला मुख्यालय पर चस्पा कर दी जाएगी। संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, अमर सिंह खटीक, सुनील रावत, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, ठा0 वीरेंद्र सिंह राठौड़, जय गंगवार, अमरदीप दीक्षित, कमल भारद्वाज, वीरेंद्र कठेरिया, रश्मि दुबे, अभिषेक बाथम, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, रामवीर सिंह चौहान, प्रदीप सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, चित्रा अग्निहोत्री, भास्कर दत्त द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

ग्रामीणांचल में भक्तों ने देवी विसर्जन उपरांत कराया भंडारे का आयोजन

जालौन (उरई)। दशहरा पर्व के उपरांत नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा, लौना, हरदोई राजा, अकोढ़ी दुबे, प्रतापपुरा आदि गांवों में नवरात्र व दशहरा पर्व के उपरांत हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उदोतपुरा स्थित बड़ी माता मंदिर पर नौ दिन तक चले धार्मिक कार्यक्रमों के बाद हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। गांव में माता की झांकी निकाली गई। जिसका गांव के लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। शाम के समय मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे को चखा। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह चौहान, मनोज चौहान, श्यामजी चौहान आदि ने सहयोग किया। उधर नगर के प्राचीन बड़ी माता मंदिर पर मां नवदुर्गा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित हुए हवन पूजन के बाद देश में सुख व शांति की कामना की गई। इस दौरान महिलाओं ने कीर्तन का भी गायन किया। हवन पूजन के बाद आहूतियां दी गई। कार्यक्रम में श्यामजी, राहुल साहू, धीरज कुशवाहा, दीपक साहू, वीरू अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, नीरज यादव, अंकित, शिवम, अंशू गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत महलई विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः राज्य वित्त/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 14/10/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महलई विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/10/2024 से दिनांक 21/10/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 21/10/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 15/10/2024 से दिनांक 21/10/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

क्रं सं.	कार्य का नाम	स्थान	सामग्री लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा शुल्क	सामग्री आपूर्ति की अवधि
1	डामर रोड से आंगनवाड़ी केंद्र व खेल के मैदा तक इंटरलाकिंग कार्य	महलई	3.11 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
2	पंचायत घर में शौचालय निर्माण कार्य	महलई	2.09 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
3	रामनिवास के घर से अतर सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	महलई	4.16 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
4	सुखलाल के घर से मंदिर तक इंटरलाकिंग कार्य	महलई	1.53 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
5	पेशकार के मकान से सूरज पाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य	महलई	2.79 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
6	सत्यभान के घर से रमेश के घर तक नाली निर्माण व खण्डजा कार्य	महलई	1.06 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह
7	पेशकार के मकान से सूरज पाल के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	महलई	6.77 लाख	2 प्रतिशत	500	एक माह

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान **ग्राम पंचायत महलई, विकास खण्ड बढ़पुर** **सचिव**

डीपीआरओ से मांगा स्पष्टीकरण, बीडीओ दोषियों के खिलाफ करें कार्यवाही: डीएम

- जनपद की रैकिंग हुई खराब तो जिला स्तर के अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रहे दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में मोहम्मदाबाद व कमालगंज ब्लॉक में झाड़ियों की कटाई कम हुई पाई गई। डीएम ने डीपीआरओ का स्पष्टीकरण तलब किया व खंड विकास अधिकारी को दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।

डीएम द्वारा निर्देशित किया कि सभी लोग माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य सम्पन्न कराये, जिन विभागों के कारण अभियान में जनपद की रैंक खराब होगी, उनके जनपद स्तरीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। दस्तक अभियान में लिंजीगंज में आशाओं की विजिट में पीछे होने पर जिलाधिकारी द्वारा अर्बन पीएसी के पांचों एमआईसी के वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिये गये। डीएम ने निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी अपने सीनियर अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये बगैर जनपद नहीं छोड़ेगा व जनपदीय अधिकारी बिना जिलाधिकारी की अनुमति के जिले से बाहर नहीं जायेगें। डीएम ने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सभी क्षेत्रों में फागिंग, क्लीनिंग व एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नितेश राज व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक लेते डीएम

नगर भ्रमण के दौरान ठेली दुकानदार से बात करते डीएम

डीएम-एसपी ने कमालगंज की परखी सुरक्षा व्यवस्था

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने त्यौहारों पर सुरक्षा के मद्देनजर कमालगंज में रेलवे रोड पर पैदल मार्च किया। इस दौरान आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। डीएम, एसपी ने फुटपाथ पर ठेले लगाकर खाद्य सामिग्री की बिक्री करने वाले दुकानदारों को साफ-सफाई रखने व क्वालिटी अच्छी रखने के लिये निदेशित किया। इस दौरान डीएम, एसपी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भारी पुलिस बल देखकर दो पहिया वाहन चालक रोड छोड़ते नजर आये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विश्व क्षत्रिय परिषद के तत्वाधान में हुआ शस्त्र पूजन

शस्त्र पूजन के दौरान सुलक्षणा सिंह व मौजूद समाज के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व क्षत्रिय परिषद महिला वीरांगना सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेकपुर कला स्थित आवास पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाप्त ज्ञानेन्द्र सिंह छोटे के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि का फूल माला से स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा लंका पर विजय का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में मनाया गया। सभी सजातीय बंधुओं ने अपने-अपने अशस्त्र व शस्त्रों का पूजन किया। कैप्टन सिंह, दिलीप सिंह राठौर ने कहा कि क्षत्रिय समाज को अपने जीवन को उच्च बनाने व भगवान राम के आदर्शों पर चलने का मार्ग चुनना चाहिए। हम सभी को अपनी संस्कृति व सनातन धर्म को बचाने के लिए व्रत लेना चाहिए। सुलक्षणा सिंह ने कहा कि नारी शक्ति को माता सीता के उच्च आदर्शो पर चलना चाहिए। बेटियों के शिक्षा व स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। समाज में फैली बुराईयों से दूर रहकर समाजिक दायित्वों को निभाना चाहिए।

लल्ला चौहान, अजीत भदौरिया, धीरेन्द्र सिंह रजावत, अजय सिंह, सुबोध सिंह, विजय सिंह, अरविन्द सिंह, अंशुल राणा, अभय सिंह, कार्तिकेय परमार, संजय चौहान आदि लोग मौजूद रहे। संचालन करते हुए धन्यवाद डॉ. एके सिंह ने ज्ञापित किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 836/1-30 निविदा/2024-25 दिनांक 14/10/2024

-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में हॉट कुक्ड योजना के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक-फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 23/10/2024 समय 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 23/10/2024 सायंकाल 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 2 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/ नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रुप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के समक्ष अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। आपूर्ति से संबंधित अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर पत्रावली पर देखी जा सकती है।

क्रम सं0	कार्य का नाम	आगणन अनु0लागत (जी0एस0टी0 सहित)	निविदा मूल्य + जी0एस0टी0	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	कार्य पूर्ण का समय
1	हॉट कुक्ड मील योजनान्तर्गत 178 आंगनवाड़ी केंद्रों पर बर्तन वितरण हेतु। 3218 थाली 10.5 इंच, 3218 कटोरी (70 ग्राम/200 एम0एल0), 3218 ग्लास (70 ग्राम/200 एम0एल0), 3218 चम्मच आईएसआई मार्क स्टेनलेस स्टील मेक आपूर्ति हेतु।	427994.00	531.00	8560.00	01 माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न देशों से अपील करते हुए कहा

भारत की प्रतिभाओं का लाभ ले दुनिया

एजेंसी

नयी दिल्ली । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न देशों से आज अपील किया कि वे भारत की प्रतिभाओं एवं युवा जनशक्ति का अपने यहां विकास के लिए लाभ लें।

डॉ जयशंकर ने यहां सुषमा स्वराज भवन में प्रवासी श्रमिकों के कानूनी एवं सुरक्षित प्रवासन के लिए विदेश मंत्रालय के विदेशी रोजगार प्रभाग द्वारा विकसित पोर्टल 'इमाइग्रेट' के नये संस्करण के अनावरण के मौके पर यह अपील की। इस मौके पर केन्द्रीय श्रम, रोज़गार, खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गरीटा भी उपस्थित थे। डॉ जयशंकर ने कहा कि पिछले साल ही सुरक्षित और कानूनी प्रवासन चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय के अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने सुरक्षित जाएं, संरक्षित जाएं आदर्श वाक्य के साथ एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था। आज का कार्यक्रम उस भावना को दर्शाता है क्योंकि यह जीवन को आसान बनाने और जन केंद्रित शासन को बढ़ाने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है।

ई-माइग्रेट पोर्टल का शुभारंभ भारतीय श्रमिकों के लिए एक सुरक्षित, अधिक पारदर्शी और समावेशी गतिशीलता बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों का एक प्रमाण है और हमारे नागरिकों के हितों की रक्षा के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ईमाइग्रेट पोर्टल उसी सोच का परिणाम है जिसमें श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय का नेशनल कैरियर पोर्टल और माई भारत पोर्टल भी जुड़ा है। इससे दुनिया के अन्य देशों को भी भारत की प्रतिभाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। ईमाइग्रेट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप में डिजीलॉकर, करीब छह लाख कॉमन सर्विस सेंटरों, भाषिणी अनुवाद सेवा, उमंग पोर्टलों को जोड़ा गया है।

ई-माइग्रेट पोर्टल प्रवासी श्रमिकों के लिए अवसरों के द्वार खोल रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि जबकि हम भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रतिष्ठा में अपने प्रवासी श्रमिकों के अमूल्य योगदान को पहचानते हैं, हमें उन कमजोरियों को भी स्वीकार करना चाहिए जिनका वे विदेशी भूमि पर सामना करते हैं। हमारे मिशनों, विशेष रूप से खाड़ी में मिशनों में समर्पित श्रमिक अताशे हैं जो श्रम और अन्य शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि संशोधित ई-माइग्रेट पोर्टल में उनके सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए 24 गुणा 7 बहुभाषी हेल्पलाइन नंबर भी हैं, जिनके लिए कभी-कभी तत्काल समाधान की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल एवं मोबाइल ऐप प्रवासी श्रमिकों के लिए अवसरों के द्वार खोल रहा है। भारत सरकार ने उनके लिए रोज़गार के अवसरों के साथ सुरक्षित एवं प्रशिक्षित प्रवासन के सभी उपाय भी मुहैया कराये हैं। विदेश मंत्री ने इस मौके पर मौजूद विदेशी राजनयिकों से अपील की कि वे अपने अपने देशों के विकास की यात्रा में भारत की प्रतिभाओं एवं परिश्रमी युवाओं के कौशल का लाभ उठायें। उन्होंने सभी पक्षकारों से ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोग की भी अपील की। श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत के युवाओं को ना केवल देश में बल्कि विश्व भर में रोज़गार के अवसर सुलभ कराने का संकल्प लिया है।

रणजी ट्रॉफी 2024-25 तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को पारी व 70 रन से हराया

कोयंबटूर। गुरजपनीत सिंह ने स्वप्निल पदार्पण करते हुए शानदार छह विकेट (14-5-22-6) हासिल किए, जिसकी बदौलत तमिलनाडु ने सोमवार को श्री रामकृष्ण कॉलेज मैदान पर खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दौर में सौराष्ट्र पर पारी और 70 रन की शानदार जीत दर्ज की। मैच में सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 203 रन बनाए। सौराष्ट्र के लिए अर्पित वसावडा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलते हुए शानदार 62 रन बनाए। वसावडा के अलावा चिराग जानी ने 34, शेल्डन जैक्शन और कप्तान जयदेव उनादकट ने 21-21 रन बनाए। तमिलनाडु के लिए सोनू यादव, एम. मोहम्मद और कप्तान साई किशोर ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में तमिलनाडु ने नारायन जगदीशन (100) के शतक और साई सुदर्शन (82) के बेहतीन अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 367 रन बनाए और 164 रनों की बढ़त हासिल की।

अंकलेश्वर ड्रग्स केस में पांच लोग गिरफ्तार

पांच हजार करोड़ का कोकीन उत्पादन करने वाली कंपनी पर कार्रवाई

एजेंसी

अंकलेश्वर । यहां औद्योगिक क्षेत्र अंकलेश्वर के आवकार ड्रग्स नामक कंपनी से 5 हजार करोड़ रुपये कीमत की कोकीन जब्ती मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार देर रात कंपनी के 3 निदेशकों समेत कुल 5 लोगों को पकड़ा है। इन सभी को सोमवार सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। पकड़े गए कंपनी के निदेशकों में अश्विनी रामाणी, ब्रिजेश कोठिया, विजय भेसाणिया तथा दो केमिस्ट्स हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

दिल्ली में पकड़े गए ड्रग्स मामले की जांच गुजरात के भरुच जिले के अंकलेश्वर तक पहुंच गई है। अंकलेश्वर की आवकार फार्म कंपनी से ड्रग्स की सामग्री भेजे जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके आधार पर गुजरात और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चला कर जीवन रक्षक दवाएं बनाने की आड़ में कोकीन बनाने की फैक्टरी को पकड़ा। यहां से 5 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। इस मामले में अंकलेश्वर में किसी तरह की प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। दिल्ली में जो प्राथमिकी दर्ज है, उसी अपराध में अंकलेश्वर से 5 आरोपित पकड़े गए हैं। अंकलेश्वर कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड लेने के बाद इन आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

इसके पहले भी अंकलेश्वर से ड्रग्स बनाने की फैक्टरी कई बार पकड़ी जा चुकी है। इससे पूर्व 1 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के वेयर हाउस पर छापेमारी कर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा समेत बड़ा पार्सल जब्त किया था। इसके बाद 10 अक्टूबर, 2024 को जांच के दौरान इसी केस में रमेश नगर की एक दुकान से 208 किलो कोकीन पकड़ी गई थी।

दिल्ली केस में जांच के दौरान पता चला है कि ये सभी मादक पदार्थ फार्मा सॉल्युशन सर्विस नामक कंपनी का है, जो कि गुजरात के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र की आवकार ड्रग्स लिमिटेड फैक्टरी से आया है। जांच एजेंसी के अनुसार इस समग्र केस में अब तक 1289 किलो कोकीन और 40 किलो थाई गांजा मिला है। इसकी कुल कीमत 13 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। एजेंसियों के मुताबिक यह सारा मादक पदार्थ इस साल की दिवाली और नए साल 2025 के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र समेत दूसरे राज्यों में सप्लाई किया जाना था। जांच में यह भी पता चला कि जीवन रक्षक दवा बनाने वाली फार्मा कंपनियां जॉब वर्क लेकर ड्रग्स का उत्पादन करती हैं।

कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों को जांच के दायरे में लाने पर भारत सख्त

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों को एक मामले में जांच से जोड़े जाने पर बेहद कड़ा रूख अपनाया है। इसके लिए सीधे तौर पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर जिम्मेदार ठहराते हुए भारत ने चेतावनी दी है कि उसके पास इस मामले में आगे कदम उठाने के पूरे अधिकार हैं।

कनाडा ने राजनयिक माध्यम से भारत को कल जानकारी दी थी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में 'रुचि के व्यक्ति' हैं। इस पर आज करारा जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री लगातार भारत पर उसके नागरिक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले पर आरोप लगा रहे हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत की ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडाई सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साक्ष्य में है। उनकी हरकतों से पता चलता है कि यह उनकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची-समझी रणनीति है। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाला यह नवीनतम घटनाक्रम अब उसी दिशा में अगला कदम है। वक्तव्य में कहा गया है कि यह कोई संयोग नहीं है कि यह तब हो रहा है जब प्रधानमंत्री ट्रूडो को विदेशी हस्तक्षेप पर एक आयोग के सामने पेश होना है। यह भारत विरोधी अलगाववादी एजेंडे को भी पूरा करता है जिसे ट्रूडो सरकार ने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लगातार बढ़ावा दिया है। उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया गया है जो भारत के संबंध में खुले तौर पर चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हैं। दिसंबर 2020 में भारतीय आंतरिक राजनीति में उनके खुले हस्तक्षेप से पता चला कि वह इस संबंध में कितनी दूर तक जाने को तैयार थे। इसमें कहा गया है कि भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा 36 वर्षों के प्रतिष्ठित करियर के साथ भारत के सबसे वरिष्ठ सेवारत राजनयिक हैं। वह जापान और सूडान में राजदूत रहे हैं, जबकि इटली, तुर्किये, वियतनाम और चीन में भी कार्यरत रहे हैं।

धर्मेंद्र प्रधान आज तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र शुरू करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा, कृषि और संधारणीय शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र शुरू करेंगे। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इन तीन सीओई का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप के साथ मिलकर शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। वे इन तीन क्षेत्रों में अंत:विषय अनुसंधान करेंगे, अत्याधुनिक अनुप्रयोग विकसित करेंगे और स्केलेबल समाधान तैयार करेंगे। इस पहल का उद्देश्य एक प्रभावी एआई पारिस्थितिकी तंत्र को सक्रिय करना और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधनों का पोषण करना है। भारत में एआई बनाएं और एआई को भारत के लिए काम करने लायक बनाएं÷ के विजन के तहत, इन केंद्रों की स्थापना की घोषणा 2023-24 के बजट घोषणा के पैरा 60 के तहत की गई थी।

अमेजन इंडिया के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने यूपी में फेस्टिव शॉपिंग को दिया बढ़ावा

प्रीमियम, हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स ग्रोथ चार्ट में हैं सबसे ऊपर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । पूरे भारत में फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में अमेजन इंडिया ने उत्तर प्रदेश में खरीदारी में वृद्धि दर्ज की है, जो परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण से प्रेरित है। राज्य त्योहार के उत्सव में डूब चुका है, उपभोक्ता हैंडक्राफ्टेड एथनिक वियर, स्वादिष्ट व्यंजनों, वेलनेस उत्पादों, स्मार्टफोन और अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे अद्वितीय उत्पादों को खरीदने के लिए डिजिटल भुगतान को अपना रहे हैं।

यह फेस्टिव शॉपिंग न केवल उपभोक्ताओं की विकसित होती प्राथमिकताओं को रेखांकित करता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक और एक प्रमुख बाजार के रूप में अमेजन की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है, जो भारतीय दुकानदारों की विविध जरूरतों को पूरा करता है। सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट, कैटेगरी, अमेजन इंडिया, ने कहा इस त्योहारी सीजन में, हम पूरे उत्तर प्रदेश में खरीदारी के पैटर्न में विरासत और आधुनिकता का एक आकर्षक मिश्रण देख रहे हैं। उपभोक्ता उत्साहपूर्वक डिजिटल भुगतान को अपना रहे हैं, एथनिक वियर में उल्लेखनीय 1.5 गुना वृद्धि और कीमती गहनों की बिक्री में 1.7 गुना वृद्धि के साथ ग्राहक अपनी जड़ों से भी जुड़े हुए हैं। वेलनेस और लाइफस्टाइल अपग्रेड पर भी लोगों का ध्यान पहले से ज्यादा बढ़ा है।

खबरें एक नजर में

फास्ट ट्रैक चलाया जाएगा बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले में किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही महाराष्ट्र में अन्य राज्य के बदमाशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हमारे करीबी थे। सिद्दीकी पहले कांग्रेस में थे और कई विभागों का राज्यमंत्री पद उन्होंने संभाला था। इसके बाद सिद्दीकी राकांपा अजीत पवार गुट में शामिल हो गए थे। शनिवार रात बांद्रा में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले की छानबीन तेजी से चल रही है। तीन आरोपित पकड़े गए हैं और तीन फरार आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एकनाथ शिंदे ने ने कहा कि इस मामले में विपक्ष दोहरा मापदंड अपना रहा है। विपक्ष ने बदलापुर मामले के आरोपित को सरेआम फांसी देने की मांग की थी लेकिन जब आरोपित एनकाउंटर में मारा गया तो विपक्ष एनकाउंटर के विरुद्ध बोलने लगा था।

सेना प्रमुख जापान की चार दिन की यात्रा पर

नयी दिल्ली। थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को जापान की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गये। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा में शामिल होंगे। मंगलवार को वह इचिगया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत में शामिल होंगे।

चिराग पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने श्री पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब श्री पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे। यह निर्णय श्री पासवान पर खतरे की बढ़ती आशंका की रिपोर्ट को देखते हुए लिया गया है, हालांकि अभी सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। श्री पासवान को इससे पहले एसएसबी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी।

रिलायंस अस्पताल में उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी सर्जरी

मुंबई। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को सोमवार सुबह गिरगांव में स्थित रिलायंस हरकिशन दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में आज ही उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार उद्धव ठाकरे को पिछले दो दिनों से तकलीफ हो रही थी। इसी वजह से आज सुबह वे रिलायंस अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए। अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। इसके बाद एंजियोग्राफी की रिपोर्ट ब्लाकेज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उद्धव ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। अब उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उद्धव ठाकरे की इससे पहले 2012 में लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीब 12 साल बाद दोबारा उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है।

गृह मंत्री अमित शाह आज आईपीएस प्रोबेशनर्स से करेंगे संवाद

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को नई दिल्ली में 76 आरआर (2023 बैच) के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रोबेशनर्स के साथ बातचीत करेंगे। बातचीत के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी केंद्रीय गृह मंत्री के साथ अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में युवा पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए गृह मंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। भारतीय पुलिस सेवा के 2023 बैच में 54 महिला अधिकारियों सहित कुल 188 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बेसिक कोर्स प्रशिक्षण चरण-1 पूरा कर लिया है। दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के साथ दो सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद आईपीएस प्रशिक्षु अधिकारी अपने संबंधित संवर्गों में 29 सप्ताह का जिला व्यावहारिक प्रशिक्षण लेंगे।

दिल्ली की सीएम आतिशी ने पीएम मोदी से की मुलाक़ात

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। सुश्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी मुलाक़ात की तस्वीर को साझा करते हुए कहा, 卐आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं राजधानी की तरक्की और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।卐 उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 21 सितंबर को सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह कालकाजी विधानसभा से विधायक हैं और दिल्ली सरकार के कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में हरित प्रौद्योगिकी का योगदान अहम : बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं असेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज ÷ शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर सभा को संबोधित किया । बिरला ने वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा । उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है । बिरला ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से कहा कि देशों की संसद साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए किया जा सके । जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड (ओएसओडब्ल्यूजी) की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिरला ने गर्व के साथ कहा कि भारत में स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान

एजेंसी

इस्लामाबाद । चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग आज पाकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर रावलपिंडी पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनका स्वागत किया। शहबाज शरीफ ने कहा कि चीनी समकक्ष की यात्रा देश के लिए उपयोगी साबित होगी। उल्लेखनीय है कि क्यांग 15-16 अक्टूबर को 23वें शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

डॉन समाचार पत्र के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री का रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर शहबाज शरीफ ने स्वागत किया। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस अवसर पर उप प्रधानमंत्री इशाक डार, आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी, योजनामंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार और अन्य शीर्ष सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस शिखर सम्मेलन के मद्देनजर इस्लामाबाद में तीन दिन की सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की गई है। स्कूल और व्यवसाय बंद हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। इससे पहले पाकिस्तान के सूचनामंत्री तरार जानकारी दे चुके हैं कि चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग अपनी पाकिस्तान की यात्रा के दौरान ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। ग्वादर एयरपोर्ट बलूचिस्तान प्रांत में बना है। यह चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है। चीन ने इसकी फंडिंग की है। इसका उद्घाटन इसी साल 14 अगस्त को होने वाला था। तब बलूच आंदोलन की वजह से इसे टाल दिया गया था। चीन इस एयरपोर्ट के निर्माण में 246 मिलियन डॉलर (लगभग 2000 करोड़ भारतीय रुपये) खर्च कर चुका है। ग्वादर एयरपोर्ट करीब चार हजार एकड़ में फैला है। इस पर केवल एक रन-वे होगा। इसका इस्तेमाल घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए होगा। चीन, पाकिस्तान के अलावा नेपाल, कंबोडिया, जिम्बाब्वे और श्रीलंका में भी ऐसे एयरपोर्ट्स बना चुका है।

पूर्वी तट पर विकसित होगा नया मिसाइल परीक्षण रेंज

एजेंसी

माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में भी युद्धाभ्यास स्थापित की जाएगी

नई दिल्ली। एक तरफ भारत नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सेना भी लगातार अपने फायरिंग रेंज की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा सेना ने माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू की है।

डीआरडीओ रक्षा बलों के लिए बड़ी संख्या में हथियार प्रणालियों को विकसित करने के उन्नत चरण में है, जिसमें बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, वर्टिकल लॉन्च की गई छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और सामरिक डोमेन में कई अन्य प्रणालियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसके अनुसार नई मिसाइल रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नई मिसाइल परीक्षण रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा। सीसीएस ने पिछले सप्ताह इसी बैठक में अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने और भारतीय नौसेना के लिए दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण को भी मंजूरी दी थी। डीआरडीओ इन परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा। भारतीय नौसेना को दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। यह सौदा लंबे समय से अटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी, क्योंकि यह पानी के भीतर क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी।

बैठक में अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं के साथ-साथ बलों के लिए सड़कें बनाने के प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा भारतीय सेना माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में 545 वर्ग किलोमीटर में फैले एक विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करेगी। इसका उपयोग एकीकृत युद्ध समूहों, स्ट्राइक कोर, लड़ाकू विमानन ब्रिगेड, रॉकेट फोर्स के अभ्यास के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में फैला हुआ अबूझमाड़ 4,000 वर्ग किलोमीटर में फैला वन क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 07 अगस्त को नारायणपुर जिला प्रशासन से अबूझमाड़ के जंगलों के अंदर सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए 54,543 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने को कहा है। पत्र में कहा गया था कि अबूझमाड़ के जंगलों में रेंज की स्थापना जिले के ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में की जाएगी।

चीन से गतिरोध के बीच उत्तरी सीमा पर भारतीय सेना ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक नई उच्च ऊंचाई वाली पहली फायरिंग रेंज स्थापित की है। यह युद्धाभ्यास रेंज सामरिक युद्ध अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें दुश्मन के टैंकों से बचाव जैसी हमला रणनीति शामिल है। सैन्य अभ्यास करने के लिए जमीन के एक बड़े टुकड़े की आवश्यकता होती है, यही वजह है कि युद्धाभ्यास रेंज का उपयोग किया जाता है।

एकता की तलाश करने वाले टूटे समुदायों की कहानी दर्शाती है बंदा सिंह चौधरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद, एक नई लड़ाई उभरी - जिसने भारत के मूल ढांचे को खतरे में डाल दिया। इन सबमें पंजाब बढ़ते सांप्रदायिक तनाव का केंद्र बन गया, जहाँ हिंदू और सिख समुदाय हिंसा से अलग हो गए, और छाया में छिपे पाकिस्तान की आईएसआई ने कलह की आग को हवा दी।

बंदा सिंह चौधरी राजनीतिक उथल-पुथल की एक और कहानी नहीं है - यह वफ़ादारी और राष्ट्र की आत्मा की रक्षा के लिए लड़ाई की एक दिल दहला देने वाली गाथा है। अराजकता के बीच एकता की तलाश करने वाले टूटे हुए समुदायों की कहानी को दमदार तरीके से दर्शाती है यह फिल्म।

शानदार अभिनय और एक मनोरंजक कहानी के साथ, बंदा सिंह चौधरी दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होने वाला है। जब यह फिल्म 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आएगी, तो एक ऐसी कहानी के लिए खुद को तैयार रखें जो इतिहास से परे है, एकता और राष्ट्र के लिए दिल से लड़ने का क्या मतलब होता है, यह आपको फिल्म के है सीन में दिखेगा। अरबाज खान प्रोडक्शन, सीमलेस प्रोडक्शंस एलएलपी और अक्स मूवीज एंड एंटरटेनमेंट के सहयोग के बैनर तले बनी फिल्म बंदा सिंह चौधरी जिसका निर्माण अरबाज खान और मनीष मिश्रा ने किया है।